

# दैनिक भरोसा मित्र

धनखड़ ने 5 अक्टूबर को बुलाई .....

पेज- 8

ना इधर की ना उधर की बात सिर्फ भरोसे की



विकास कार्य के पहिये को और गति दी जाएगी .....

पेज- 5

■ वर्ष:1 ■ अंक: 19 ■ मूल्य: 3 ■ पृष्ठ: 08 ■ प्रधान संपादक: सुमित सैनी ■ गुरुग्राम ■ बुधवार ■ 28 सितंबर 2023 ■ Title Code : HARBIL019117


# भारत को आठ पदक मिले, निशानेबाज अनंत ने जीता रजत

**हांगझोऊ, एजेंसी**

एशियाई खेल 2023 में भारत को अपने निशानेबाजों से आज कुछ और पदकों की आस होगी। प्रतियोगिता के पहले दिन भारत को पांच, दूसरे दिन छह और तीसरे दिन तीन पदक मिले। कुल 22 पदकों के साथ भारत पदक तालिका में छठे स्थान पर है। इसमें पांच स्वर्ण, सात रजत और 10 कांस्य पदक शामिल हैं। आज शूटिंग में दो स्वर्ण, तीन रजत और दो कांस्य पदक मिले। अनंत सिंह ने शूटिंग में देश को एक और पदक दिलाया है। उन्होंने 60 में 58 शॉट सही निशाने पर लगाए और रजत पदक अपने नाम किया। वहीं, कुवैत के अबदुल्लाह अलरसीदी ने विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए 60 में 60 सही निशाने लगाए और स्वर्ण पदक हासिल किया। एशियन गेम्स में हरियाणा के खिलाड़ियों का जलवा बरकरार है। झज्जर के दो खिलाड़ियों ने अपना परचम लहराया है। मनु भाकर, ईशा सिंह, रिद्दम सिंह की टीम ने 25 मीटर रेपिड पिस्टल में गोल्ड मैडल जीता है। टीम की जीत पर परिवार में खुशी का माहौल है। तलवारबाजी में भारतीय महिला टीम ने शानदार प्रदर्शन किया है। मैच में पिछड़ने के बावजूद भारत ने जॉर्डन को 45-36 से हराया। भारतीय टीम ने क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है और सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए दक्षिण कोरिया से खेलेगी। गौरतलब है कि 2018 एशियाई खेलों में भारतीय दल ने 570 सदस्यीय मजबूत दल से 80 पदक अर्जित करके एशियाड में अपना सबसे ज्यादा पदक का रिकॉर्ड बनाया था।

## कौन हैं मनु भाकर



मनु झज्जर के गांव गोरिया की रहने वाली हैं। उनके पिता राम किशन भाकर मर्चेंट नेवी में वर्किंग हैं। शूटिंग से पहले मनु खुद को कराटे, थांग टा, टांता, स्केटिंग, स्वीमिंग और टेनिस में आजमा चुकी हैं। कराटे, थांग टा और टांता में मनु नेशनल मेडलिस्ट हैं। टांता में 3 बार की नेशनल चैंपियन है। स्केटिंग में स्टेट मेडल जीता। स्कूल में स्वीमिंग और टेनिस खेला। वह पिछ्ले 7 साल से शूटिंग कर रही हैं। वह ओलिंपिक 2020 का हिस्सा रह चुकी हैं। सिर्फ 16 साल की उम्र में साल 2018 के कॉमनवेल्थ गेम्स में हिस्सा लेकर 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में मनु ने गोल्ड मेडल जीता था। 2018 आईएसएसएफ वर्ल्ड कप में मनु ने 2 स्वर्ण पदक जीते थे। ऐसा करने वाली वह सबसे कम उम्र की भारतीय महिला खिलाड़ी हैं।

## सुमित नांगल का जलवा



एशियन गेम्स में भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल एकल के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में सफल रहे हैं। मंगलवार शाम को उनकी जीत के साथ ही परिवार में खुशी का माहौल हैं। वह झज्जर के जैतपुर गांव के रहने वाले हैं।

उनके पिता सुरेश नागल ने भी खुशी जाहिर की है। परिवार को भी पूरी उम्मीद है कि सुमित एशिया खेल में गोल्ड मैडल जीतकर आएगा।

# पानीपत में अराजकता का राज: अनुराग ढांडा

**भरोसा मित्र**



**पानीपत ।** आम आदमी पार्टी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनुराग ढांडा ने बुधवार को प्रेसवार्ता की। इससे पूर्व अधिवक्ता संवाद सम्मेलन में शामिल हुए और अधिवक्ताओं को 10 अक्टूबर को होने वाले लोकतंत्र मार्च का निमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि आजकल पानीपत में अराजका का राज है, कानून व्यवस्था पूरी तरह से चौपट है। पानीपत में पिछले दिनों किस तरीके से गैंगरेप की घटना हुई और एक महीला को पीट पीटकर मौत के घाट उतार दिया, लेकिन सीनियर अधिकारियों को जिम्मा सौंपने के बाद भी अभी तक पुलिस के हाथ खाली हैं। लेकिन ऐसा कैसे हो सकता है क्योंकि यदि पुलिस चाहे तो मुजरिम को जुर्म करने से पहले पकड़ सकती है, सारी सुचनाएं पुलिस के पास होती हैं कि कौन सा गैंग जिले में सक्रीय है और कौन सा नहीं है। क्या ये गैंग या अपराधी राजनीतिक संरक्षण में काम कर रहे हैं? उन्होंने कहा कि आए दिन हरियाणा में ऐसी घटनाएं हो रही हैं। 25 सितंबर को सोनीपत में नर्सिंग छात्रा को गोली मार दी गई, 24 सितंबर को हिसार में ठेकेदार का अपहरण करके पीटा, 23 सितंबर को अंबाला में 45 लाख रुपए की लूट हुई, 23 सितंबर को ही पलवल में दबंगों ने दलित को तार जोड़ने को खंभे पर चढ़ाया, जिससे उसकी करंट से मौत हो गई और इसी दिन पटौदी के धारूहेड़ा में अपहरण कर युवक को पीट पीटकर मार डाला गया ।

# कभी विदेशी निवेशकों को धमकी दी जाती, गुजरात मत जाना: मोदी



**अहमदाबाद, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को अहमदाबाद के साइंस सिटी में वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट के 20 साल पूरे होने पर आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट के 20 साल के सफर को याद करते हुए तत्कालीन केंद्र सरकार पर सहयोग नहीं करने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि आज दुनिया वाइब्रेंट गुजरात की सफलता देख रही है, लेकिन वाइब्रेंट गुजरात का आयोजन ऐसे माहौल में किया गया था, जब तत्कालीन केंद्र सरकार गुजरात के विकास को लेकर बेरुखी दिखाती थी। इस दौरान राज्य के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने पीएम मोदी का स्वागत किया। मोदी ने कहा कि तत्कालीन सरकार के केंद्रीय मंत्रियों ने इस कार्यक्रम में भाग लेने से मना कर दिया और विदेशी निवेशकों को गुजरात में निवेश नहीं करने की धमकी दी।लेकिन फिर भी, निवेशक आए और उनके लिए कोई प्रोत्साहन नहीं दिया गया था। निवेशक केवल सुशासन, निष्पक्ष शासन, विकास के समान वितरण और पारदर्शी सरकार के कारण आए।

मोदी ने पूर्ववर्ती केंद्र सरकार पर गुजरात की प्रगति को राजनीति के चश्मे से देखने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि तब केंद्रीय मंत्री मुझसे कहते थे कि वह निश्चित रूप से कार्यक्रम में आएंगे। पता नहीं पीछे से डंडा चलता था, बाद में वो मना कर देते थे। उन्होंने कभी सहयोग नहीं किया, वे बाधाएं पैदा करते थे।

पीएम ने कहा कि 20 साल पहले हमने एक छोटा सा बीज बोया था। आज वो एक विशाल और वृहद वाइब्रेंट वटवृक्ष बन गया है। हम गुजरात के पुनर्निर्माण ही नहीं, बल्कि उससे आगे की सोच रहे थे। वाइब्रेंट गुजरात को हमने इसका प्रमुख जरिया बनाया। ये गुजरात का आत्मविश्वास बढ़ाने और दुनिया के साथ आंख से आंख मिलाकर बात करने का माध्यम बन गया।भारत में मौजूद अलग अलग सेक्टर्स की असीमित संभावनाओं को दिखाने का जरिया बना। ये भारत के टैलेंट को देश के अंदर इस्तेमाल करने का माध्यम बना। ये भारत की दिव्यता, भव्यता और सांस्कृतिक विरासत को विश्व को दिखाने का एक माध्यम बन गया।

खालिस्तानी आतंकवाद के खिलाफ एनआईए की...

# यूपी-हरियाणा समेत छह राज्यों में छापेमारी

### पंजाब में एक की गिरफ्तारी, पचास से ज्यादा जगह चल रहा है छानबीन का अभियान

**नई दिल्ली, एजेंसी**

राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने खालिस्तान आतंकवाद के खिलाफ दिल्ली एनसीआर, यूपी, उत्तराखंड व हरियाणा समेत छह राज्यों में छापेमारी शुरु करके पचास से ज्यादा ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाया है। एनआईए ने पंजाब के फिरोजपुर से सूचीबद्ध आतंकवादी अर्शदीप डल्ला के करीबी सहयोगी जोन्स उर्फ जोरा नाम के एक व्यक्ति को अपनी हिरासत में भी लिया गया है।

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के खालिस्तानी समर्थक और आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की मौत पर एक बयान की वजह से खालिस्तान आतंकवाद को प्रोत्साहन मिला है। इस बयान के बाद भारत और कनाडा के बीच तल्खी बढ़ी, लेकिन खालिस्तानी समर्थकों के खिलाफ भारत सरकार एक्शन मोड में हैं। देश की एकता और अखंडता के विरुद्ध आवाज उठाने वाले लोगों पर नकेल कसने के लिए सरकारी जांच एजेंसी एनआईए लगातार कार्रवाई कर रही है। बुधवार को राष्ट्रीय जांच एजेंसी यानी एनआईए की टीमों ने सुबह एनसीआर दिल्ली, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, राजस्थान में पचास से भी ज्यादा ठिकानों पर छापेमारी शुरु की। एनआईए की यह कार्रवाई आतंकियों, ड्रग्स डीलर्स और गैंगस्टर्स के बीच सांठगांठ को खत्म करने के लिए अभी तक लगातार जारी है। इन छापेमारी के दौरान एनआईए ने पंजाब से आतंकवादी अर्शदीप डल्ला के करीबी जोन्स उर्फ जोरा नाम के एक व्यक्ति को अपनी हिरासत में लिया है। खालिस्तानी आतंकवादियों, समर्थकों और संबंधित प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े संदिग्धों के ठिकानों पर तलाशी अभियान के तहत एनआईए की एक टीम दिल्ली में यादविंदर उर्फ जशनप्रीत के घर भी पहुंची है। बताया जाता है कि उनके बैंक खातों में विदेश से किए गए संदिग्ध लेनदेन थे। इस संबंध में उससे पूछताछ की जा रही है।




### रोहतक में मोस्ट वांडेड के घर छापा

एनआईए की टीम बुधवार अल सुबह रोहतक के गांव रिटौली पहुंची और मोस्ट वांटेड हिमांशु उर्फ भाऊ व उसके साथी साहिल के ठिकानों पर छापा मारा। टीम दोनों के घर सर्च अभियान चला रही है। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक हिमांशु उर्फ भाऊ रोहतक जिले के गांव रिटौली का रहने वाला है। वह 2020 से ही फरार चल रहा है। एनआई उनके सहयोगियों के घर भी पहुंची।

### अर्श डल्ला की भूमिका

सूत्रों ने कहा है कि सूचीबद्ध आतंकवादी अर्शदीप डल्ला कथित तौर पर खालिस्तान टाइगर फोर्स (केटीएफ) का संचालन कर रहा है। वह पाकिस्तान से भारत में ड्रग्स और हथियारों की आपूर्ति का प्रबंधन कर रहा है। वह भारत में राष्ट्रविरोधी गतिविधियों को अंजाम देने में अपने सहयोगियों की मदद भी कर रहा है। डल्ला का एक विशाल नेटवर्क है जिसे वह भारत के भीतर और बाहर दोनों जगह चलाता है। हालाँकि उसके सहयोगी सलाखों के पीछे हैं, फिर भी वे जबरन वसूली में शामिल हैं। जबरन वसूली से प्राप्त धन को या तो विदेशों में भेजा जाता है या पाकिस्तान से हथियार, आईईडी और ड्रग्स खरीदने के लिए उपयोग किया जाता है।

# बिना निमंत्रण के आईएनडीआईए का हिस्सा नहीं बनेंगे: अभय चौटाला



**भरोसा मित्र**

**चंडीगढ़।** इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला ने हाल ही में बने आईएनडीआईए गठबंधन पर सवालों की झड़ी लगा दी है।उनका कहना है कि इस गठबंधन में शामिल होने के लिए अभी तक उनकी पार्टी को कोई निमंत्रण नहीं मिला है। वह बिना निमंत्रण के गठबंधन का हिस्सा नहीं बनेंगे। बता दें कि राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला की पिछले साल फतेहाबाद में हुई जिस रैली में आईएनडीआईए गठबंधन की रूपरेखा तैयार हुई थी, उस पर इनेलो ने सवाल उठाने शुरू कर दिए हैं। सोमवार को इनेलो पूर्व उप प्रधानमंत्री ताऊ देवीलाल की 110वीं जयंती पर कैथल में राज्यस्तरीय रैली कर अपनी ताकत दिखा चुकी है।

अभय चौटाला ने भाजपा और कांग्रेस समेत राष्ट्रीय पार्टियों पर सवाल खड़े करते हुए क्षेत्रीय दलों की एकजुटता का नया पैंतरा फेंका है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पार्टियां किसी सूरत में नहीं चाहती कि क्षेत्रीय दल कामयाबी की तरफ बढ़ें। इसलिए देश भर के सभी क्षेत्रीय दलों को इकट्ठा होकर भाजपा व कांग्रेस के विरुद्ध एक तीसरा मोर्चा बनाने की जरूरत है। अभय के इस पैंतरे के बाद देश में भाजपा के विरुद्ध बने के आईएनडीआईए गठबंधन गठन पर प्रश्नचिन्ह लग गया है। इस अलायंस में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी समेत कई राष्ट्रीय दल शामिल हैं। अभय ने लगे हाथ यह भी स्पष्ट कर दिया कि ताऊ देवीलाल के जयंती समारोह में उनकी पार्टी ने आम आदमी पार्टी को निमंत्रण नहीं दिया था, इसलिए उनके किसी प्रतिनिधि के आने का सवाल ही नहीं था। इनेलो ने कांग्रेस नेताओं को जरूर कैथल रैली में आने का न्योता दिया था, लेकिन वह क्यों नहीं आए, इस बारे में कांग्रेस नेताओं से ही जवाब लिया जाना चाहिए। अभय चौटाला ने कहा कि इस बात को सभी मानते हैं कि ताऊ देवीलाल के जयंती समारोह की रैली में पिछले साल आईएनडीआईए अलायंस की नींव पड़ी थी। लेकिन अब वे क्षेत्रीय पार्टियों को नजरअंदाज कर रहे हैं। ऐसे में क्षेत्रीय दलों को अपने राजनीतिक आधार को मजबूत करने के लिए हर राज्य में एकजुटता बनाने की जरूरत है।

# असम व मेघालय के दो पक्षों में झड़प

**शिलोंग,एजेंसी**

असम-मेघालय अंतरराज्यीस सीमा से सटे एक गांव में झड़प हो गई। इस दौरान दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर जमकर हमला किया। इतना ही नहीं, हमला करने के लिए गुलेल और तीर का इस्तेमाल किया गया।मेघालय के पश्चिम जयंतिया हिल्स जिले और असम के पश्चिम कार्बी अंगलोंग जिले से सटे गांव लापंगाप में यह झड़प हुई है। हालांकि, किसी के घायल होने की कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

दोनों राज्यों की पुलिस को जब सूचना मिली तो वह मौके पर पहुंची। घटनास्थल का दौरा कर स्थानीय लोगों को शांत कराया। उसके बाद हालात सामान्य हुए। बताया जा रहा है कि फिलहाल गांव में शांति है, लेकिन बुधवार सुबह माहौल तनावपूर्ण रहा। दरअसल, पुलिस ने लोगों को झड़प वाली जगह पर जाने से रोक दिया है।

# सांसद बृजभूषण का भिवानी में किया स्वागत

**भिवानी।** भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष एवं सांसद बृजभूषण शरण सिंह बुधवार को भिवानी के गांव नौरंगाबाद पहुंचे। वे यहां एक निजी कार्यक्रम में शिरकत करने आए थे। ग्रामीणों ने भी बृजभूषण शरण का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।उन्होंने नाम न लेते हुए उनके खिलाफ प्रदर्शन करने वाले पहलवानों के बारे में शायराना अंदाज में जिक्र किया। साथ ही राजपूत समाज के लोगों को अयोध्या आने का आमंत्रण भी दिया ।

# सनातन धर्म पर विरोधी बयान के विरुद्ध दो याचिकाओं पर सुनवाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सनातन धर्म पर विरोधी बयान देने पर तमिलनाडु के मंत्री और डीएमके नेता उदयनिधि स्टालिन और सांसद ए राजा की मुश्किलें बढ़ गई हैं।

दोनों नेताओं के खिलाफ एक और याचिका दायर की गई है। यह याचिका वकील विनीत जिंदल ने किया है। बता दें कि पिछले हफ्ते सुप्रीम कोर्ट ने चेन्नई के एक वकील की याचिका पर नोटिस जारी किया था। अब दोनों याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट में साथ सुनी जाएंगी।

गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने सनातन धर्म पर विवादित बयान देने को लेकर तमिलनाडु सरकार में मंत्री उदयनिधि स्टालिन और द्रमुक नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री ए. राजा को सुप्रीम कोर्ट ने नोटिस जारी किया था। कोर्ट ने नोटिस जारी करते हुए कहा कि वह इस मामले को हेट स्पीच पर लंबित दूसरी याचिकाओं के साथ सुनेगी।

# करनाल में बैंक से लूटे 20 लाख

## कर्मचारियों को बंधक बनाकर मचाया तांडव



**भरोसा मित्र**

**करनाल।** बुधवार को दिन दहाड़े करनाल-कैथल रोड स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा में तीन लुटेरों ने हथियार के बल पर करीब 20 लाख रुपये लूट लिए। मास्क पहने लुटेरों ने पहले सुरक्षाकर्मी से मारपीट कर उसकी बंदूक छीन ली। इसके बाद फिर उन्होंने बंदूक के बल पर बैंक कर्मचारियों को बंधक बना लिया और करीब 20 लाख रुपये बैग में भरकर फरार होगए। इस पूरी वारदात को उन्होंने महज 15 मिनट में अंजाम दिया।

### मास्क पहने लुटेरों ने पहले सुरक्षाकर्मी से मारपीट कर उसकी बंदूक छीन ली। इसके बाद फिर उन्होंने बंदूक के बल पर बैंक कर्मचारियों को बंधक बना लिया

जाने से पहले लुटेरों ने कर्मचारियों को स्ट्रांग रूम में बंद कर दिया फिर वे पल्सर बाइक पर फरार हो गए। बैंक के बाहर उन्होंने पुलिस की पीसीआर दिखने पर दो हवाई फायर भी किए। सूचना मिलने पर एसपी सहित सीआईए की टीमें मौके पर पहुंचीं और जांच शुरू कर दी।

बैंक के स्ट्रांग रूम में बंदी बनाए गए कर्मियों को पुलिस ने ही मुक्त कराया। करनाल के पुलिस अधीक्षक गंगाराम पूनिया ने बैंक में सभी कर्मचारियों से घटना का ब्योरा लिया और बैंक का निरीक्षण किया।

पुलिस ने बताया कि बदमाश घटना को अंजाम देकर न केवल सीसीटीवी तोड़ गए, बल्कि इससे संबंधित डिजिटल वीडियो रिकॉर्डर (डीवीआर) भी साथ ले गए। पुलिस ने तीन विशेष टीमों का गठन किया है। ये टीमें यूपी, दिल्ली व हरियाणा के विभिन्न हिस्सों में लुटेरों की तलाश में निकल चुकी हैं।

**राजनीति** कांगेस ज्वाईन करते ही बोले : भाजपा-जजपा की नीतियों से पूरा हरियाणा त्रस्त

# जगदीश यादव ने थामा कांग्रेस का दामन: अहीरवाल में होगा बड़ा उलटफेर

### हुड्डा,उदयभान और दीपेंद्र ने किया पार्टी में स्वागत, बोले : अहीरवाल में अब भाजपा का होगा सूपड़ा साफ

**शशिभूषण सैनी, भरोसा मित्र**



**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी उदयभान की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में आज अहीरवाल के कद्दावर नेता पूर्व मंत्री जगदीश यादव ने अपने हजारों समर्थकों के साथ भाजपा छोड़कर कांग्रेस ज्वाइन की। इस दौरान कांग्रेस पिछड़ा वर्ग के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैप्टन अजय सिंह यादव, राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा, पूर्व सीपीएस राव दान सिंह, पूर्व मंत्री प्रो. संपत सिंह, पूर्व मंत्री राव नरेंद्र सिंह, पूर्व मंत्री सुखबीर कटारिया, पूर्व सीपीएस अनिता यादव, पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह, राव वीरेन्द्र और लखन सिंगला समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

सभी नेताओं ने जगदीश यादव और उनके साथियों का पार्टी में स्वागत किया। यादव ने सभी का आभार जताया और कहा कि प्रदेश का हर वर्ग बीजेपी-जेजेपी की नीतियों से त्रस्त हो चुका है। लोग बेसब्री से चुनाव का इंतजार कर रहे हैं। हरियाणा में इसबार कांग्रेस की सरकार बनना तय है। जगदीश यादव के साथ हरियाणा बीजेपी कार्यकारिणी सदस्य, पलवल के प्रभारी और भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष सूरज मान और मशहूर मुल्तानी गायक राजकुमार चांद ने भी कांग्रेस ज्वाइन की।

चौधरी उदयभान ने पार्टी में शामिल हुए नए साथियों का स्वागत किया और उन्हें पूर्ण मान-सम्मान का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि लगातार कांग्रेस का कुनबा विस्तार लेता जा रहा है। नए साथियों के आने से पार्टी को मजबूती मिल रही है। हुड्डा ने कहा कि जगदीश यादव के आने से अहीरवाल में कांग्रेस को और मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि अबतक 30 से ज्यादा पूर्व विधायक और मंत्री अन्य दलों को छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो चुके हैं। हर जगह कांग्रेस के कार्यक्रमों को रिकॉर्डतोड़ जनसमर्थन मिल रहा है। बीजेपी-जेजेपी ने चुनाव से पहले ही हार मान ली है। इससे पहले बीजेपी-जेजेपी छोक्कर पलवल से कई नेताओं ने कांग्रेस का दामन थामा। बीजेपी छोड़कर गांव बडौली से इंदर प्रधान, मनदीप बैंसला (ब्लाक समिति सदस्य), गाँव हंसापुर से दिनेश (ब्लॉक समिति सदस्य), गाँव सुलतानपुर से महिपाल (ब्लॉक समिति सदस्य), बड़ौली से अनिल (ब्लॉक समिति सदस्य), गाँव अच्छेजा से अनिल (ब्लॉक समिति सदस्य), गाँव कुशक से त्रिलोक (ब्लॉक समिति सदस्य), गाँव चांदहट से मनोज कुमार (ब्लॉक समिति सदस्य), ऋषिपाल (ब्लॉक समिति सदस्य), गाँव घो ी से जितेंद्र (ब्लॉक समिति सदस्य), गाँव मीसा से हंसराज (ब्लॉक समिति सदस्य), जेजेपी की महिला जिलाध्यक्ष प्रेरणा कालड़ा, महिला उपाध्यक्ष किरण सहरावत, नीलम, चन्दा, जितेंद्र डागर, सुखीराम और दिनेश इत्यादि ने भी कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।

## खबर फटाफट

### शहीद-ए-आजम भगत सिंह को जयंती पर किया नमन

**सोहना:** शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती पर बुधवार को गांव भौंड़सी में भाजपा के झंडे तले शहीदों को नमन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। ब्लॉकसमिति के पूर्व उपचेयरमैन राजेश राघव भौंड़सिया, भौंड़सी भाजपा के मंडल अध्यक्ष रामकिशन राघव, मार्किट कमेटी के चेयरमैन रहे पंडित दिनेश शर्मा खेड़लिया, पंडित अमरकिशोर शर्मा आदि प्रमुखजनों समेत मौजूद लोगों ने शहीद-ए-आजम भगत सिंह समेत तमाम शहीदों की शहादत को नमन किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहरलाल के नेतृत्व वाली सरकार जिस प्रकार से नौकरियों में पारदर्शिता लाई है, वह भगत सिंह के सपनों का साकार करने जैसा है। सरकार ने नौकरियों के मामले में सिर्फ सुधार नही किया बल्कि भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी बनाकर एक नए इंकलाब को जन्म दिया है। इस नई व्यवस्था से हरियाणा का युवा खासा प्रभावित है। वह समझ गया है कि वर्तमान सरकार के हाथों में ही उसका भविष्य सुरक्षित है। इसलिए वह भी सरकार के साथ मिलकर अपनी रचनात्मक भूमिका निभाना चाहता है।

### काम्पलेक्स पर कमरे किराए में आज से दी जा रही विशेष छूट

**सोहना :** यहां पर पहाड़ियों के बीचोबीच बने हरियाणा पर्यटन निगम के बारबट टूरिस्ट काम्पलेक्स पर बुधवार से काम्पलेक्स पर आकर ठहरने वाले तमाम पर्यटकों, सैलानियों, अतिथियों को ऑनलाइन कमरा किराए पर लेने के लिए बुकिंग कराने पर 20 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। बताया गया कि यह छूट 30 सितंबर तक जारी रहेगी। इस दिन तक सोहना व दमदमा काम्पलेक्स पर आने वाले पर्यटकों को ऑनलाइन कमरा किराए पर लेने के लिए बुकिंग कराने पर बीस प्रतिशत की विशेष छूट दी जाएगी। साथ ही छोटे बच्चों को पर्यटन निगम की तरफ से उपहार भी दिए जाएंगे। पर्यटकों से काम्पलेक्स परिसर में पौधोरोपण भी कराया जाएगा। पर्यटन निगम के प्रबंधक सुनील कुमार तथा दमदमा टूरिस्ट काम्पलेक्स के मैनेजर ने बुधवार को बताया कि हरियाणा पर्यटन निगम द्वारा यह निर्णय विश्व पर्यटन दिवस के उपलक्ष्य में लिया गया है। दमदमा व सोहना पर्यटन परिसरों को स्वागत बैनरों से सजाया गया है। पर्यटन निगम के प्रबंधक सुनील कुमार तथा दमदमा टूरिस्ट काम्पलेक्स के मैनेजर ने बताया कि हरियाणा टूरिज्म निगम ने सोहना व दमदमा स्थित पर्यटन स्थलों पर अपने स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 30 सितंबर तक आने वाले ग्राहकों को ऑनलाइन कमरा किराए पर लेने के लिए बुकिंग कराने व ठहरने पर 20 फीसदी छूट देने का निर्णय लिया है।

### समाजसेवी मुकेश मेहता के निधन पर जताया शोक

**सोहना :** शहर के वार्ड-5 में रहने वाले समाजसेवी मुकेश मेहता का बुधवार को निधन हो गया। सर्वजातीय समाज के लोगों का कहना है कि वह सदैव सामाजिक व रचनात्मक कार्यों में अग्रणी रहे। अत्यंत मृदुभाषी व मिलनसार प्रवृति के चलते उन्होंने समाज में अपनी एक विशिष्ठ पहचान बनाई। व्यापारमंडल संघ के अध्यक्ष मनोज बजरंगी, अग्रवाल सभा के पूर्व सचिव पंकज गुप्ता, लाला विनोद गोयल उजीनिया, रंगमंच कलाकार लाला देशराज गोयल, बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान देवदत्त शर्मा एडवोकेट, श्री अग्रवालसभा के पूर्व प्रधान सेठ विजय अग्रवाल, सोहना व्यापार मंडल संघ के चीफ एडवाइजर और अग्रवालसभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रहे उमेश गुप्ता, श्री सनातन धर्मसभा के पूर्व प्रधान डाक्टर नरेश पाहूजा,श्री सनातन धर्मसभा के पूर्व प्रधान विमलेश गोस्वामी, पूर्व नगरपार्षद ओमप्रकाश सैनी, ग्रीवेसिंग कमेटी के पूर्व मैंबर वेदप्रकाश धवन, हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी में कार्यकारी अध्यक्ष जितेन्द्र भारद्वाज, जजपा नेता चौधरी रोहताश खटाना रिठौजिया, हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी मैंबर पंकज भारद्वाज, पूर्व विधायक तेजपाल तंवर, नगरपालिका के पूर्व चेयरमैन सुभाष सिंगला आदि प्रमुख लोगों ने समाजसेवी मुकेश मेहता के निधन पर गहरा शोक जताया है। मेहता का दाहसंस्कार शहर सोहना में दमदमा रोड स्थित श्री स्वर्गधाम में किया गया।

### रामलीला मंचन के लिए कई जगह पूर्वाभ्यास शुरू हुआ

**सोहना :** यहां 14 अक्टूबर से शुरू होने वाली श्रीराम की लीलाओं के मंचन के लिए जगह-जगह पूर्वाभ्यास शुरू हो गया है। देखने में आ रहा है कि यहां पर रंगमंच संस्था श्रीराममंदिर रामलीला कमेटी से जुड़े रंगमंच कलाकार पंजाबी धर्मशाला सभागार में प्रतिदिन रात के वक्त पूर्वाभ्यास कर रहे है तो स्थानीय खेलस्टेडियम मैदान में श्रीराम की लीला के मंचन के लिए वृंदावन धाम से विशेष कलाकार दल को आमंत्रित किया गया है, जो यहां आकर रामलीला मंचन से पहले पूर्वाभ्यास में जुटे हैं। इसी तरह शहर की प्राचीन हनुमानबगीची में श्री शानदार रामलीला क्लब द्वारा प्रदर्शित की जाने वाली रामलीला मंचन के लिए क्लब से जुड़े रंगमंच कलाकार प्रतिदिन रात के वक्त पूर्वाभ्यास कर रहे है। स्थानीय श्री सनातन धर्म राममंदिर रामलीला मंचन कमेटी में प्रोजेक्ट चेयरमैन व रंगमंच कलाकार विनीत रतड़ा का कहना है कि अहम बात ये है कि इस बार उपरोक्त तीनों ही रामलीलाओं के कलाकार और प्रबंधन समिति ज्यादा से ज्यादा दर्शकों के बैठने की व्यवस्था में जुटी है।इस बार तीनों ही रामलीलाओं में हनुमान जी आसमान से उड़ते नजर आएंगे। हनुमान जी को आसमान पर उड़ते हुए देखकर दर्शक अलग ही खुशी महसूस करेंगे।

### श्रीमद् भागवत ज्ञानयज्ञ के समापन पर हुआ विशाल भंडारा

**सोहना :** वार्ड-बीस के तहत लगने वाले गांव सांपकीनंगली आवाजाही वाले सड़क मार्ग पर स्थित बांध कॉलोनी में बने सामुदायिक केन्द्र में चल रही श्रीमद भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का बुधवार को समापन होने पर विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। भंडारे में कार्यकर्ताओं ने श्रमदान कर पुण्य लाभ कमाया।

श्रीमदभागवत आयोजन से जुड़े सामाजिक संस्था उन्नति चेरिटेबल ट्रस्ट के सीईओ व प्रमुख समाजसेवी बलबीर गब्दा, पूर्व नगरपार्षद व भाजपा नेता मुकेश सैनी, देविन्द्र शर्मा, पवन शर्मा, भारत भीमवाल, सुनीता सैनी, सीमा सैनी, निर्मला देवी सरोहा, पंडिताईन राजवती शर्मा, सुमन देवी, सोनिया कसाना, सीमा सिसोदिया, रेखा रावत, राजो देवी, गुडडी देवी, ओमवती देवी,आशा देवी ने बताया कि श्रीमद भागवत कथा में सर्वजातीय समाज के लोगों ने जातपात व पार्टीबाजी से ऊपर उठकर जबरदस्त तरीके से कामयाब बनाया है। जितने दिन भागवत कथा आयोजित की गई, उतने ही दिन शहर व क्षेत्र से गणमान्य लोगों और अनेकों पूर्व व मौजूदा जनप्रतिनिधियों ने भागवत में आकर धर्मलाभ उठाया। भागवत कथा के समापन पर सुबह के वक्त विश्वकल्याण की मंगलकामना को लेकर हवन आयोजित किया, जिसमें आमंत्रित लोगों ने सपरिवार शामिल होकर पूर्णाहूति डाली।

# मुख्यमंत्री उड़नदस्ते ने निजी अस्पताल पर की छापेमारी

## अहम सबूत लगे हाथ,पुलिस के हवाले किए, सरकारी अस्पताल से मिलता-जुलता रखा था नाम




**उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र**

**सोहना।** मुख्यमंत्री उड़नदस्ते की छापामार टीम ने यहां पर शहर में खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय के समीप बने जीएस अस्पताल पर छापेमारी कर अवैध रूप से संचालित किए जा रहे निजी अस्पताल का भंडाफोड़ किया है।

अहम बात ये है कि छापेमारी के दौरान मुख्यमंत्री उड़नदस्ते की छापामार टीम को ऐसे अहम सबूत हाथ लगे, जिनसे जाहिर हो रहा है कि सरकारी अस्पताल में कार्यरत एक डाक्टर विक्रम डागर 20 हजार रुपए माहवार लेकर गैर कानूनी तरीके से मरीजों को देखने के लिए जीएस अस्पताल में आता था। छापेमारी के दौरान जीएस अस्पताल के भीतर से डाक्टर विक्रम डागर के नाम की स्टंप-मोहर भी बरामद की गई है। इससे जाहिर हुआ कि सरकारी अस्पताल के नाम से मिलता-जुलता जीएस अस्पताल नाम रखकर चांदी कूटी जा रही थी।

यह अस्पताल दो मंजिला इमारत में चलाया जा था, जिसमें रोगियों को भर्ती किए जाने के लिए पलंग भी मिले है। छापेमारी में मुख्यमंत्री उड़नदस्ते की छापामार टीम ने यहां भर्ती हुए कई रोगियों के बनाए गए लाखों रुपए के बिल भी अपने कब्जे में लिए हैं। मौके पर इस अस्पताल के संचालक और फर्जी डाक्टर जाकिर हुसैन को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है। छापेमारी के वक्त पूछताछ के दौरान गोविंद ने बताया कि सरकारी अस्पताल का एक डाक्टर विक्रम डागर इस अस्पताल में रोगियों को देखने के नाम पर अस्पताल संचालक से 20 हजार रुपए माहवार लेता था और यह अस्पताल जीएस अस्पताल के नाम से यहां पर करीब छह महीने से चल रहा था।

जांच में यह भी खुलासा हुआ कि पहले इस अस्पताल का नाम एसएम अस्पताल रखा हुआ था। बाद में इस अस्पताल का नाम बदलकर जीएस अस्पताल रख दिया गया। जांच में यह भी खुलासा हुआ कि जीएस अस्पताल बिना किसी पंजीकरण के फर्जी डाक्टरों के सहारे धडल्ले से बेरोकटोक चलाया जा रहा था। बिना डिग्रीधारक युवक अपने को डाक्टर बताकर यहां आने वाले रोगियों को दवाएं भी देते थे।

मुख्यमंत्री उड़नदस्ते में कार्यरत डीएसपी इंद्रजीत यादव ने बताया कि जब मुख्यमंत्री उडन्दस्ते में कार्यरत उप पुलिस निरीक्षक धर्मबीर सिंह की अगुवाई वाली टीम ने मौके पर पकड़ में आए अस्पताल संचालक जाकिर हुसैन व वहां मौजूद गोविंद से डिग्री और अस्पताल चलाने की अनुमति और अस्पताल के पंजीकरण संबंधी कागताज दिखाने को कहा तो वह कोई भी कागजात पेश नही कर पाए। छापेमारी के दौरान मुख्यमंत्री उड़नदस्ते के साथ मौजूद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने मौके पर काफी मात्रा में दवाइयां व मेडिकल उपकरण पाए, जिनको सील करके स्वास्थ्य विभाग ने अपने कब्जे में ले लिया और मौके पर मिले दोनों आरोपियों को हिरासत में लिया है। मुख्यमंत्री उड़नदस्ते की छापामार टीम की माने तो जीएस अस्पताल के नाम से संचालित किए जा रहे बिना डिग्री और बिना स्वास्थ्य विभाग की अनुमति के लोगों का उपचार कर उनके जीवन से खिलवाड़ किया जा रहा था। छापामार टीम का कहना है कि यह अस्पताल बिना डिग्री व अनुमति के चल रहा था, जिसमें वार्ड बनाकर बैड कमरे में डाले हुए थे। छापामार टीम का कहना है कि जीएस अस्पताल के नाम से इस अस्पताल को चला रहे अस्पताल संचालक जाकिर हुसैन के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

मुख्यमंत्री उड़नदस्ते को सूचना मिली थी कि सोहना शहर के बाईपास क्षेत्र में खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय के समीप जीएस अस्पताल के नाम से एक निजी अस्पताल अवैध रूप से संचालित किया जा रहा है। यह अस्पताल 24 घंटे खुला रहता है, जिसमें वार्ड बनाकर बैड भी वहां पर डाले हुए हैं। सूचना के आधार पर स्वास्थ्य विभाग की टीम को साथ लेकर मुख्यमंत्री उड़नदस्ते की टीम द्वारा जीएस अस्पताल पर छापेमारी की गई।

मुख्यमंत्री उड़नदस्ते की टीम के प्रभारी डीएसपी इंद्रजीत यादव का कहना है कि अस्पताल के संचालन के लिए आवश्यक एक भी कागजात संचालक नहीं दिखा पाए। इससे साफ हो गया कि अवैध रूप से अस्पताल का संचालन किया जा रहा था। उन्होने बताया कि अस्पताल के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के लिए पुलिस को लिखा गया है।

### मच गई भगदड़,दुकानदार और झोलाछाप डाक्टर भागे

शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में आज जैसे ही मुख्यमंत्री उड़नदस्ते की टीम के जीएस अस्पताल पर छापेमारी की खबर आग की मानिंद पूरे क्षेत्र में फैली, वैसे ही सोहना शहर में बिना विभागीय अनुमति के छोटे-छोटे अस्पताल और लैब खोले बैठे संचालक और झोलाछाप डाक्टर अपने-अपने अस्पतालों और लैबों तथा दुकानों के शटर गिराकर भाग खड़े हुए। इसी बीच मुख्यमंत्री की छापामार टीम के झोलाछाप डाक्टरों को पकड़ने के लिए छापेमारी अभियान की जानकारी गांव-देहात में जगह-जगह क्लीनिक खोलकर बैठे झोलाछाप डाक्टरों तक उनके चहेतों ने पहुंचा दी और ऐसे डाक्टर अपनी दुकानों को ताला लगा नौ दो ग्यारह हो गए।

### उपायुक्त दे चुके हैं निर्देश

उपायुक्त निशांत कुमार व सिविल सर्जन डाक्टर विरेन्द्र यादव ने निर्देश दिए हैं कि बिना डिग्री के कोई भी फर्जी डाक्टर डाक्टरी का पेशा नहीं कर सकता है। अगर किसी भी गांव, गली, मोहल्ले में कोई फर्जी तरीके से आरएमपी डाक्टर दुकान चला रहा है तो उसकी सूचना प्रशासन को दी जाए ताकि समय रहते झोलाछाप डाक्टरों पर शिकंजा कसा जा सके और वह उपचार के नाम पर किसी भी मरीज के जीवन से खिलवाड़ ना कर पाए। झोलाछाप डाक्टरों के खिलाफ अभियान तेजी से चलेगा। शहर के साथ-साथ प्रत्येक गांव और प्रत्येक गली, मोहल्ले, वार्ड, बाजार में छापेमारी कर झोलाछाप डाक्टरों की धरपकड़ की जाएगी।

# कर्मचारी को लूटने वाले बदमाशों का नहीं मिला कोई सुराग

**बदमाश लूटपाट के बाद उसे गांव मंडोली के जंगलों में फेंककर भाग निकले**



**उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र**

**सोहना :** शहर में सवारी की इंतजार में खड़े एक व्यक्ति जाने के लिए सड़क किनारे खड़ा था, तभी उसने एक कैब में पलवल जाने के लिए लिफ्ट ली तो उसे उसमें सवार 4 बदमाशों ने बंधक बनाकर लूट लिया। पुलिस को बदमाशों का सुराग नहीं मिला है।

पीड़ित ने बताया कि उससे मारपीट की गई और फिर डरा-धमका कर चाकू की नोक पर उससे 4 हजार की नकदी, स्मार्ट घड़ी, पर्स व मोबाइल छीन लिया। इसके बाद बदमाश उसे गांव मंडोली के जंगलों में फेककर भाग निकले।

पीड़ित अनिल ने आपबीती पुलिस कंट्रोल रूम में बताई। सूचना पाकर पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंच गई और मामले की जांच में जुटी है। फिलहाल सोहना शहर थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर बदमाशों के खिलाफ मारपीट करने, बंधक बनाने और लूट का मामला दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि कैब सवार बदमाशों की पहचान कर उसके लूटे गए सामान समेत जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

पुलिस प्रवक्ता सुभाष बोकन के अनुसार पीड़ित व्यक्ति अनिल मूल निवासी गांव शेखपुरा, पलवल ने सोहना शहर पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि वह मिलेनियमसिटी स्थित एक कंपनी क्रोमा में नौकरी कर रहा है और रात पौने 12 बजे वह सोहना शहर में डाक्टर भीमराव अंबेडकर चौक पर गाड़ी की इंतजार कर रहा था। तभी एक सफेद रंग की एक अर्टिगा कार उसके पास आकर रुकी। जिसमें कार चालक समेत 4 लोग सवार थे। पलवल छोड़ने के नाम पर उन्होने उसे कार में बैठा लिया। कार जैसे ही सोहना से आगे बल्लबगढ़ मोड़ के समीप पहुंची, तभी उन्होंने उससे मारपीट कर उसका मोबाइल व जेब में रखी 4 हजार की नकदी, पर्स, स्मार्ट घड़ी चाकू की नोक पर छीन ली।

उसने बताया कि सूचना पाकर उनके बड़े भाई धन सिंह वहां पहुंचे और उन्हें एक अस्पताल में भर्ती कराया। अनिल रात होने की वजह से वह किसी भी बदमाश का चेहरा नहीं देख पाया। पुलिस कैब चालक व उसके साथी बदमाशों की पहचान के लिए जी-तोड़ प्रयास कर रही है।

इसके अलावा सीआईए पुलिस भी अपने स्तर पर बदमाशों की पहचान में जुटी है ताकि कैब में बैठी सवारी को लूटने वाले बदमाशों की पहचान कर उन्हे जल्द से जल्द पकड़ा जा सके। पुलिस मौका-मुआयना उपरांत कैब तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

आरोपियों के स्केच तैयार करवाए जा रहे हड्डै। साथ ही रास्ते में जगह-जगह लगे सीसीटीवी कैमरे भी जांचे जा रहे हैं।

# शहीद भगत सिंह के पदचिन्हों पर चलने का लिया संकल्प

**देश हमें देता है सब कुछ,हम भी तो कुछ देना सीखें : डा. प्रवीण यादव**



**उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र**

**सोहनाः** बुधवार को शहीदे ए आजम भगत सिंह का जन्मदिन वरदान अस्पताल एवं ट्रामासेंटर में शहीद भगत सिंह अमर रहे के उदघोषों के बीच फौव्वारा चौक पर स्थित शहीद भगत सिंह प्रतिमा पर माल्यार्पण करके व केक काटकर मनाया। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने उनके दिखाए रास्ते पर चलने का प्रण भी लिया।

इस मौके पर वरदान अस्पताल एवं ट्रामासेंटर निर्देशक डाक्टर प्रवीण यादव, बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान देवदत्त शर्मा एडवोकेट, शिक्षा समिति उपचेयरमैन उमेश अग्रवाल, नगरपार्षद वेदकला शर्मा, नगरपार्षद नितिन यादव बालूदिया, नगरपार्षद पहलवान ओमप्रकाश नून्रे, नगरपरिषद प्रमुख अंजू देवी, किरयाणा व्यापारी एसोसिएशन के प्रधान जितेन्द्र मित्तल, नगरपालिका के पूर्व उपाध्यक्ष लेखराज, पूर्व नगरपार्षद मुकेश सैनी, भाजपा के मंडल अध्यक्ष गौरव चुघ, अमन लेखराज, सोनू मित्तल आदि समेत विभिन्न वक्ताओं ने कहा कि सरदार भगत सिंह के जीवन से प्रेरणा लेने की सीख देते हुए कहा कि अपने लिए तो हरेक जीता है।

उन्होंने कहा कि इंसान वह है, जो दूसरों के लिए जिए और कुछ करके दिखाए। सरदार भगत सिंह ने देश की स्वाधीनता के लिए अपना सब कुछ न्यौछावर कर दिया और हंसते-हंसते फासी के फंदे को चूम गए। प्रत्येक व्यक्ति में देशभक्ति का जज्बा होना चाहिए। शहीद भगत सिंह का नाम वीरता व संघर्ष का पर्यायवाची है। उनका क्रांतिकारी जीवन आज भी देशवासियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं। हम सभी को जातपात, जाति, धर्म, वर्ग और क्षेत्रवाद से ऊपर उठकर शहीद भगत सिंह द्वारा दिखाए गए देशभक्ति के मार्ग पर चलना चाहिए, जिन्होने गुलामी की बेड़ियों में जकड़ी भारत माता की आजादी के लिए ब्रिटिश सरकार से लोहा लिया और उनको भगाने में अहम योगदान निभाया। आज हम जो खुले में सांस ले रहे हं, वह इन्हीं शहीदों की देन है।

# धूमधाम से मनाया श्रीराम जन्मोत्सव, बधाइयों के बीच बंटी मिठाइयां

**परमपिता परमात्मा की जब-जब जीवों पर कृपा करने की इच्छा होती है, तब-तब वह स्वयं धरती पर उतरकर आते है और भक्तों को लीला सुख प्रदान करते हैं**

**उमेश गुप्ता,भरोसा मित्र**

**सोहना :** शहर के वार्ड-16 के तहत ठाकुरवाड़ा मोहल्ला स्थित शीला कुआ विवाह स्थल प्रांगण में आयोजित श्रीराम कथा में बुधवार को कथावाचक दिनेश चन्द्र शास्त्री ने जैसे ही श्रीराम के जन्म की जानकारी उत्सव में देते हुए जन्मोत्सव मनाया तो मौजूद श्रद्धालुओं में एक-दूसरे के बीच श्रीराम जन्मोत्सव को लेकर बधाइयां देने के साथ-साथ मिठाई बांटने की होड़ सी लग गई।

श्रीराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में किसी श्रद्धालु ने लडडू बांटे तो किसी ने बर्फी बांटकर खुशी का इजहार किया। कई महिला श्रद्धालु अपने घरों से बनवाकर लाए गए हलवे को वितरित करती नजर आई।

इस मौके पर कथावाचक दिनेश चन्द्र शास्त्री ने वर्णन किया कि भगवान मर्यादा पुरुषोतम श्रीराम महाराज दशरथ के पुत्र बनकर क्यो आए और बताया कि पूर्व जन्म में महाराजा दशरथ ने घोर तप किया तो प्रभु प्रसन्न हुए और बोले कि मांगो क्या वर मांगते हो? तब उन्होने प्रभु से प्रार्थना की कि हम आपके समान पुत्र चाहते है। तब भगवान ने तथास्तु कहकर उन्हे वरदान दिया और कहा कि आप महाराज दशरथ के रूप में जन्म लेंगे। कौशल्या आपकी धर्मपत्नी होगी और मैं स्वयं आपका पुत्र बनकर उनकी कोख से अवतार लूंगा। अपने वचन को निभाते हुए भगवान श्रीराम ने महाराजा दशरथ के घर में श्रीराम के रूप में अवतार लिया और राक्षसों का नाश करने व संसार को मर्यादा सिखाने के लिए उन्होने अपने साथ शेषनाग को लक्ष्मण जी को अपने साथ लिया।

दिनेश चन्द्र शास्त्री ने श्रीराम की महिमा का गुणगान करते हुए कहा कि अवतरित इति अवतार अर्थात जो उतर के आवे, उसे अवतार कहते है। परमपिता परमात्मा की जब-जब जीवों पर कृपा करने की इच्छा होती है, तब-तब वह स्वयं धरती पर उतरकर आते है और अपने भक्तों को लीलासुख प्रदान करते हैं। ये लीला ही शास्त्रों का रूप धारण कर भक्तों को ज्ञान, भक्ति, वैराग्य युक्त परमात्मा की प्राप्ति का मार्ग दिखाती है। कथावाचक श्री दिनेश शास्त्री ने श्रद्धालुओं के बीच धारा प्रवाह ज्ञान की गंगा बहाते हुए कहा कि जब-जब संसार में धर्म का हश्र व अधर्म की वृद्धि होती है, तब प्रभु श्रीराम अपने चतुर्व्यह रूप से अवतार लेकर अधर्म का नाश करते है।

# नगरपरिषद में सफाई कर्मचारी सड़क पर उतरे

**जमकर नारेबाजी के बीच भूख हड़ताल पर बैठे, सरकार के प्रति रोष जताया**



**उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र**

**सोहना।** नगरपरिषद में कार्यरत सफाई कर्मचारियों के साथ-साथ यहां पर दमकल उपकेन्द्र में कार्यरत तमाम कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर लगातार तीसरे दिन बुधवार को भी नारेबाजी करते हुए सड़क पर उतर आए और विरोधप्रदर्शन करते हुए भूख हड़ताल पर बैठ गए।

उन्होंने रोष जताते हुए बताया कि बृहस्पतिवार को भी वह हड़ताल पर रहेंगे। हड़ताली सफाई कर्मचारियों ने साफ कहा कि जब तक उनकी लंबे अर्से से अटकी मांगें पूरी नही होगी, वह चुप नही बैठेंगे। इसके बाद भी यदि प्रदेश सरकार ने उनकी मांगों पर विचार नही किया तो हड़ताल को अनिश्चितकालीन हड़ताल में बदलने में देरी नही लगेगी।

उन्होंने कहास कि सफाई कर्मचारियों की मांग है कि सफाई कर्मचारियों, सीवरमैनों, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को ठेके की बजाय नियमित नौकरी पर रखा जाए।

इन कर्मचारियों ने प्रशासन से मांग की है कि समान काम-समान वेतन दिया जाए। कोरोना महामारी के दौरान शहादत देने वाले कर्मचारियों के परिजनों को प्रति परिवार पचास लाख रुपए मुआवजा दिया जाए।


# शहीद भगत सिंह के जीवन से प्रेरणा लें : घोडारोप



**उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र**

**सोहना।** गांव घाटाअमीरपुर में शहीद भगत सिंह जयंती के उपलक्ष्य में बुधवार को हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी मैंबर पंकज भारद्वाज के सानिध्य और पीसीसी मैंबर नंबरदार बीर सिंह खटाना दमदमिया की अध्यक्षता में एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस मौके पर उपस्थितों के बीच मुख्य वक्ता रूप में बोलते हुए हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी मैंबर चौधरी महेश घोडारोप ने शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आजादी के दीवाने को नमन किया और उपस्थित लोगों के बीच बोलते वक्त उनके क्रांतिकारी जीवन से प्रेरणा लेने की सीख देते हुए कहा कि आज हम देशवासी आजादी की खुली हवा में जो सांस ले रहे है, वह ऐसे ही वीर जवानों की देन है। शहीद भगत सिंह जैसे वीर क्रांतिकारियों के अपना जीवन न्योछावर करने पर ही देश गुलामी की जंजीरों से मुक्त हो पाया है। अतः हमे शहीदों और उनकी दी गई शहादत को सदैव याद करते हुए मरते दम तक उन्हे याद रखना चाहिए। उन्होने शहीद भगत सिंह को भारत की आन-बान-शान का प्रतीक बतलाते हुए देश का गौरव बताया और कहा कि केन्द्र सरकार को चाहिए कि शहीद भगत सिंह को मरणोपरांत भारत रत्न सम्मान दिया जाए।

# समाजसेविका शोभा नंदा का निधन



**उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र**

सोहनाःवार्ड-16 से नगरपार्षद और स्थानीय पंजाबी महासंघ के प्रधान हरीश नंदा राजू तथा युवा समाजसेवी हेमंत नंदा पिंटू की माताश्री व समाजसेविका शोभा नंदा का निधन हो गया है। हरियाणा कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष जितेन्द्र भारद्वाज, हरियाणा विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष गोपीचंद गहलोत, व्यापारी नेता गोप पाहवा, भाजपा की जिलाध्यक्ष गार्गी कक्कड़, जजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी अनंतराम तंवर, जजपा नेता रोहताश खटाना रिठौजिया, भाजपा विधायक संजय सिंह, पूर्व विधायक तेजपाल तंवर आदि ने उनके निधन पर शोक जताया है।

# इंसान वह है, जो दूसरों के लिए जिए और कुछ करके दिखाए : सैनी

**भगत सिंह के दिखाए रास्ते पर चलने का संकल्प सामूहिक रूप से कराया**

**उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र**

**सोहना।** शहीद भगत सिंह जयंती के उपलक्ष्य में बुधवार को सोहनाढाणी गांव में रहने वाले नंबरदार जितेन्द्र सैनी, महिला समाज सेविका कविता सैनी अपने लाव-लश्कर और मौजिजान लोगों के साथ शहर का दिल कहलाने वाले फौहारा चौक पर पहुंचे।

यहां शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर फूलमालाएं पहनाकर मौजूद लोगों को उनके दिखाए रास्ते पर चलने का संकल्प सामूहिक रूप से कराया।

इस मौके पर सोहनाढाणी गांव में रहने वाले नंबरदार जितेन्द्र सैनी, महिला समाज सेविका कविता सैनी ने कहा कि अपने लिए तो हरेक जीता है, इंसान वह है, जो दूसरों के लिए जिए और कुछ करके दिखाए। उन्होने कहा कि गुलामी की बेड़ियों में जकड़ी भारत माता को आजाद कराने के लिए अमर शहीदों ने देश की स्वाधीनता के लिए अपना सब कुछ न्यौछावर कर दिया और हंसते-हंसते फांसी के फंदे को चूम गए।

उन्होंने कहा कि अंग्रेजों को नाको चने चबवा दिए लेकिन अंग्रेजी हुकूमत के आगे नहीं झुके।

सराहना | भाजपा के सहकारिता प्रकोष्ठ में प्रदेश सहसंयोजक ने कहा

# सरकार चिकित्सा क्षेत्र पर कर रही विशेष फोकस : दिनेश शर्मा

**प्रदेश में 9 वर्षों में एमबीबीएस की सीटें 700 से बढ़कर 2185 और हो गई हैं पीजी की सीटें 289 से बढ़कर 851 हो गई हैं**

**उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र**

**सोहना।** स्थानीय मार्किट कमेटी के चेयरमैन रहे व भाजपा के सहकारिता प्रकोष्ठ में प्रदेश सहसंयोजक दिनेश शर्मा खेड़लिया का कहना है कि मुख्यमंत्री मनोहरलाल सरकार में लोगों के अच्छे दिनों की शुरूआत हो गई है क्योकि मुख्यमंत्री मनोहरलाल सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र पर विशेष फोकस कर रही है। उसी का नतीजा है कि प्रदेश में 9 वर्षों में एमबीबीएस की सीटें 700 से बढ़कर 2185 हो गई हैं तो पीजी की सीटें 289 से बढ़कर 851 हो गई हैं।

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य बजट भी 2800 करोड़ से बढ़कर एकदम 9.647 करोड़ रुपए पर पहुंच गया है। राज्य में मेडिकल कॉलेज, डेंटल कॉलेज, होम्योपैथिक कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज की संख्या में भी लगातार बढ़ोतरी हो रही है। प्रत्येक जिले में मेडिकल कॉलेज खोलने की नीयत से अब राज्य में मेडिकल कॉलेज की संख्या बढ़कर 15 हो गई है। इनमें से 9 मेडिकल कॉलेज मुख्यमंत्री मनोहरलाल सरकार के कार्यकाल में खोले गए है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा करनाल के गांव कुटेल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय तथा भिवानी और जींद के गांव हैबतपुर व मिलेनियमसिटी गुरूग्राम तथा नारनौल के गांव कोरियावास में 5 नए मेडिकल कॉलेज स्थापित किए जा रहे है तो फरीदाबाद, पंचकूला, कैथल, कुरूक्षेत्र व रेवाड़ी में 5 सरकारी नर्सिंग कॉलेज खोले जा रहे है।



खुशी की बात ये है कि गांव छायसा में बंद कए गोल्डफील्ड मेडिकल कॉलेज को सरकार ने अपने अधीन लेकर दिवंगत प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम से शुरू किया है तो कुरूक्षेत्र में श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय खोला गया है जबकि करनाल में नर्सिंग कॉलेज व फिजियोथैरेपी कॉलेज खोले गए है। इसके अलावा सफीदो में भी एक नर्सिंग कॉलेज खोला गया है तो पंचकूला में राष्ट्रीय आयुर्वेद योग और प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान की स्थापना की जा रही है।

दिनेश शर्मा खेड़लिया ने आगे बताया कि झज्जर के गांव बाढ़सा में राष्ट्रीय कैंसर संस्थान खोला गया है। रेवाड़ी के गांव माजरा में एम्स स्थापित किया जा रहा है। जिसका उद्घाटन करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चालू वर्ष के नवंबर महीने में माजरा आएंगे। इतना ही नही अंबाला छावनी के सरकारी अस्पताल में केन्द्र राज्य सहभागिता के आधार पर 72 करोड़ रुपए की लागत से टरसरी कैंसर केयर सैंटर यानि टीसीसीसी की स्थापना की गई है। इसमें कैंसर के रोगियों को सभी प्रकार की जरूरी चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होने बताया कि राज्य के सभी सरकारी चिकित्सा महाविद्यालयों में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केन्द्र और अमृत केन्द्र भी खोले गए है। जिससे साफ जाहिर है कि मुख्यमंत्री मनोहरलाल सरकार में लोगों के अच्छे दिनों की शुरूआत हो गई है क्योकि मुख्यमंत्री मनोहरलाल सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र पर विशेष फोकस कर रही है।



प्रदेश में इस बार बनेगी इनेलो की सरकार : हबीबुर्रहमान

अंदर देखे



नारकीय जीवन जी रहे फरीदाबाद के बाशिंदे : कौशिक

अंदर देखे

## खबर फटाफट

### बाइक चोरी के 3 आरोपी गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** वाहन चोरी के अलग-अलग मामले में पुलिस ने 3 आरोपी गिरफ्तार किए हैं, जिनके कब्जे से 2 बाइक बरामद की गई हैं। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गुरुग्राम पुलिस द्वारा चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले आरोपियों पर नकेल कसते हुए अपराध शाखा ने आरोपियों हरीश, कृष्ण व अनीश को बाइक चोरी के मामले में काबू किया है। आरोपियों के खिलाफ विभिन्न थाना में मामला दर्ज किया गया है।

### लैपटॉप चोरी मामले में 2 और आरोपी पकड़े गए

**गुरुग्राम।** डिलीवरी के लिए ले जाए गए लैपटॉप चोरी करने के मामले में 2 और आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, जिनके कब्जे से 15 हजार रुपए व एक मोबाइल बरामद किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 20 सितम्बर को एक व्यक्ति ने पुलिस चौकी झाड़सा में शिकायत दी कि अमेजॉन के ऑर्डर डिलीवरी करने के लिए रखे हुए एक लडके द्वारा साईबर पार्क सैक्टर-38 में डिलीवरी के लिए ले जाए गए सामान में से 3 लैपटॉप चोरी कर लिए गए हैं। सदर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों अवनीश व सुरेश को 26 सितम्बर को काबू कर लिया। इससे पहले मामले में पुलिस टीम द्वारा विष्णु, अक्षय, जोनी, अंकित चौधरी व शेर सिंह नामक आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। अब तक कुल 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

### चोरी करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** घर में घुसकर चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले 2 आरोपियों को पुलिस ने 44 हजार रुपए, बाइक व 3 मोबाइल सहित काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गुरुग्राम पुलिस द्वारा चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले आरोपियों पर नकेल कसते हुए अलग-अलग स्थान से चोरी करने की वारदात को अंजाम देने वाले 2 आरोपियों मुबारक व भीम को काबू किया है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने थाना सैक्टर-56, गुरुग्राम के क्षेत्र से एक किराना स्टोर से नगदी, मोबाइल फोन, पर्स व दस्तावेज चोरी करने की वारदात को अंजाम देने का खुलासा किया है।

### सुसज्जित वेब सिनेमा की शुरुआत

**गुरुग्राम।** सिनेमा प्रेमियों के लिए वेव ग्रुप ने गुरुग्राम के सैक्टर 67 स्थित एम3एम अर्बाना प्रीमियम में 7 स्क्रीन वाले बेहतर व सुसज्जित वेब सिनेमा की शुरुआत कर दी है। प्रबंध निदेशक राजीव गुप्ता ने कहा कि आधुनिक भारत में सिनेमा देखने का नाता सामाजिकता से है और यह एक तल्लीन कर देने वाला अनुभव भी है, इसलिए यहां आराम व सुविधा का प्रत्येक पहलू अहमियत रखता है। अनुभव के सभी पहलू त्रुटिरहित होने चाहिए जिनमें टॉप-ऑफ-द-लाइन टेक्नोलॉजी, फूड व स्नैक्स, सीटिंग, ऐम्बियेंस, हाइजीन और ऐक्सैसेबिलिटी शामिल हैं। वेव सिनेमा में हम आज के आधुनिक ग्राहकों की जरूरतों को समझते हैं और हमने अपनी पेशकश उसी के मुताबिक तैयार की है। अपने उपभोक्ताओं को बेहद परिष्कृत मूवी व्यूइंग अनुभव पेश करते हुए हम बहुत उत्साहित हैं और हम आशा करते हैं कि हमारी नई पेशकश हमारे उपभोक्ताओं व उनके परिवारों की हर आकांक्षा को पूरा करेगी। कुल 899 लोगों के बैठने की व्यवस्था है और यह नवीनतम सिनेमाई टेक्नोलॉजी से युक्त है जिसमें शामिल हैं 4के लेज़र प्रोजेक्टर, डॉल्बी एटमॉस हाई-डेफिनिशन इमर्सिव ऑडियो के साथ।

### यातायात पुलिस ने किया जागरुकता पाठशाला का आयोजन

**गुरुग्राम।** यातायात नियमों के प्रति जागरुक करने के लिए यातायात पुलिस ने जागरुकता पाठशाला का आयोजन किया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गुरुग्राम यातायात पुलिस द्वारा यातायात के नियमों की जागरूकता कार्यक्रम अभियान सुशांत लोक में आयोजित किया गया। जिसका आयोजन सहायक पुलिस आयुक्त यातायात पूर्व अखिल कुमार की देखरेख में यातायात निरीक्षक अरविंद कुमार व जोनल अधिकारी सहायक उप निरीक्षक संदीप कुमार द्वारा कराया गया। कार्यक्रम में 100 छात्रों, अध्यापकों व ड्राइवरों को यातायत पुलिस गुरुग्राम द्वारा यातायत के नियमों बारे जागरूक किया गया और यातायात के नियमों की पालना करने बारे जागरूक किया गया। गुरुग्राम यातायात पुलिस द्वारा स्कूल में जगह जगह पोस्टर के माध्यम से भी जागरूक किया गया। यातायात के नियमों का पालन करने और बिना ड्राइविंग लाइसेंस ड्राइविंग न करने बारे बतलाया गया। दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग, वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करने, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग ना करने करने बारे जागरूक किया गया।

**आवश्यकता है**

गुरुग्राम नगर निगम के हर वार्ड में

दैनिक भरोसा मित्र हिंदी दैनिक

के लिए रिपोर्टर / अंशकालिक संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि।

इच्छुक साथी संपर्क करें।

8222001000, 9958469846

# डीसी ने लघु सचिवालय व पार्किंग एरिया का किया औचक निरीक्षण

**सफाई व्यवस्था व अतिक्रमण को लेकर सीटीएम दर्शन यादव को निर्देश दिए**

**अधिकारियों को विशेष हिदायतें जारी करें कि लघु सचिवालय में सफाई व्यवस्था का विशेष ख्याल रखा जाए**



भरोसा मित्र / एमके अरोड़ा

**गुरुग्राम।** डीसी निशांत कुमार यादव ने बुधवार को लघु सचिवालय स्थित प्रथम तल व पार्किंग एरिया, बेरीवाला बाग व लघु सचिवालय के सामने स्थित व्हीकल पासिंग एरिया व पार्किंग एरिया का दौरा कर निरीक्षण किया और 5 कि लघु सचिवालय व साथ लगते पार्किंग एरिया में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें और सभी स्थानों पर संबंधित अधिकारियों को विशेष हिदायतें जारी करें कि लघु सचिवालय में सफाई व्यवस्था का विशेष ख्याल रखा जाए। डीसी निशांत कुमार यादव ने अपने औचक निरीक्षण में सर्वप्रथम राजीव चौक से लघु सचिवालय मुख्य मार्ग का दौरा कर लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता चरणदीप सिंह को निर्देश दिए कि वे मुख्य मार्ग की फुटपाथ की चौड़ाई बढ़ाकर उसका जीर्णोद्धार करवाएँ ताकि पैदल यात्रियों की सुगम आवाजाही हो सके। निरीक्षण के दौरान डीसी ने मंडल वन अधिकारी को निर्देश दिए कि वे प्राथमिकता के साथ मुख्य मार्ग के पेडों की छटाई कराएं। पार्किंग में जगह की कमी के चलते लघु सचिवालय की पार्किंग में वाहनों का काफी दबाव है। ऐसे में यदि पार्किंग एरिया में बने वाहन पासिंग सुविधा केंद्र को बेरीवाला बाग स्थित शिफ्ट कर दिया जाए व पार्किंग एरिया को अतिक्रमण मुक्त किया जाए तो पार्किंग के लिए काफी स्पेस उपलब्ध होगा। डीसी निशांत कुमार यादव ने इस पर अपनी सहमति प्रदान करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीसी ने अपने निरीक्षण के दौरान लघु सचिवालय स्थित पार्किंग एरिया का दौरा कर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि पार्किंग एरिया में यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी वाहन केवल मुख्य द्वार से ही प्रवेश करें। इसके अतिरिक्त जो भी वाहन चालक पार्किंग एरिया में नियमों का उलंघन करे तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करते हुए उसका चालान किया जाए।

**मिलेनियम सिटी मेट्रो स्टेशन के समीप यातायात प्रबंधन को लेकर कमेटी गठित करने के निर्देश**

डीसी निशांत कुमार यादव ने कहा कि गुरुग्राम के मिलेनियम सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन के समीप यातायात की व्यवस्था को बेहतर करने के लिए एडीसी की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित की जाएगी। इस कमेटी में एसीपी ट्रैफिक तथा हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के संपदा अधिकारी-दो भी सदस्य होंगे। उन्होंने यह निर्देश बुधवार को लघु सचिवालय स्थित कांफ्रेंस हॉल में सडक़ सुरक्षा एवं सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी को लेकर गठित जिला स्तरीय समिति की मासिक बैठक को संबोधित करते हुए दिए। यह कमेटी शीघ्र ही साइट की विजिट कर अपनी रिपोर्ट जिला स्तरीय कमेटी के समक्ष प्रस्तुत करेगी।

# ओपन ऑल इंडिया बेंच प्रेस एवं डेड लिफ्ट चैंपियनशिप में जीते मेडल

ब्यूरो, भरोसा मित्र



**गुरुग्राम।** सेक्टर-22 गांव मोलाहेड़ा में ओपन ऑल इंडिया बेंच प्रेस एवं डेड लिफ्ट चैंपियनशिप आयोजित की गई। इसमें सेक्टर-10ए स्थित बैलेंस फिटनेस लॉन्ग जिम से कोच अभिषेक कश्यप, कोच रिषभ और अक्षय राघव ने भाग लिया। इस चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए बैलेंस फिटनेस लॉन्ग जिम के अभिषेक कश्यप ने कुल 1080 किलो भार उठाकर बेंच प्रेस में गोल्ड मेडल जीता। वे अपनी श्रेणी में ओवरऑल चैंपियन बने। वहीं उन्होंने डेड लिफ्ट में सिल्वर मेडल जीता। कोच रिषभ ने कुल 930 किलो वजन उठाकर अपने श्रेणी में 2 सिल्वर मेडल जीते। अक्षय राघव ने कुल 845 किलो वजन उठाकर अपनी श्रेणी में दो गोल्ड मेडल जीते। स्थानीय निगम पार्षद ब्रह्म यादव ने मेडल जीतने वाले कोच अभिषेक कश्यप, कोच रिषभ और अक्षय राघव को सफलता के लिए बधाई दी। सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते ब्रह्म यादव ने कहा कि खेलों में युवाओं के लिए असीम संभावनाएं है। आज विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर युवा खिलाड़ी अपने आप को ना सिर्फ साबित कर रहे है बल्कि मेडल भी जीत रहे है। केंद्र की मोदी और प्रदेश की मनोहर सरकार युवा खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए यथासंभव कदम उठा रही है। आने वाले समय में भारत दुनिया में खेल महाशक्ति के तौर पर जाना जाएगा।

# रक्तदान शिविर में 120 यूनिट रक्त एकत्र



भरोसा मित्र / एमके अरोड़ा

**गुरुग्राम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में गुरुग्राम विश्वविद्यालय में बुधवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें विश्वविद्यालय के छात्र, यूथ रेड क्रॉस एवं एनएसएस स्वयंसेवकों और शिक्षकों, कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। विश्वविद्यालय के यूथ रेड क्रॉस द्वारा आयजित शिविर का उद्घाटन गुरुग्राम विश्वविद्यालय के कुलपति एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रो. दिनेश कुमार, विशिष्ठ अतिथि, सचिव, जिला रेड क्रॉस सोसायटी विकास कुमार ने रिबन काट कर किया।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि रक्तदान शिविर में 120 यूनिट रक्त एकत्र किया गया है, जिससे जरूरतमंद लोगों की मदद की जाएगी। प्रो दिनेश कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय नियमित रूप से मानव सेवा के लिए अपने छात्रों,कर्मचारियों और स्थानीय निवासियों के चिकित्सा लाभ के लिए नि:शुल्क मेडिकल शिविर आयोजित करता आ रहा है और पहले भी कई रक्तदान शिविर और फिजियोथेरेपी कैंप एवं कोविड काल के दौरान टीकाकरण अभियान आयोजित कर चुका है आगे कुलपति ने कहा कि एक व्यक्ति द्वारा किया गया रक्तदान तीन व्यक्तियों की जिंदगी बचाता है। इस मौके पर यूथ रेड क्रॉस समन्वयक डॉ. नीलम वशिष्ठ, डॉ. अंशिता ने शिविर के सफल आयोजन हेतु अपनी टीम सहित सभी को शुभकामनाएं दी।

# एक माह तक पालम विहार रोड वाहनों के लिए रहेगा बन्द




**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरूग्राम द्वारा सैक्टर-5 गोल चक्कर से कृष्णा चौक तक की सडक दोनों साईड 28 सितंबर से 27 अक्तुबर तक वाहनों के लिए बन्द रहेगी। क्योंकि इस सडक पर गहरे सीवर का कार्य किया जाना है। इस बारे में जानकारी देते हुए नगर निगम गुरूग्राम के कनिष्ठ अभियंता निशुपाल गुलिया ने बताया कि पालम विहार रोड़ पर नगर निगम गुरूग्राम द्वारा गहरे सीवर के निर्माण का कार्य किया जाना है। आमजन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एक माह तक सैक्टर-5 गोल चक्कर से कृष्णा चौक तक सडक पर आने-जाने वाले वाहनों को प्रतिबंधित किया गया है। वाहन चालकों से अनुरोध है कि वे यातायात पुलिस द्वारा सुझाए गए वैकल्पिक रास्ते का उपयोग करें।

# श्रद्धालुओं ने 73 स्थानों पर 11-11 बार किया हनुमान चालीसा का पाठ





भरोसा मित्र / एमके अरोड़ा

**गुरुग्राम।** राष्ट्र के प्रति समर्पित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 73 वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे आयुष्मान दिवस व सेवा पखवाड़ा के दौरान भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य, सीएसआर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष व पंजाबी बिरादरी महासंगठन के अध्यक्ष बोधराज सीकरी तथा उनकी टीम द्वारा आयुष्मान कार्ड वितरण, स्वास्थ्य शिविर, नेत्रदान जागरुकता, स्वच्छता अभियान, पेंटिंग प्रतियोगिता, नेपकिन वितरण आदि सेवा कार्य किए जा रहे हैं। इसके अलावा करनाल के सांसद संजय भाटिया की प्रेरणा से संस्था की मुहिम के तहत धर्मेन्द्र बजाज, गजेन्द्र गोसाई, अनिल कुमार, किशोरी डुडेजा आदि द्वारा शहर के 73 मंदिरों, आर्य समाज व अपने-अपने आवासों पर हवन-यज्ञ आयोजित किया गया। वहीं दूसरी ओर मंगलवार को बोधराज सीकरी ने 73 झुग्गी-झोपडियों, बस्तियों, अलग-अलग स्थानों पर हनुमान चालीसा पाठ की मुहिम के तहत 11-11 बार पाठ कराया, जिसमें 4193 साधकों ने भाग लिया और 38359 बार पाठ किया गया। 21 हजार 667 साधकों द्वारा कुल 3 लाख 19 हजार 464 पाठ किए गए हैं। मंगलवार को गजेन्द्र गोसाई द्वारा ज्योति पार्क क्षेत्र में राज कुमार कथूरिया और यश के प्रयास से करीब 320 साधकों की उपस्थिति में 11 बार पाठ किया गया। अब तक इस श्रृंखला में 130 स्थानों पर 25 हजार 860 साधकों ने 3 लाख 57 हजार 823 पाठ किए हैं। बोधराज सीकरी ने कहा कि ईश्वर के आशीर्वाद से करीब 7 माह पूर्व शुरु की गई यह मुहिम लगातार साधकों के लिए आस्था का प्रतीक बनती जा रही है। यह मुहिम भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ की प्रेरणा से शुरु की गई थी। प्रत्येक मंगलवार को गजेंद्र गोसाई व पंडित भीमदत्त के सहयोग से आयोजन किया जाता है। हनुमान चालीसा का पाठ करने से साधकों को आत्मिक शांति की अनुभूति होती है। आयोजन को सफल बनाने में ओम स्वीट्स के चेयरमैन ओमप्रकाश कथूरिया, सम्राट बेकरी के देवेंद्र, केंद्रीय श्रीसनातन धर्मसभा के प्रधान सुरेंद्र खुल्लर, प्रमोद सलूजा, द्वारका नाथ कक्कड़, न्यू कालोनी सेंटर ग्राउण्ड आरडब्ल्यूए के प्रधान दलीप लूथरा, रमेश मुंजाल, दलीप मुंजाल, भीम कामरा, कपिल अरोड़ा, सुख देव, पंडित चुनी लाल, पंडित हरीश शर्मा, हेमंत मोंगिया, नरेंद्र गिरधर, किशोरी डुडेजा, युधिष्ठिर अलमादी, सीबी मनचंदा, योगेश गंभीर, अर्जुन, यश, डा. अलका शर्मा, रमेश कामरा, राम लाल ग्रोवर, उमेश ग्रोवर, अनिल कुमार, रमेश कुमार, सतपाल नासा, ओम प्रकाश गाबा, ज्योत्सना बजाज, शशि बजाज, रचना बजाज, सिमरन बजाज, वीणा अरोड़ा, गीता, पुष्पा नासा आदि का सहयोग रहा।

# अमृत कलश यात्रा का आयोजन

**गुरुग्राम।** आजादी के अमृत महोत्सव श्रृंखला में देशभर में चलाए जा रहे अमृत कलश यात्रा कार्यक्रम के तहत जिला में भी डीसी निशांत कुमार यादव के मार्गदर्शन में सभी खंडों के गांवो में प्रतिदिन कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों में ग्राम पंचायतों के साथ-साथ विद्यार्थी व सामाजिक संगठनों के लोग भी शामिल हो रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को भी पटौदी-मंडी नगर परिषद सहित विभिन्न गांवों में अमृत कलश यात्रा का आयोजन किया गया। नगर परिषद में क्षेत्र में निकाली गई इस यात्रा में एनएसजी यानी राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड की टीम का भी विशेष योगदान रहा। जिसमें टीम के सदस्यों ने मेरा माटी-मेरा देश अभियान के तहत अमृत कलश में घरों की मिट्टी व चावल एकत्रित किए। जिला में अभी तक 140 से अधिक पंचायतों में अमृत कलश यात्रा का आयोजन किया जा चुका है। उल्लेखनीय है कि आजादी के अमृत महोत्सव के समापन पर मेरी माटी-मेरा देश अभियान के दूसरे चरण में पूरे देशभर में अमृत कलश यात्रा कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अमृत कलश यात्रा के माध्यम से गांवों व शहरी क्षेत्र से घरों से चावल व मिट्टी कलश में एकत्रित की जा रही है। जिला में 30 सितंबर तक गांव स्तर से चावल और मिट्टी एकत्रित किए जाएंगे और उसके बाद खंड स्तर, एमसी स्तर व जिला स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उसके बाद प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम आयोजित होगा और दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस मिट्टी व चावल का प्रयोग कर्तव्य पथ अमर शहीदों व बलिदानियों की याद में बन रहे स्मारक में किया जाएगा।

**दिए निर्देश** | एडीसी हितेश कुमार मीणा की अध्यक्षता में स्ट्रक्चरल ऑडिट को लेकर हुई बैठक

# लोगों की सुरक्षा प्रशासन की प्राथमिकता : मीणा

भरोसा मित्र / एमके अरोड़ा



गुरुग्राम। एडीसी हितेश कुमार मीणा ने कहा कि गुरूग्राम में मल्टी स्टोरीज बिल्डिंग में रिहायश करने वालों की सुरक्षा सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। जिला में जिन 23 बिल्डिंग्स का स्ट्रक्चरल ऑडिट होना है उनके बिल्डर अपना बिल्डिंग प्लान कराए। उन्होंने यह निर्देश बुधवार को लघु सचिवालय स्थित कांफ्रेंस हॉल में बिल्डर्स, आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों और प्रशासनिक अधिकारियों की संयुक्त बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए। एडीसी ने कहा कि कंसलटेंट एजेंसी और बाकी पक्ष जानने के बाद यह तय किया गया है कि किसी भी सोसायटी के ढांचे में जो भी खामियां पाई जाएंगी, उसे ठीक करवाने के लिए प्रति वर्ग फीट के हिसाब से रेट निर्धारित कर दिए गए हैं। इसमें से आधा खर्च आरडब्ल्यूए और आधी राशि बिल्डर द्वारा वहन की जाएगी। उन्होंने कहा कि अभी तक जिन बिल्डर्स ने अपना प्लान नहीं दिया है वह आगामी एक सप्ताह में सभी बिल्डर अपना प्लान जमा करवा दें ताकि उनके द्वारा बनाए गए भवनों का ऑडिट करवाया जा सके। इस दौरान विशेषज्ञों की ओर से इन बिल्डिंग के टेस्ट भी करवाए जाएंगे। एडीसी ने कहा कि जिन लोगों ने अपना फ्लैट खरीद लिया है और अभी तक उसका कब्जा नहीं लिया है तो उनको मरम्मत कार्य में होने वाला खर्च वहन करना होगा। इसके अलावा जो फ्लैट अभी तक बिके नहीं है, उनका खर्चा बिल्डर कंपनी को उठाना पड़ेगा। उन्होंने बैठक में उपस्थित आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों और बिल्डर्स कंपनियों के प्रतिनिधियों का पक्ष सुना और कहा कि दोनों के तालमेल से ही सोसायटी के भवनों का कार्य करवाया जाएगा। जिला प्रशासन का मकसद है कि गुरूग्राम की सभी सोसायटीज में लोग सुरक्षित ढंग से रहें। इस मौके पर डीटीपी (ई) मनीष यादव, लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता प्रवीण चौधरी सहित विभिन्न आरडब्ल्यूए व बिल्डर्स के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



## खबर फटाफट

### 19 किग्रा गांजा पत्ती सहित तस्कर काबू



**तावडू।** उपमंडल के गांव सीलखो मोड से पुलिस ने सूचना पर एक नशा तस्कर को काबू कर लिया। पुलिस ने नामजद व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस क्राईम की रोकथाम के लिए गस्त पर थी कि सूचना मिली कि गांव खरखडी निवासी उम्मर मौहम्मद गाडी में राजस्थान की तरफ से नशीला पदार्थ गांजा पत्ती भरकर लायेगा। पुलिस ने सूचना पर नाकाबंदी कर व्यक्ति को गाडी सहित काबू कर लिया। जिसने अपनी पहचान गावं खरखडी निवासी उम्मर मौहम्मद के रूप में कराई। जिसकी नियमानुसार गाडी की तलाशी ली तो गाडी की डिग्गी में एक कट्टा प्लास्टिक बरामद हुआ । जिसको खोलकर चैक करने पर कट्टा प्लास्टिक में 19.130 किलोग्राम गांजा पत्ती बरामद हुई। पुलिस ने उम्मर मौहम्मद के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।
फोटो कैप्सनः 27 सितंबर तावडू 1ः तावडू में पुलिस गिरफ्त में नशा तस्कर।

### श्री गणेश उत्सव पर शहर में अनेक जगहों पर भंडारे किए आयोजित

**नारनौल।** श्री गणेश उत्सव के दौरान आज शहर के विभिन्न मोहल्लों में भंडारों का आयोजन किया गया। जिसमें युवा मण्डल मोहल्ला पुरानी सराय व मोहल्ला मीराजी में भंडारा लगाया। जिसमें अपने श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इससे पूर्व कार्यक्रम में श्री गणेश महाराज की सुबह शाम महाआरती से शुभारंभ होता है। शाम को आरती के बाद छोटे छोटे बच्चों के के द्वारा अलौकिक झांकियां की प्रस्तुति दी जाती है। उत्सव के नवम दिन मण्डल की तरफ से अमृतमयी भण्डारा का आयोजन किया गया। जिसमें शहर के हजारों की संख्या में गणमान्य नागरिकों व मातृशक्ति ने प्रसाद ग्रहण किया गया उत्सव के दशम दिन 28 सितंबर वार वीरवार शाम 4 बजे गणेश जी महाराज की शोभायात्रा मोहल्ला पुरानी सराय बड़ी धूमधाम से चलकर शहर के सुप्रसिद्ध छोटे बड़े तालाब पहुंचकर गणपति बप्पा की मूर्ति का विसर्जन किया जाएगा। इस मौके पर संजय शर्मा, प्रवीण वर्मा, रामविलास सैनी, रघुनंदन चौबे, मुकेश सेन, मुकेश, धर्मवीर सेन, गिरधारी सैनी, विनोद सैनी, यशपाल, दिनेश अग्रवाल, बालमुकुंद सैनी व प्रशांत सैनी आदि अनेक मोहल्ला वासी उपस्थित थे।

### काठूवास में राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत की जनसभा आज

**मंडी अटेली ।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत आज 28 सितंबर को गांव काठूवास आएंगे। राजस्थान सरकार में कैबिनेट मंत्री टीकाराम जूली के पिता दिवंगत लेखराम ठेकेदार की मूर्ति का अनावरण उनके पैतृक गांव में करेंगे। जानकारी देते हुए उद्योगपति मुकेश जूली ने बताया कि क्षेत्र में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पहली बार आ रहे है। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व केन्द्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह करेंगे। विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद डॉ करण सिंह यादव करेंगे। जिसको लेकर क्षेत्र की जनता में जोश और उत्साह है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री जनसभा को भी संबोधित करेंगे। बता दें कि कैबिनेट मंत्री टीकाराम जूली राजस्थान में कैबिनेट मंत्री है तथा अलवर ग्रामीण विधानसभा से दो बार विधायक निर्वाचित हो चुके है तथा वर्तमान में सामाजिक न्याय व कारागार महकमे में कैबिनेट मंत्री है। उनका पैतृक गांव काठूवास है जो बहरोड़ विधानसभा के अंतर्गत आता है जो तीन ओर से हरियाणा से घिरा हुआ है। बता दें कि राजस्थान में प्रदेश सरकार का निर्धारित कार्यकाल पूरा होने वाला है तथा कभी भी आचार संहिता लागू हो सकती है।

### अटेली मंडी में आज पहले दिन से दोगुना संख्या में किसान पहुंचे

**मंडी अटेली।** अटेली अनाज मंडी में आज दुगने किसानों से अधिक किसान बाजरा बेचने पहुंच गये। मंडी में आज 1200 से अधिक किसान मंडी में बाजरा बेचने पहुंचे। हालांकि मंडी में बाजरा का उठान के चलते आज कम ही बाजरा की खरीद की गई। आज उन किसानों का बाजरा खरीदा गया जो कल देर सांय अनाज मंडी में बाजरा लेकर पहुंचे। सुबह सात बजे ही बाजरा लाने वाले किसानों से अनाज मंडी के पास अटेली-कनीना चौक पर जाम लग गया। जाम में कई स्कूल बसें फंस गई जो काफी देर बाद जाम से निकल कर स्कूल पहुंची। हालांकि बाद में पुलिस ने पहुंच कर कंट्रोल किया लेकिन भारी भीड़ होने से पुलिस को पूरे दिन पसीने बहाने पड़े। इस संबंध में खरीद अधिकारी सतेन्द्र यादव से बात की तो उन्होंने बताया कि बाजरा काफी मात्रा में मंडी में पहुंच गया। उन्होंने 13 हजार क्विंटल के करीब बाजरा खरीद लिया। उसका उठान भी करवाया जा रहा है क्योंकि बाजरा डालने के लिए जगह कम है। भारी संख्या में किसान मंडी में आज गए सभी का बाजरा आज खरीद नहीं हो सकता है। उनका प्रयास है अधिक से अधिक किसानों का बाजरा खरीद कर लिया जाए तो मापदंड पूरा कर रहा है। मंडी में निश्चित किसान पहुंचे इसके लिए कोई नियम बनाना चाहिए।

मेवात जिले में ढकोसला साबित हो रहा है सरकार का बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा

# अध्यापकों की कमी छात्राओं की शिक्षा पर भारी

**शाह चोखा गर्ल सीनियर सेकेंडरी स्कूल की 400 छात्राओं को पढ़ाने के लिए नहीं है एक भी अध्यापक**

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

**नूंह ।** हरियाणा सरकार जहां बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ नारे को सार्थक करने के लिए बेटियों की शिक्षा कर जोर दे रही है। वहीं मेवात जिले में अध्यापकों की भारी कमी के चलते बेटियों की शिक्षा पर काफी प्रभाव पड़ रहा है और हद तो तब हो गई जब गर्ल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के अध्यापकों को संस्कृत मॉडल स्कूलों में शिफ्ट किया जा रहा है,जिसके चलते मेवात के लोगों के सरकार के प्रति और शिक्षा विभाग के प्रति भारी रोष देखने को मिल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गर्ल सीनियर सेकेंडरी स्कूल शाह चोखा में छठी कक्षा से लेकर 12वीं कक्षा तक 400 छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर रही हैं। लेकिन इन 400 छात्राओं को पढ़ाने के लिए कोई अध्यापक नहीं है। गर्ल सीनियर सेकेंडरी स्कूल शाह चोखा में 400 छात्राओं को पढ़ाने के लिए स्कूल में जहां एक प्रिंसिपल और दूसरी एक हिंदी की लेक्चरर थी, वही हिंदी की लेक्चरर को पुनहाना खंड के सिरौली संस्कृत मॉडल स्कूल में डेपुटेशन पर भेज दिया गया है। जिससे आज गांव शाह चोखा की गर्ल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 400 छात्रों को पढ़ाने वाला अब कोई अध्यापक नहीं है।गांव की पूर्व जिला पार्षद मदीना बेगम, डॉक्टर सरफुद्दीन, आजाद, अहमद आदि ने सरकार व शिक्षा विभाग से मांग की कि उनके गांव के गर्ल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में जल्द से जल्द अध्यापकों की नियुक्ति की जाए।






### क्या कहते हैं पुनहाना के खंड शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र सिंह

जब इस बारे में पुनहाना के खंड शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र सिंह से बात की तो उन्होंने अपना दुखड़ा रोते हुए कहा कि पुनहाना खंड में अध्यापकों की भारी कमी है और लगभग सभी सीनियर सेकेंडरी स्कूलों से अध्यापकों को दूसरी जगह भेज दिया गया है। ऐसे कई गांवों के लोग उनसे मिले हैं। लेकिन उन्होंने अपनी मजबूरी दिखाते हुए अपने हाथ खड़े कर दिए हैं। उन्होंने लोगों को समझाते हुए कहा कि वह इस बारे में उच्च अधिकारियों से मिलकर बात करें। उन्होंने माना कि स्कूलों में अध्यापकों की भारी कमी के चलते बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

### क्या कहती हैं अतिरिक्त उपायुक्त रेनू सोगन

जब इस बारे में जिले की अतिरिक्त उपायुक्त रेनू सोगन से बात की तो उन्होंने कहा कि मेवात के संस्कृत मॉडल स्कूलों में अध्यापकों की भारी कमी को देखते हुए शिक्षा विभाग ने यह फैसला लिया है कि गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूलों से अध्यापकों को वहां शिफ्ट किया जाए। लेकिन जिन स्कूलों में छात्राओं को पढ़ाने के लिए एक भी अध्यापक नहीं है तो उन स्कूलों के बारे में सोचा जाएगा। उन्होंने कहा कि गांव शाह चोखा की गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल की अध्यापिका को वापस बुलाया जाएगा।

### क्या कहते हैं जिला शिक्षा अधिकारी परमजीत सिंह चहल

जिला शिक्षा अधिकारी परमजीत सिंह चहल से जब इस बारे में बात हुई तो उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग के डायरेक्टर द्वारा एक कमेटी बनाकर मेवात के संस्कृत मॉडल स्कूलों में अध्यापकों की कमी को देखते हुए गवर्नमेंट गर्ल सीनियर सेकेंडरी स्कूल और दूसरे स्कूलों से अध्यापकों को वहां शिफ्ट कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि मेवात जिले में मात्र 35 परसेंट ही लेक्चरर है, जबकि 65 प्रतिशत सीट खाली पड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि वह भी तावडू और नूह के अंदर लगाए हुए हैं। जबकि पुनहाना, फिरोजपुर और नगीना खंड में स्कूलों के अंदर अध्यापकों की भारी कमी है। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग के डायरेक्टर द्वारा बनाई गई कमेटी की अध्यक्ष जिले की अतिरिक्त उपायुक्त है और उन्होंने ही अध्यापकों को मेवात के संस्कृत मॉडल स्कूलों में शिफ्ट किया है। उन्होंने माना कि गांव शाह चोखा के स्कूल में 400 छात्राओं को पढ़ने के लिए कोई अध्यापक नहीं है लेकिन वह इस बारे में एडीसी रेनू सोगन से बात करेंगे और उस अध्यापिका को वापस भिजवाने का काम करेंगे।

## आरोपी पटवारियों पर कानूनी कार्रवाई की स्वीकृति

**विजिलेंस टीम ने रिश्वत के साथ पकड़ा था चारों पटवारियों को**



आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

**नूंह।** उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने रिश्वत लेने के आरोप में पकड़े गए चार पटवारियों नामतः समसुद्दीन, नरेंद्र, रामदेव व विनोद कुमार के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा-19 के तहत कानून प्रावधानों के अनुसार मुकदमा चलाकर कार्यवाही करने की स्वीकृति प्रदान की है। उपायुक्त ने बताया कि गांव पढ़ेनी, तहसील तावडू निवासी समसुद्दीन को विजिलेंस टीम ने जमीन की मुटेशन करने की एवज में अगस्त 2022 में 50 हजार रुपए की रिश्वत के साथ पकड़ा था। इसी प्रकार गांव मांदी, जिला महेंद्रगढ़ निवासी नरेंद्र को भी जुलाई 2022 में विजिलेंस टीम ने पटवारी के पद पर रहते हुए जमीन की मुटेशन करने की एवज में 9 हजार रुपए की रिश्वत के साथ गिरफ्तार किया था। एक अन्य घटना में विजिलेंस टीम ने गांव बिछौर, तहसील पुन्हाना निवासी रामदेव को मई 2022 में पटवारी के पद पर रहते हुए जमीन की मुटेशन करने की एवज में 1500 रुपए की रिश्वत के साथ तथा गांव बंचारी, जिला पलवल निवासी विनोद कुमार को मई 2022 में पटवारी के पद पर रहते हुए जमीन की मुटेशन करने की एवज में 1500 रुपए की रिश्वत के साथ पकड़ा था।

### उपायुक्त ने की विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा

उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की आगामी बैठक की तैयारियों के मद्देनजर संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर की जा रही कार्यवाही की प्रगति की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे दिशा की बैठक में अपने विभाग के संबंधित सभी बिंदुओं पर स्पष्ट कार्यवाही रिपोर्ट लेकर आएं तथा सक्षम अधिकारी स्वयं बैठक में भाग लेना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने बताया कि केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यान्वयन व योजना राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह की अध्यक्षता में आगामी 3 अक्टूबर को दोपहर 12.30 बजे लघु सचिवालय के कांफ्रेंस हाल में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक होगी। इस बैठक में केंद्रीय मंत्री द्वारा केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं व विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की जाएगी, इसलिए संबंधित विभाग अपने कार्यों व योजनाओं की प्रगति का पूरा ब्यौरा प्रस्तुत करेंगे। उपायुक्त ने आज मीटिंग में पीएम आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन-अर्बन, अम्रुत, शिक्षा, पंचायती राज, कृषि व बिजली विभाग सहित विभिन्न विभागों के अंतर्गत चलाए जा रहे कार्यक्रमों, विकास कार्यों व योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की।

## आकेड़ा गांव में पशुपालन जागरूकता शिविर का आयोजन : डॉ वीरेंद्र सहरावत

**विरेन्द्र सहरावत ने पशुपालकों से गाँव - आकेड़ा को जिले का प्रथम जोखिम मुक्त गांव बनाने के लिए आह्वान किया**

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र



**नूंह।** नूंह खंड के गांव आकेड़ा में पशुपालक जागरूकता शिविर तथा पशु किसान क्रेडिट कार्ड शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डा. विरेन्द्र सहरावत ने विशेष रूप से शिरकत की। उपनिदेशक ने पशुपालको को विभागीय योजनाओं के बारे में बताया। डॉ. विरेन्द्र सहरावत ने पशुपालकों से गाँव - आकेड़ा को जिले का प्रथम जोखिम मुक्त गांव बनाने के लिए आहवान किया। उन्होंने बताया कि सरकार पशु बीमा द्वारा जिले में पशु मालिकों को जोखिम मुक्त कार्य कर रही है। इसके अलावा डा. गजेन्द्र ने पशुपालकों को पशुओं के स्वास्थ्य सम्बंधी समस्याओं का निदान किया गया। शिविर में तकरीबन सौ पशुपालको ने पहुंच कर ज्ञान वर्धन किया तथा योजनाओं का उठाया आकेड़ा गांव के सरपंच ने इस मौके पर उपनिदेशक का पगड़ी पहनाकर स्वागत किया।

## कर्मचारी आक्रोश रैली सभी रैलियों के रिकार्ड तोड़ेगी



**तावडू।** नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने दावा किया कि 15 अक्टूबर को रोहतक में होने वाली कर्मचारी आक्रोश रैली पूर्व में सभी रेलियों के रिकॉर्ड ध्वस्त कर देगी। सरकार ने 14 अक्टूबर तक कर्मचारियों की मांगों का समाधान नहीं किया तो रैली के मंच से संघ करेगा निर्णायक आंदोलन की घोषणा। उल्लेखनीय है कि पालिका कर्मचारियों ने आज लगातार तीसरे दिन भी पालिका कार्यालय पर कार्मिक भूख हड़ताल जारी रखी। अब कल भी ये कर्मचारी कार्मिक भूख हड़ताल करते हुए उल्टी झाडू व काले झंडे लेकर शहर में प्रदर्शन करेंगे। नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आवाहन पर सरकार की हठधर्मिता, वायदा खिलाफी के खिलाफ शहर के मुख्य बाजारों में उल्टी झाडू और काले झंडो के साथ आक्रोश प्रदर्शन भी किया। नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा लगातार आंदोलन व हड़ताल कर रहा है। आंदोलन के दबाव में सरकार ने पालिका कर्मचारियों से 29 अक्टूबर 2022 व 5 अप्रैल 2023 को दो दौर की वार्ताएं की है। इन वार्ताओं में कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने का प्रथा समाप्त करने, अग्निशमन विभाग को शहरिस्तान में निकाय विभाग में पुनः शामिल करने, 1327 ड्राइवर में फायरमैनो को सृजित पदों पर समायोजित करने सहित अन्य दर्जनों मांगों पर सहमति बनी थी।

## एनडीए लिखित परीक्षा में आरपीएस का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

**महेंद्रगढ़।** एक बार फिर से आरपीएस शिक्षण संस्थान की प्रतिभाओं ने एनडीए की लिखित परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए हर बार की तरह अपना दबदबा कायम रखा। आरपीएस संस्था के 145 विद्यार्थियों ने इस परीक्षा में सफलता प्राप्त कर संस्था के साथ-साथ अपने क्षेत्र, जिले व प्रदेश का नाम रोशन किया है। सभी चयनित विद्यार्थियों को संस्था की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव व सीईओ इंजी. मनीष राव ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संस्था की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि क्षेत्र के साथ-साथ अब आरपीएस के प्रतिभावान छात्र-छात्राएं सेना में भी अधिकारी बनकर देश का गौरव बढ़ाने का काम कर रहे हैं। पहले उचित मंच के अभाव में इस मरूभूमि के बच्चे सेना में नीचे के पदों तक ही रह जाते थे परंतु अब आरपीएस के उचित मंच के माध्यम से यहां के बच्चे सेना में अधिकारी के पद पर पहुंच रहे हैं। यह हम सब के लिए गौरव का विषय है। पिछले परिणाम की तरह इस बार भी लड़कियों ने सेना में उच्च पद पर पहुंचने के लिए लिखित परीक्षा में भाग लिया तथा काफी संख्या में सफल भी रही। संस्था के सीईओ इंजी. मनीष राव ने कहा कि प्रतिभाओं को तराशने के लिए विद्यार्थियों को समय-समय पर उचित मार्ग दर्शन मिलना अति आवश्यक है, जो आरपीएस शिक्षण संस्था की प्रबंधन समिति व शिक्षक समय-समय पर विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों से विचार-विमर्श कर सफलता के नए-नए तरीके अपनाते रहते हैं। उन्होंने बताया कि यूपीएससी द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की इस लिखित परीक्षा में देशभर से लाखों विद्यार्थियों ने भाग लिया था, जिसमें लगभग 7974 विद्यार्थी ही सफलता हासिल कर पाए।



## डीएसपी ने शॉपिंग काम्पलेक्स के बरामदों का निरीक्षण किया

**कहा कि शॉपिंग कांप्लेक्स में ही नहीं पूरे शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाया जाएगा**

**महेंद्रगढ़।** नगर पालिका व शॉपिंग कांप्लेक्स मे दुकानों के आगे बने बरामदों को खाली करवाने के लिए चल रहे विवाद को देखते हुए डीएमसी उदयसिंह मंगलवार की शाम को शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के बरामदों का निरीक्षण किया तथा दुकानदारों से बातचीत की।
दुकानदारों ने अपनी समस्या रखते हुए कहा कि हम बरामदों का किराया भरते हैं इसलिए इन पर हमारा अधिकार है। नगरपालिका बरामदों को खाली करवाने पर अड़ी हुई है। उन्होंने बताया कि उनके पास तत्कालीन प्रशासक के प्रस्ताव की एक कापी भी है, जिसमें वर्णित है कि बरामदों पर दुकानदारों का हक है।
नगरपालिका के अध्यक्ष रमेश सैनी ने कहा कि डीएमसी के आदेशों की पालन की जाएगी। शहर के सौंदर्यीकरण के लिए शॉपिंग कांप्लेक्स के सभी दुकानदार बरामदे को खाली कर दें। उन्होंने कहा कि शॉपिंग कांप्लेक्स में ही नहीं पूरे शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाया जाएगा।
नगरपालिका सचिव 3 अक्टूबर को अपनी छुट्टी से लौट आएंगे उसके बाद कार्रवाई दोबारा चालू की जाएगी।

**आरोप** रमेश विधूड़ी ने संसद में धर्म विशेष के खिलाफ अपशब्द कहकर संसद को किया शर्मसार

## प्रदेश में इस बार बनेगी इनेलो की सरकार: हबीबुर्रहमान

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

**नूंह ।** मेवात में पार्टी और हल्का बदलने के नाम से मशहूर पूर्व विधायक चौधरी हबीबुर्रहमान ने इनेलो के जिला कार्यालय पर बुधवार को पत्रकार वार्ता कर कहा कि देश और प्रदेश के राजनीतिक हालातों को देखकर उन्होंने इनेलो का दामन थामा है और आने वाले विधानसभा चुनाव में वह इनेलो पार्टी की टिकट पर नूंह से विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। इतना ही नहीं उन्होंने कहा कि इनेलो उनकी आखिरी पार्टी है और आखिरी सांस तक वह इनेलो में ही रहकर नूंह से चुनाव लड़ेंगे। आपको बता दें कि 2004 में हबीबुर्रहमान नूंह से निर्दलीय विधायक के तौर पर चुनाव जीत कर विधानसभा में पहुंचे थे, लेकिन उस दिन के बाद उन्होंने कई पार्टियां बदलकर कभी फिरोज़पुर झिरका तो कभी पुनहाना विधानसभा हल्कों को बदल बदल कर अपनी राजनीतिक छवि को काफी नुकसान पहुंचाया। लेकिन 25 सितंबर को उन्होंने जननायक चौधरी देवीलाल के जन्म दिवस पर कैथल में हुई सम्मान रैली में चौधरी अभय सिंह चौटाला के नेतृत्व में इनेलो का दामन थामा और अब वह नूंह से इनेलो की टिकट पर चुनाव लड़ने की ताल ठोक रहे हैं। चौधरी हबीबुर्रहमान ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि देश की सबसे बड़ी पंचायत में भाजपा के सांसद रमेश विधूड़ी ने जो बयान दिए हैं उससे शर्मनाक बात कोई हो ही नहीं सकती। एक धर्म विशेष के खिलाफ उनके मन में जो कट्टरवाद भरा हुआ था उन्होंने वह देश के सामने अपनी पूरी मन की बात निकाली और एक धर्म के प्रति जो शब्द उन्हें नहीं बोलना था वह सब बोलकर उन्होंने देश की संसद को भी शर्मसार करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के अंदर आने वाले विधानसभा चुनाव में इनेलो की पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनने जा रही है और वह जनता से कहना चाहते हैं कि चौधरी ओमप्रकाश चौटाला ने जिस तरह मुख्यमंत्री रहते हुए प्रदेश और मेवात का चोहमूखी विकास किया था,आने वाले समय में चौधरी ओमप्रकाश चौटाला के आशीर्वाद से प्रदेश के भावी मुख्यमंत्री चौधरी अभय सिंह चौटाला भी मुख्यमंत्री बनकर इसी तरह मेवात और प्रदेश का विकास करेंगे। उन्होंने कहा कि मेवात हमेशा से इनेलो का गढ़ रहा है। इनेलो ने हर बार मेवात से लगभग ज्यादा से ज्यादा सीट जीतकर विधानसभा में अपने विधायकों को पहुंचाने का काम किया है। लेकिन पिछली बार मेवात में कांग्रेस के तीनों विधायकों ने जीत दर्ज कर इनेलो के विजेता रथ को तोड़ने का काम किया था। लेकिन अब उन्हें उम्मीद ही नहीं बल्कि पूरा भरोसा है कि आने वाले विधानसभा चुनाव में मेवात जिले के अंदर सभी सीटों पर इनेलो पार्टी जीतेगी। इस दौरान हाजी सोहराब खान ने चौधरी हबीबुर्रहमान का पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि हबीबुर्रहमान के आने से पार्टी को मजबूती मिलेगी और वह भी पार्टी के साथ ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ने का काम करेंगे। इस दौरान इब्राहिम पहलवान, जैकम अल्वी,तलहा एडवोकेट इनेलो महिला नेत्री सरोज ,बानो सहित काफी नेता मौजूद रहे।



## राज्य स्तरीय महिला पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

**नूंह ।** हरियाणा महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से राज्य स्तरीय महिला पुरस्कार 2023-24 के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। विभिन्न क्षेत्रों में विशेष उपलब्धियां प्राप्त करने वाली इच्छुक महिलाएं लघु सचिवालय के प्रथम तल पर स्थित महिला एवं बाल विकास कार्यालय में 20 नवंबर तक आवेदन जमा करवा सकती हैं। यह पुरस्कार प्रत्येक वर्ष अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर 8 मार्च को प्रदान किए जाते हैं। उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने जानकारी देते हुए बताया कि इंदिरा गांधी महिला शक्ति पुरस्कार के लिए 1 लाख 50 हजार रुपए व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। इसी प्रकार कल्पना चावला शौर्य पुरस्कार के लिए 1 लाख रुपए व प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। इसी तरह बहन शन्नो देवी पंचायती राज पुरस्कार के लिए 1 लाख रुपए व प्रशस्ति पत्र मिलेगा। लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड के लिए 51 हजार व प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिलाओं को विभिन्न आठ श्रेणियां में 21-21 हजार रुपए व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। पहली श्रेणी में एएनएम, एमपीडब्ल्यू तथा नर्स शामिल है। दूसरी श्रेणी में महिला खिलाड़ी, तीसरी श्रेणी में साक्षर महिला समूह सदस्य, चौथी श्रेणी में राजकीय कर्मचारी, पांचवीं श्रेणी में सामाजिक कार्यकर्ता, छठी श्रेणी में महिला उद्यमी, सातवीं श्रेणी में स्त्री शक्ति पुरस्कार तथा आठवीं श्रेणी में आंगनबाड़ी कर्मी शामिल हैं। इन श्रेणियां में 21-21 हजार रुपए व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। उपायुक्त ने बताया कि आवेदन के लिए अभ्यर्थी अपना संपूर्ण बायोडाटा साथ लेकर आएं। उन्होंने बताया कि इस संबंध में अन्य किसी जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस को महिला एवं बाल विकास कार्यालय में आकर कर जानकारी ले सकते हैं।

## खबर फटाफट

### एच.एस.जी.पी.सी. के मतदाता के रूप में पंजीकृत कराने के लिए 30 तक करें आवेदन

**रेवाड़ी।** हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी चुनाव के लिए 30 सितंबर 2013 तक नए वोट बवाने का समय निर्धारित किया गया है। इस अवधि में कोई भी नया मतदाता स्वयं को एचएसजीपीसी के मतदाता के रूप में पंजीकृत करवा सकता है। एसडीएम होशियार सिंह ने सिख समुदाय के लोगों से अपील करते हुए वोट बनवाने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची में शामिल होने के लिए कम से कम आयु 18 साल और केशधारी सिख होना जरूरी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जो व्यक्ति पतित है या अपनी दाढ़ी या केश काटता या कटवाता है, तम्बाकू, कुथा (हलाल मांस) या नशीले पदार्थों का उपयोग करता है और मादक पेय लेता है वह वोट बनवाने का पात्र नहीं होगा। एसडीएम होशियार सिंह ने बताया कि गुरूद्वारा निर्वाचन हरियाणा की ओर से 30 सितम्बर तक नए वोट बनवाने का समय निर्धारित किया है। इस अवधि में कोई भी नया मतदाता स्वयं को एच.एस.जी.पी.सी. के मतदाता के रूप में पंजीकृत करवा सकता है। हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधन समिति की मतदाता सूची व नामों के पंजीकरण के लिए जिला प्रशासन को आवश्यक निर्देश निर्देश जारी किए गए हैं। मतदाता सूची में नामों के पंजीकरण के लिए आवेदन पत्र ग्रामीण क्षेत्र में पटवारी और शहरी क्षेत्र में नगरपालिका समिति/परिषद/निगम के सचिव के पास निशुल्क उपलब्ध हैं। कोई भी केशधारी सिख व्यक्ति जो हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधन समिति की मतदाता सूची के लिए अपना नाम पंजीकृत कराना चाहता है, वह 30 सितंबर तक अपना आवेदन जमा कर सकता है।

### जिला में एचआर36-एक्यू की नई सीरीज आज से शुरू

**रेवाड़ी।** एसडीएम रेवाड़ी होशियार सिंह ने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से वाहन चालकों के लिए नई सीरीज एचआर36-एक्यू सीरीज 28 सितंबर से शुरू हो रही है। ऐसे में बोली के आधार पर नई सीरीज में च्वाइस के नंबरों के लिए गुरूवार 28 सितंबर को प्रात~ 10 बजे एसडीएम कार्यालय रेवाड़ी में बोली आयोजित की जाएगी जिसमें भाग लेकर कोई भी वाहन चालक नई सीरीज में अपनी पंसद का नंबर प्राप्त कर सकते हैं।

### शास्त्री नगर में बंद पड़े मकान को चोरों ने बनाया निशाना

**नारनौल,।** स्थानीय महेंद्रगढ़ मार्ग स्थित शास्त्री नगर में चोरों ने एक बंद मकान को अपना निशाना बनाकर उसमें रखे 50 हजार रुपए नगद व एलईडी टीवी के अलावा अन्य सामान चुरा लिया। इस बारे में पीड़ित महिला ने पुलिस में शिकायत दी है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि चोरों ने मकान में तसल्ली से चोरी की तथा घर का सारा सामान भी बिखेर दिया। मोहल्ला शास्त्री नगर में चोरों ने एक बंद मकान को अपना निशाना बनाया है। चोरों ने बंद मकान के ताले तोडक़र चोरी की है। इस बारे में पीड़ित महिला शारदा देवी ने बताया कि उसने शास्त्री नगर में एक मकान बनाया हुआ है। जिसका नंबर 819 है। उसने बताया कि वह अपने मकान को बंद करके कहीं पर गई हुई थी। इस दौरान अज्ञात चोरों ने उसके घर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया।
पीड़ित महिला ने बताया कि चोरों ने घर का सारा सामान बिखेर दिया। अपनी शिकायत में पीड़ित महिला ने बताया है कि चोरों द्वारा घर के सारे ताले तोड़ दिए गए वहीं घर में लगे सीसीटीवी के कैमरे भी तोड़ दिए। इसके बाद चोरों ने घर के अंदर रखे 50 हजार रुपए नगद के अलावा एक एलइडी टीवी वह कुछ अन्य सामान भी चुरा लिया। पुलिस को दी गई शिकायत में उन्होंने चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं चोरी की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर घर में जाकर जांच शुरू कर दी।

### डीएसपी ने शापिंग काम्पलेक्स के बरामदों का निरीक्षण किया

**महेंद्रगढ़।** नगर पालिका व शॉपिंग कांप्लेक्स मे दुकानों के आगे बने बरामदों को खाली करवाने के लिए चल रहे विवाद को देखते हुए डीएमसी उदयसिंह मंगलवार की शाम को शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के बरामदों का निरीक्षण किया तथा दुकानदारों से बातचीत की।
दुकानदारों ने अपनी समस्या रखते हुए कहा कि हम बरामदों का किराया भरते हैं इसलिए इन पर हमारा अधिकार है। नगरपालिका बरामदों को खाली करवाने पर अड़ी हुई है। उन्होंने बताया कि उनके पास तत्कालीन प्रशासक के प्रस्ताव की एक कापी भी है, जिसमें वर्णित है कि बरामदों पर दुकानदारों का हक है। नगरपालिका के अध्यक्ष रमेश सैनी ने कहा कि डीएमसी के आदेशों की पालन की जाएगी। शहर के सौंदर्यीकरण के लिए शॉपिंग कांप्लेक्स के सभी दुकानदार बरामदे को खाली कर दें। उन्होंने कहा कि शॉपिंग कांप्लेक्स में ही नहीं पूरे शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाया जाएगा। नगरपालिका सचिव 3 अक्टूबर को अपनी छुट्टी से लौट आएंगे उसके बाद कार्रवाई दोबारा चालू की जाएगी।

### रामलीला मंचन को भव्य विशाल रूप देने के लिए तैयारियां जोरों पर

**नारनौल।** श्री धार्मिक रामलीला ट्रस्ट चान्दुवाडा द्वारा रामलीला मैदान चांदुवाडा में पिछले 73 वर्षों से लगातार आयोजित की जा रही भगवान राम की लीला को लेकर इस वर्ष रामलीला कमेटी की ओर से तैयारियां जोर शोर से जारी है। रामलीला से जुडे अनुभवी कलाकार साथी रामलीला मंचन को लेकर रिहर्सल में अपना पसीना बहा रहे हैं। मंगलवार रात्रि कलाकारों बलवंत सैनी, मनोज वर्मा, दीपक हरित, मोहित सोनी, राजेश सोनी, अनिल चौहान ने शिव धनुष, राम वनवास लीला की तैयारियां कर अपनी प्रतिभा को निखारा। ट्रस्ट प्रधान संजय गर्ग ने बताया कि रामलीला कमेटी पिछले 73 वर्षों से लगातार प्रभु राम की लीला का सुंदर मंचन शहर में करती आ रही है। इस वर्ष रामलीला के सौंदर्यीकरण के लिए रामलीला मंच व मैदान का नवीनीकरण कार्य करवाया जा रहा है। ताकि दर्शकों को अनुभवी कलाकारों द्वारा भगवान राम की लीला का भव्य व विशाल मंचन दिखाया जा सके। रामलीला मैदान को विशाल व भव्य रूप दिया जा रहा है। जिसके लिए क्षेत्र के लोगों से भी इस राम कार्य में सहयोग करने की अपील की। इस अवसर पर ट्रस्ट संरक्षक सत्यनारायण हरित, शंभुदयाल गर्ग, जगदीश भारद्वाज, विष्णु शर्मा, सत्यनारायण वर्मा, राजेश चांवरिया, सुभाष चौधरी आदि उपस्थित थे।

### प्राथमिक स्कूल के बच्चों को सिखाया योग

**मंडी अटेली।** आयुष विभाग के सौजन्य से राजकीय प्राथमिक पाठशाला गनियार में योग कैंप लगाया गया। योग शिक्षक अमित रोहिल्ला ने योग करवाया तथा योग के लाभ बच्चों को बताया। उन्होंने कहा कि योग से व्यक्ति का शारीरिक विकास होता है। शरीर स्वस्थ रहता है। स्वस्थ रहने पर ही मन पढ़ाई में लगता है। इसलिए नित्य सुबह योग करो इसके बाद पढ़ाई करो। उन्होंने बच्चों को आसनों की विधि बताई तथा उनके लाभ विस्तार से बताया। प्राणायाम की विधि भी उन्होंने बच्चों को बताई। उन्होंने बताया कि योग ही ऐसा साधन है। जिससे स्वस्थ रह सकते है।

‘क्लीन एयर फॉर हरियाणा’ लक्ष्य के साथ प्रदूषण नियंत्रण के लिए विस्तृत कार्य योजना की जा रही तैयार : पी. राघवेंद्र राव

# प्रदूषण को नियंत्रित के लिए उठाने होंगे प्रभावी कदम

**प्रदूषण नियंत्रण को लेकर एचएसपीसीबी के अध्यक्ष पी. राघवेंद्र राव ने ली अधिकारियों की बैठक**

ब्यूरो, भरोसा मित्र



**रेवाड़ी।** हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष पी राघवेंद्र राव ने कहा कि प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए सभी को मिलकर प्रभावी व ठोस कदम उठाने होंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से ‘क्लीन एयर फार हरियाणा’ के लक्ष्य के साथ राज्य में प्रदूषण को लेकर विस्तृत कार्य योजना तैयार की जा रही है। श्री पी. राघवेंद्र राव बुधवार को लघु सचिवालय सभागार में रेवाड़ी जिला में प्रदूषण नियंत्रण को लेकर किए जा रहे प्रबंधन की समीक्षात्मक बैठक में अधिकारियों व औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधियों के साथ विचार-विमर्श कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण के लिए टास्फ फोर्स का गठन किया जाए तथा लोगों को इस बारे आईईसी गतिविधियों के माध्यम से जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि टास्क फोर्स के माध्यम से पर्यावरण प्रदूषण करने वालों की मॉनिटरिंग की जाए।

**पांच सौ गज से अधिक के प्लाटों का डस्ट पोर्टल पर पंजीकरण होना जरूरी** : चेयरमैन पी. राघवेंद्र राव ने कहा कि हमें बढ़ते प्रदूषण पर रोक लगाने के लिए वन क्षेत्र व जंगलों का संरक्षण करते हुए पेड़-पौधें लगाने होंगे। उन्होंने वन विभाग को निर्देश दिया कि वे लगातार वन क्षेत्र में बढ़ोतरी के लिए कार्य करें। जहां पौधारोपण किया गया है वहां पर अधिक से अधिक सर्वाइवल रेट होना चाहिए। अपने चारों ओर की सफाई का विशेष ध्यान रखना है। आगामी सर्दी के मौसम को देखते हुए 1 अक्टूबर से संशोधित ग्रेडिड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) लागू हो रहा है। इसे चार भागों में बांटा गया है। उन्होंने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के पोर्टल पर पंजीकृत न होने वाले 500 वर्ग मीटर या उससे अधिक के भूखंडों पर किसी भी निर्माण और तोडफ़ोड़ गतिविधियों की अनुमति नहीं दी जाएगी। पांच सौ गज से अधिक के प्लाटों पर निर्माण के लिए डस्ट पोर्टल पर पंजीकरण होना जरूरी है।
बैठक में डीसी राहुल हुड्डा ने अध्यक्ष पी राघवेंद्र राव का स्वागत करते हुए जिला में प्रदूषण नियंत्रण को लेकर किए गए आवश्यक प्रबंधों बारे जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिला रेवाड़ी में वायु प्रदूषण निवारण को लेकर प्रभावी तरीके से मॉनिटिरिंग की जा रही है। उन्होंने जिला के बावल व धारूहेड़ा औद्योगिक क्षेत्र में प्रदूषण नियंत्रण उपायों को लेकर निरंतर उद्यमियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए समय-समय पर पौधारोपण और पर्यावरण संरक्षण संबंधित गतिविधियां आयोजित की जा रही है।
बैठक में एडीसी स्वप्रिल रविंद्र पाटिल, डीएमसी उदय सिंह, आरटीए गजेंद्र सिंह, बोर्ड से निर्मल कुमार, संजीव क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड हरीश शर्मा, सहित अनेक विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

#### केवल ईको फ्रेंडली व ग्रीन पटाखें ही चलाएं प्रदेशवासी

अध्यक्ष ने कहा कि 1 नवंबर से अधिक प्रदूषण करने वाले पटाखें व आतिशबाजियां बंद हो जाएंगी। उन्होंने प्रदेशवासियों का आह्वान किया कि वे दीपावली व अन्य सामाजिक व पारिवारिक उत्सवों पर केवल ईको फ्रेंडली व ग्रीन पटाखें ही चलाएं ताकि पर्यावरण को प्रदूषित होने से रोका जा सके। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों के कचरे का प्रबंधन सही तरीके से किया जाए। निर्माण स्थलों से सौ फीसदी कचरा संग्रहण सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। इसके अलावा धूल को जमाने के लिए एंटी स्मॉक गन का प्रयोग किया जाए। साथ ही साइट पर धूल को कम करने के लिए अपनाए जाने वाले तरीकों से निर्माण श्रमिकों, ठेकेदारों को जागरूकता किया जाए।

## जो शहीद हुए हैं उनकी जरा याद करो कुर्बानी...

**‘अमृत कलश यात्रा’ घर-घर से एकत्र किए जा रहे मिट्टी और चावल, शहीदों के सम्मान में गांव व शहर में निकाली जा रही ‘अमृत कलश यात्रा’**

ब्यूरो, भरोसा मित्र



**रेवाड़ी।** डीसी राहुल हुड्डा ने कहा कि देश के अमर शहीदों की कुर्बानियों को याद करने क लिए जिला में मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत ढोल-नगाड़ों व गाजे-बाजे के साथ ‘अमृत कलश यात्रा’ निकाली जा रही। ‘अमृत कलश यात्रा’ हर व्यक्ति में देशभक्ति की भावना जागृत कर रही है। उन्होंने बताया कि अमृत कलश यात्रा जिला के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में पूरे जोश, उत्साह और उमंग के साथ निकाली जा रही है। उन्होंने कहा कि शहीद देश की आन, बान और शान हैं। शहीदों की बदौलत हम आज आजादी की खुली हवा में सांस ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा के वीरों ने देश की आजादी की लड़ाई में अपना अहम योगदान दिया है। इतना ही नही आज औसतन सेना का हर दसवां जवान हरियाणा की भूमि से संबंध रखता है।
‘अमृत कलश यात्रा’ के तहत हर घर से एक मुठ्ठी मिट्टी और चावल एकत्रित किए जा रहे हैं। नगर परिषद की ओर से नगर पालिका बावल में डीएमसी उदय सिंह के मार्गदर्शन में स्वच्छता अभियान की ब्रांड एंबेसडर के नेतृत्व में ‘अमृत कलश यात्रा’ निकालकर घर-घर से माटी व चावल एकत्रित किए गए। इस अवसर पर आमजन को शपथ भी दिलाई गई। इस दौरान नगर पालिका उप प्रधान अर्जुन चौकन व सचिव सुमित कुमार भी मौजूद रहे। वहीं दूसरी ओर नेहरू युवा केंद्र द्वारा जिला युवा अधिकारी मोनिका नांदल की देखरेख में जिला प्रशासन के सहयोग से गांव रामगढ़ में ‘अमृत कलश यात्रा’ निकाली गई।
बीडीपीओ को सौंपे गए अमृत कलश ~ बुधवार को जिला परिषद चेयरमैन मनोज यादव व डीडीपीओ एचपी बंसल ने हरियाणा सरकार की ओर से उपलब्ध कराए गए अमृत कलश जिला के सभी 7 खंडों के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारियों को सौंपे। अभियान के तहत 1 अक्टूबर से 13 अक्टूबर तक खंड, नगर पालिका, नगर परिषद स्तर पर एकत्रित की गई मिट्टी को मिलाया जाएगा। इसके उपरांत 22 अक्टूबर से 27 अक्टूबर तक सभी खंडों व शहरी निकायों से कलशों को हरियाणा प्रदेश की राजधानी चंड़ीगढ लाया जाएगा। 28 अक्टूबर से 1 नवंबर तक दिल्ली में राष्ट्रीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

## पंजीकृत टैंकरों व ट्रैक्टर से ही करवाएं शौचालयों की सफाई

**अपंजीकृत टैंकरों व ट्रैक्टर से मल की सफाई करवाने पर लगेगा 5 हजार का जुर्माना**

ब्यूरो, भरोसा मित्र



**रेवाड़ी।** एडीसी एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद स्वप्रिल रविंद्र पाटिल ने बैठक में निर्देश दिए कि केवल पंजीकृत टैंकरों व ट्रैक्टर से ही शौचालयों के मल की सफाई करवाएं।
उन्होंने बताया कि इसके लिए संबंधित मंडल के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के उपमण्डल अधिकारी व कनिष्ठ अभियंता से सम्पर्क कर टैंकर व ट्रैक्टर मालिक का 500 रुपए की राशि जमा करवाकर पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। बिना पंजीकरण के शौचालय की कुई की सफाई करने पर 5000 रुपए का जुर्माना वसूल किया जाएगा।
उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी अन्य जगह टैंकर खाली करने पर हर बार 20 प्रतिशत बढ़ोतरी के साथ जुर्माने की वसूली की जाएगी, जिसके लिए टैंकर मालिक स्वयं जिम्मेदार होंगें। उन्होने बताया कि रेवाड़ी जिले में खंड नाहड़ के कोसली, रेवाड़ी के कालूवास, नसियाजी, धारूहेड़ा के खरखड़ा और बावल में एस.टी.पी. का क्रियान्व्यन व रख-रखाव जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा करवाया जा रहा है। इन एस.टी.पी. से शौचालय मल वाले टैंकरों को खाली करना अनिवार्य है ताकि मल युक्त पानी का सही तरीके से निपटान हो सके।
ग्रामीण स्वच्छता ही सेवा अभियान में बढ़चढक़र करें श्रमदान ~ पाटिल
एडीसी स्वप्रिल रविंद्र पाटिल ने बैठक में बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पहली अक्टूबर को प्रात~ 10 बजे से जिला के सभी गांवों में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत चलाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत श्रमदान से संबंधित गतिविधियां आयोजित की जाएगी, जिसके तहत गांवों में गलियों, नालियों व आंगनवाड़ी केंद्र, पंचायत घर, स्कूल आदि सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाकर सफाई की जाएगी। उन्होंने अभियान के तहत बढ़चढक़र श्रमदान करने का आह्वान किया। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से भी अभियान में बढ़चढक़र भागीदारी करने का आह्वन किया। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत ग्रामीणों को सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोक लगाने के लिए जागरूक किया जाएगा। उन्होंने बैठक में जिला परिषद व डीआरडीए के विभिन्न विकास कार्यों व योजनाओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश भी दिए।
बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष मनोज कुमार, डीडीपीओ एचपी बंसल, सीएमओ डा. सुरेंद्र यादव, डीईओ नसीब सिंह, बीडीपीओ सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## बाजरे की खरीद के चलते सड़कों पर लगी रही वाहनों की लाइन

महेश कुमार , भरोसा मित्र



**नारनौल।** स्थानीय नांगल चौधरी स्थित नई अनाज मंडी में की जा रही बाजरे की खरीद के चलते जाम की स्थिति रही। सुबह अचानक सैकड़ों किसान अपने वाहनों के साथ मंडियों में आने की वजह से कई देर तक जाम लग रहा है। इससे सुबह सवेरे अपने कामों के लिए जाने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि दोपहर होते-होते स्थिति सामान्य होती गई थी।
नारनौल के नांगल चौधरी रोड पर नई अनाज मंडी बनी हुई है। वहीं अटेली में कनीना मोड़ के पास बस स्टैंड के सामने ही अनाज मंडी बनी हुई है। दो दिनों से इन मंडियों में बाजरे की खरीद जारी है। सरकार द्वारा बाजरे की खरीद शुरू किए जाने का समाचार मिलते ही किसानों ने अपना पंजीकरण करवा लिया था। इसके बाद किसान अपनी फसल को लेकर मंडियों में पहुंचे किसान ट्रैक्टर ट्रॉली वह अपने अन्य साधन के साथ मंडी में आ रहे हैं। जिसके कारण सुबह नारनौल के नांगल चौधरी रोड व मंडी अटेली के बस स्टैंड के पास, कनीना रोड, बहरोड रोड, नारनौल और रेवाड़ी रोड चारों तरफ जाम लग गया। मंडियों में आए किसानों व उनसे लगे जाम के कारण यातायात कंट्रोल करने के लिए पुलिस को भी काफी मशक्कत करनी पड़ी। सडक़ों पर लगे जाम को देखते हुए कई जगह ट्रैफिक पुलिस समाप्त की गई।

## वकीलों ने अदालतों में जाने का किया बहिष्कार

**आज की तारीख पर आए लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा**

महेश कुमार , भरोसा मित्र



**नारनौल।** नारनौल में आज वकीलों ने वर्क सस्पेंड रखकर अदालतों में जाने का बहिष्कार किया। वर्क सस्पेंड के कारण कोई भी अधिवक्ता पैरवी के लिए कोर्ट में नहीं पेश हुआ। जिसके चलते आज की तारीख पर आए लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। अधिवक्ता पंजाब के मुक्तेश्वर में एक वकील के खिलाफ दर्ज हुए मामले का विरोध कर रहे हैं।
पंजाब के मुक्तेश्वर में एक वकील के खिलाफ वहां की पुलिस ने मामला दर्ज किया हुआ है। इस मामले को रद्द करवाने के लिए पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के विभिन्न बार काउंसिल द्वारा वर्क सस्पेंड का आह्वान किया था। इसी के चलते नारनौल की बार काउंसिल द्वारा भी वर्क सस्पेंड किया हुआ है।
इस बारे में नारनौल बार काउंसिल के प्रधान एडवोकेट राजकुमार ने बताया कि पंजाब पुलिस द्वारा मुक्तेश्वर के एक वकील पर झूठा मामला दर्ज कर लिया गया है। वहीं वहां की पुलिस द्वारा वकील के साथ बुरा व्यवहार भी किया गया है। जिसके चलते वकील काफी परेशान है। इसके विरोध में वर्क सस्पेंड का आह्वान किया गया था। जिसके चलते नारनौल के वकीलों ने भी वर्क सस्पेंड रखा तथा अदालतों में कामकाज के लिए नहीं गए। उन्होंने बताया कि वकील पर किए गए अत्याचार के विरोध में फिलहाल पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के वकील हड़ताल पर हैं। वह पंजाब के मुख्यमंत्री व डीजीपी से मांग करते हैं कि इस बारे में न्याय उचित कार्रवाई करते हुए वकील के खिलाफ दर्ज हुए कैसे को रद्द करवाया जाए। उन्होंने कहा कि अगर पंजाब के मुक्तेश्वर में वकील के खिलाफ दर्ज किए गए केस को जल्द ही रद्द नहीं किया गया तो वकील बड़ा आंदोलन करने को मजबूर हो जाएंगे। जिसके चलते न केवल पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के वकीलों, बल्कि पूरे भारत के वकीलों को साथ भी लिया जा सकता है।

कार्यक्रम

### कोसली के विधायक ने राजकीय महाविद्यालय नाहड़ की चारदिवारी के निर्माण कार्य का किया शुभारंभ

## विकास कार्य के पहिये को और गति दी जाएगी : लक्ष्मण सिंह यादव

ब्यूरो, भरोसा मित्र



**रेवाड़ी।** कोसली विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहरलाल के कुशल नेतृत्व में संपूर्ण हरियाणा के समान विकास को कटिबद्ध प्रदेश सरकार ने पूरे प्रदेश में विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। बिना किसी भेदभाव व बिना खर्ची-पर्ची के आज लोगों के अधिकांश कार्य घर बैठे हो रहे हैं। विकास को लेकर सरकार के पास धन की कोई कमी नहीं है। कोसली क्षेत्र में निरंतर गतिमान रहे विकास के पहिये को और गति प्रदान की जाएगी।
कोसली विधायक लक्ष्मण सिंह यादव बुधवार को करीब 1 करोड़ 62 लाख रुपये की लागत से बनने वाली राजकीय महाविद्यालय नाहड़ की चारदिवारी के निर्माण कार्य का शुभारंभ करने के उपरांत मौजूद लोगों व विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे। कोसली विधायक ने विधि-विधान व पूजन के साथ चारदिवारी की नींव की ईट रखी तथा महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण भी किया। इससे पूर्व कॉलेज पहुंचने पर कोसली विधायक का फूलमालाओं के साथ जोरदार अभिनंदन किया गया।
अपने संबोधन में कोसली विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने कहा कि कोसली विधानसभा क्षेत्र उनकी जन्म तथा कर्म भूमि है। इस क्षेत्र के लोगों के सदैव मिलते आ रहे प्यार व समर्थन से ही वे लोगों की सेवा करने योग्य बन पाएं। उन्होंने अपने स्तर पर क्षेत्र की समस्याओं से निराकरण तथा समस्याओं के समाधान को लेकर कोई कसर नहीं छोड़ी और उन्हें सफलता भी मिली है। कोसली विधानसभा क्षेत्र के विकास के क्रम को कभी टूटने नहीं दिया गया है। कोविडकाल की विषम परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने क्षेत्र के लोगों के बीच रहकर खाद्य एवं स्वास्थ्य सेवाओं की पूर्ति कराई। विकास के मामले में भी कोसली विधानसभा क्षेत्र किसी अन्य इलाके से पीछे नहीं रहने दिया गया तथा आने वाले समय में भी विकास की गति को और तेज किया जाएगा।
यादव ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री मनोहरलाल के कुशल नेतृत्व में देश व प्रदेश की सरकारों ने आमजन की सेवा तथा उनके जीवन स्तर को ऊंचा उठाने की अनेकों कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तो पूरी दुनिया में भारत माता का मस्तक ऊंचा किया है। भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी शक्ति बनाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी भारतवासियों को गौरवान्वित करने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि वह दिन भी दूर नहीं जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व गुरु बनेगा और पूरी दुनिया का नेतृत्व करेगा। उन्होंने यह भी दावा किया कि जिस तरह देश व प्रदेश के लोगों का प्यार भाजपा को मिला है, उससे 2024 में भी केंद्र व प्रदेश में पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनना तय है।
इस अवसर पर नाहड़ ब्लॉक समिति चेयरमैन दुष्यंत यादव, नाहड़ मण्डल अध्यक्ष सरदार सिंह, महाविधालय गुरवाड़ा के प्राचार्य डॉ सत्यमन्यु यादव, अशोक प्रिंसिपल नाहड़ कॉलेज, अशोक यादव लुखी, रणवीर कोहारड, डॉ कृष्ण जुड्डी, सत्यवीर जुड्डी, महेंद्र सिंह नाहडिय़ा, लोक निर्माण विभाग एसडीओ बीरेन्द्र सिंह सहित अनेकों गणमान्य लोग एवं विधार्थी उपस्थित रहे।

## खबर फटाफट

### डाकघर में अगस्त माह की पेंशन के लिए जारी किया शेड्यूल

**नारनौल।** प्रधान डाकघर नारनौल में अगस्त माह की पेंशन 29 सितंबर से 18 अक्टूबर तक वार्ड अनुसार सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक वितरित की जाएगी। यह जानकारी देते हुए पोस्टमास्टर अशोक कुमार ने बताया कि वार्ड नंबर 4 की पेंशन 29 सितंबर को व वार्ड नंबर 5 की 30 सितंबर को पेंशन वितरित की जाएगी। इसी प्रकार वार्ड 6 की 3 अक्टूबर को, वार्ड 8 की 4 को, वार्ड 9 की 5 को, वार्ड 10 की 6 को, वार्ड 11 की 7 को, वार्ड 13 की 9 को, वार्ड 14 की 10 को, वार्ड 15 की 11 को व वार्ड 17 की 12 अक्टूबर को पेंशन वितरित की जाएगी। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार वार्ड नंबर 1 व 22 की 13 अक्टूबर को, वार्ड नंबर 2 व 23 की 14 को, वार्ड नंबर 24 की 16 को पेंशन वितरित की जाएगी। उन्होंने बताया कि इसके बाद भी अगर कोई पेंशनर बच जाता है तो वार्ड नंबर 1 से 11 तक बचे हुए पेंशनरों को 17 अक्टूबर को व वार्ड नंबर 13 से 24 तक के बचे हुए पेंशनरों की पेंशन 18 अक्टूबर को वितरित की जाएगी। सभी पेंशनर वार्ड अनुसार ही अपनी पेंशन लेने के लिए आएं।

### किसान अब 30 तक करवा सकते हैं कपास की फसल का पंजीकरण

**नारनौल।** हरियाणा कृषि तथा किसान कल्याण विभाग की ओर से हरियाणा फसल सुरक्षा योजना के तहत जिला महेंद्रगढ़ के किसान मामूली शुल्क के साथ अब 30 सितंबर तक अपनी कपास की फसल का पंजीकरण करवा सकते हैं। पहले इसकी अंतिम तिथि 27 सितंबर थी। योजना का लाभ लेने के लिए मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण करवाना होगा।

यह जानकारी देते हुए उपायुक्त मोनिका गुप्ता (आईएएस) ने बताया कि जिला महेंद्रगढ़ के किसान मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर पंजीकरण करवाकर कपास की फसल के नुकसान की अवस्था में सरकार द्वारा निर्धारित सुरक्षा राशि प्राप्त कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि कपास की फसल खराब होने पर अधिकतम वित्तीय सहायता 30 हजार रुपए प्रति एकड़ तक दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इस पर मात्र पांच प्रतिशत शुल्क के हिसाब से किसान को 1500 रुपए प्रति एकड़ शुल्क जमा करवाना होगा। श्रीमती गुप्ता ने बताया कि इस संबंध में अन्य किसी जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 18001802117 तथा एग्री हरियाणा डॉट जीओवी डॉट इन वेबसाइट पर जाकर जानकारी ले सकते हैं।

### थारी जय हो पवन कुमार बजरंग बालाजी भजन पर झूमे भक्तजन



**नारनौल।** श्रीराम हनुमान गुणागान प्रचार मंडल एवं श्रीराम मेहंदीपुर बालाजी सेवा संघ द्वारा मंगलवार रात मोहल्ला मिश्रवाड़ा में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल के प्रधान आचार्य क्रांति निर्मल ने की। सर्वप्रथम पंड़ित योगेश शर्मा ने यजमान सुग्रीव सोनी को परिवार सहित पूजन करवा बाबा की ज्योति प्रज्ज्वलित करवाई। इसके बाद गायत्री मंत्र व रामधुन के साथ सुंदरकांड पाठ का शुभारम्भ किया गया, जिसमें आचार्य क्रांति निर्मल, पंडित महेश शर्मा, विजय हल्दिया, पंडित योगेश शर्मा, दीपक शर्मा, काशीराम पार्षद, विकास अग्रवाल तथा नरेश मित्तल ने सुंदरकांड पाठ के दौहे चौपाइयों का अपने मधुर स्वर से गायन किया। पाठ समापन के बाद भजनों का दौर शुरू हुआ जिसमें गायक महेश शर्मा ने आना पवन कुमार हमारे हरी कीर्तन में तथा योगेश शर्मा ने थारी जय हो पवन कुमार बजरंग बालाजी भजन व धमाल सुनाकर सभी को झूमने पर विवश कर दिया। पाठ के बाद बालाजी महाराज की सुंदर झांकी भी प्रस्तुत की गई जो विशेष आकर्षण का केंद्र रही। अंत में यजमान को बालाजी जी का चित्र भेंट कर मंडल द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से ललित सैनी, हिमांशु, खुशी आनंद, मनोज सोनी, गोपाल सोनी, छत्रपाल, सोनू सोनी, पूनम, पूजा, हेमलता, सपना, मोना तथा कांता देवी आदि भक्तजन मौजूद थे।

### लापता नाबालिग बच्चे को पुलिस ने बरामद किया

**भोजावास।** लापता नाबालिग बच्चे को पुलिस ने कनीना क्षेत्र से बरामद किया, दोस्त के साथ खेलते-खेलते उसके घर से चला गया था बच्चा

सूचना मिलते ही तुरंत प्रभाव से डीएसपी सहित थाना की पुलिस टीमें बच्चे को ढूंढने में लग गई, रात भर ढूंढती रही पुलिस की टीमें, बच्चे को सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंपा डीएसपी कनीना, थाना शहर कनीना, थाना सदर कनीना और स्पेशल स्टाफ कनीना की पुलिस टीमों ने लापता नाबालिग बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया है। कनीना क्षेत्र में बच्चा स्कूल गया था और दोस्त के साथ खेलतेङ्कखेलते स्कूल से सीधा दोस्त के घर चला गया था। इसके बाद बच्चा दोस्त के घर खेलता रहा और वहीं सो गया। स्कूल से काफी समय बाद भी जब बच्चा घर नहीं लौटा तो परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक नितिश अग्रवाल के दिशा-निर्देशानुसार पुलिस टीमें बच्चे को तलाशने में जुट गई।

### नशीले पदार्थ बेचने के मामले में एक गिरफ्तार

**कनीना।** पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना सदर कनीना की पुलिस टीम ने कनीना क्षेत्र में अवैध नशीले पदार्थ सहित एक आरोपी को पकड़ा है। आरोपी की पहचान लखन वासी भोजावास के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी से 0.77 ग्राम स्मैक (नशीला पदार्थ) बरामद की है। पुलिस ने पता लगाया कि आरोपित अवैध नशीले पदार्थ बेचने का काम करता है। जानकारी के मुताबिक एसपी नितिश अग्रवाल के दिशा-निर्देशों में अवैध नशीले पदार्थ बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए थाना सदर कनीना की पुलिस टीम ने कनीना क्षेत्र से एक युवक को अवैध नशीले पदार्थ सहित गिरफ्तार किया है। टीम को गुप्त सूचना मिली कि लखन अपनी मोटरसाइकिल सहित बवानिया से दौंगड़ा कच्चे रास्ते पर अवैध नशीला पदार्थ बेचने के लिए खड़ा है। अगर तुरंत रैड की जाए तो आरोपित को नशीले पदार्थ सहित पकड़ा जा सकता है। बतलाए हुए स्थान पर पुलिस की टीम द्वारा रैड की गई, वहां पर बाईक सहित खड़ा युवक पुलिस टीम को देखकर भागने लगा, जिसे काबू कर पूछताछ करने पर उसने अपना नाम लखन उपरोक्त बतलाया। आरोपी की तलाशी लेने पर उसकी जेब से बरामद माचिस बॉक्स में 7 पुडिया नशीले पदार्थ की बरामद हुई। जिनका वजन करने पर 0.77 ग्राम स्मैक बरामद हुई।

मंत्री व सांसद ने दोहान नदी में छोड़े जा रहे पानी के निरीक्षण के दौरान किसानों से की बातचीत

# सरकार ने दक्षिणी हरियाणा में नहरों का किया जीर्णोद्धार : ओपी यादव

**पानी के समान बंटवारे को लेकर केवल राजनीति होती रही है, बीजेपी सरकार बनने के बाद हरियाणा राज्य को उपलब्ध पानी का सामान बंटवारा हुआ है**



इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

**नारनौल।** प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओम प्रकाश यादव ने कहा कि पिछले 9 वर्षों में हरियाणा सरकार ने दक्षिणी हरियाणा में नहरों के जीर्णोद्धार के कार्य के साथ-साथ पहले की अपेक्षा दोगुनी से भी अधिक मात्रा में पानी पहुंचने का कार्य किया है। सरकार के इस कदम से इस इलाके में भूजल स्तर में बहुत बड़ा सुधार हुआ है। यादव आज भिवानी-महेंद्रगढ़ के सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह के जन संवाद कार्यक्रमों के बीच में नारनौल विधानसभा क्षेत्र के गांव महरमपुर के पास से गुजर रही दोहन नदी में छोड़े जा रहे पानी का निरीक्षण के दौरान किसानों से बातचीत कर रहे थे।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद दक्षिणी हरियाणा का किसान खुशहाल हुआ है। पानी के समान बंटवारे को लेकर केवल राजनीति होती रही है। बीजेपी सरकार बनने के बाद हरियाणा राज्य को उपलब्ध पानी का सामान बंटवारा हुआ है। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार किसानों और मजदूरों की भलाई के लिए लगातार कार्य कर रही है। मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल के माध्यम से किसानों को पारदर्शी तरीके से विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। सरकार लगातार सिस्टम में सुधार लाने का कार्य कर रही है। इस मौके पर सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह ने कहा कि किसानों व मजदूरों के नाम राजनीति करने वाले दलों को भारतीय जनता पार्टी की कार्य प्रणाली से सीख लेनी चाहिए। यह पार्टी केवल काम में विश्वास रखती है उसी का नतीजा है कि आज दक्षिणी हरियाणा का किसान खुशहाल हो रहा है। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष दयाराम यादव, मंत्री ओम प्रकाश यादव के जनसंपर्क अधिकारी राजेश यादव, मंगल रईस, सतपाल लांबा, राजू कमानिया, बबली बिहार, बहादुर सरपंच खोडमा सहित अन्य को विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## गाड़ी छीनकर ले जाने के मामले में दो गिरफ्तार



इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

**नारनौल।** गाड़ी छीनकर ले जाने के मामले में थाना शहर नारनौल की पुलिस टीम ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनकी पहचान हिमांशु वासी हरसुख की ढाणी, भौड़ी अटेली और कप्तान उर्फ जंत्री वासी हसनपुर नारनौल के रूप में हुई। पुलिस ने पूछताछ में पता लगाया कि गाड़ी के मालिक के साथ पैसे के लेनदेन को लेकर आरोपियों ने वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने पूछताछ में आरोपियों के पास से वारदात में छीनी हुई बलेनो गाड़ी और वारदात को अंजाम देने में प्रयोग की गई बुलेरो गाड़ी को बरामद कर लिया है। पुलिस ने जांच करते हुए पता लगाया कि आरोपित कप्तान उर्फ जंत्री पर पहले भी लूट का प्रयत्न और आर्म्स एक्ट के तहत 4 मामले दर्ज हैं। आरोपियों को आज न्यायालय में पेश किया गया।

पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि शिकायतकर्ता मोहित निवासी मौहल्ला पीरआगा नारनौल ने थाना शहर नारनौल में गाड़ी छीनने की शिकायत दर्ज कराई, जिसमे उसने बताया कि वह अपने दोस्त रोनक की बलेनो गाड़ी को लेकर अपनी बहन को बस स्टैंड नारनौल पर छोडने गया था। जब वह उसकी बहन को छोडकर उसके दोस्त की गाडी वापिस देने जा रहा था, उस समय सुभाष पार्क के पास एक बुलेरो गाडी अचानक उसकी गाड़ी के सामने आकर रुकी। जिसमें से तीन लडके उतरकर आए और गाड़ी की खिडकी खोलकर शिकायतकर्ता को नीचे उतार दिया और गाडी की चाबी छीन ली और गाडी लेकर भाग गए। शिकायतकर्ता ने बताया कि गाड़ी छीनकर ले जाने वाले लडकों में से दो लडको को वह पहले से जानता है। शिकायतकर्ता ने दो नामजद व एक अज्ञात के खिलाफ गाड़ी छीनने की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और गाड़ी बरामद कर ली।

## साधु समाज के सच्चे हीरे थे कृष्णानंद महाराज :धर्मदेव

**उक्त विचार महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव ने धनौंदा आश्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं को व्यक्त किए**



जसवंत सिंह , भरोसा मित्र

**कनीना।** ब्रह्मचारी श्री कृष्णानंद महाराज साधु संत समाज के हीरे थे। जिनको समाज कभी भूला नहीं सकता और उनकी कमी समाज में हमेशा बनी रहेगी। उक्त विचार महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव ने धनौंदा आश्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं को व्यक्त किए।

इस अवसर पर धर्मदेव जी महाराज ने कहा कि संत शरीर से अवश्य ही दूर हो जाते हैं लेकिन सच्चे संत सूक्ष्म शरीर से इस दुनिया में हमेशा विराजमान रहते हैं और समाज को सही मार्गदर्शन करते हुए समाज की भलाई के कार्य करते हैं। स्वामी जी ने कहा कि ब्रह्मचारी श्री कृष्णानंद जी महाराज आश्रम के पत्ते पत्ते में विराजमान है। बस केवल उनको आत्मज्ञान की आंखों से देखने की जरूरत है वह कल भी हमारे साथ थे आज भी हमारे साथ है और आगे भी हमारे साथ रहेगे और हमारे शुभ तथा अशुभ कर्मों को देख रहे हैं। स्वामी जी ने बताया परम संत शिरोमणि स्वामी श्री कृष्णानंद जी महाराज गांव धनौंडा के एक परिवार में जन्मे थे और एक उच्च कोटि के विद्वान संत थे। जिन्होंने मात्र 4 वर्ष की आयु में घर बार छोड़ दिया था और संतों की शरण में जाकर परमात्मा की भक्ति की तथा साथ-साथ उच्च शिक्षा प्राप्त करते हुए डा. डिग्री प्राप्त कर समाज सेवा में जुट गए स्वामी जी ने बताया परम संत शिरोमणि स्वामी श्री कृष्णानंद महाराज ने ब्रह्मचारी श्री कृष्णानंद एक आश्रम की स्थापना कर उसमें 30000 वृक्ष लगाकर एक कीर्तिमान स्थापित किया। स्वामी श्री कृष्णानंद जी महाराज स्वयं अस्वस्थ रहते हुए भी आए दिन लोगों को सुबह 8 बजे से 10 बजे तक निशुल्क दवाइयां देकर उनकी सेवा करते थे। इस अवसर पर उनके साथ मार्केट कमेटी के पूर्व अध्यक्ष ठाकुर रतन सिंह तंवर, समाजसेवी राजेंद्र नंबरदार, पूर्व पंच घनश्याम सिंह के अलावा आश्रम के सैकड़ों माता बहन उपस्थित थे।

## कर्मियों ने साफ सफाई कर स्वच्छता की शपथ ली


इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र



**नारनौल।** मंगलवार को बखरिजा मेस्सेर्स तिरुपति विनियोग प्राइवेट लिमिटेड द्वारा खान सुरक्षा निदेशालय गाजियाबाद क्षेत्र के तत्वाधान में स्वच्छता दिवस 2023 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वच्छता ही सेवा आंदोलन से जुड़ते खनन क्षेत्र कार्यालय परिसर, वर्कशॉप परिसर व खान के मुख्य रास्तों की सफाई की गई साथ ही आसपास के क्षेत्र को कचरा मुक्त बनाया गया। स्वच्छ भारत अभियान के प्रति जागरूकता बढने के उदेश्य से खान सुरक्षा निदेशालय गाजियाबाद क्षेत्र के तत्वावधान में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में खान सुरक्षा निदेशालय निदेशालय से आर्डेला रामबाबू उप निदेशक खनन द्वारा कार्यक्रम का प्रारम्भ दीप प्रज्जवलन कर किया गया। सभी कर्मियों द्वारा स्वच्छता शपथ ली। स्वच्छता ही सेवा मुहिम को और विस्तारित करने के उद्देश्य से चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विजेताओं को मुख्यातिथि रामबाबू द्वारा पुरस्कृत किया गया। विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस को भी इस कार्यक्रम में समाहित करते हुए मुख्यातिथि खान प्रबंधन तथा अन्य कर्मचारियों द्वारा वृक्षारोपण किया गया।

रामबाबू द्वारा कर्मियों को स्वच्छता के लाभ और प्रकृति को साफ रखने की जिम्मेदारी का विस्तार पूर्वक मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम के अंत में खान प्रबंधक जय सिंह द्वारा स्वच्छ भारत मिशन की आवश्यकता एवं हमारे कर्तव्यों पर प्रकाश डाला। मुख्यातिथि ने स्वच्छता की जागरूकता अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम के अंत में मुख्यातिथि के द्वारा प्रमेश सांगवान डायरेक्टर बखरिजा माइंस प्लाट नंबर दो को बहुत ही सकारात्मक एवं सुनियोजित कार्यक्रम को आयोजित करने के लिए धन्यवाद दिया गया।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को लेकर जागरूकता रैली निकाली



**निजामपुर।** बुधवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांवड़ी जाट में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत एक विशाल रैली का आयोजन किया गया। जहां एनसीसी कैडेट्स ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य संजय यादव ने कैडेट की रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर एनसीसी इंचार्ज ममता कुमारी प्रवक्ता रसायन विज्ञान के नेतृत्व में 16वीं हरियाणा बटालियन के 25 सीनियर कैडेट्स तथा 25 जूनियर कैडेट्स ने गांवड़ी जाट गांव में रैली के माध्यम से जागरूकता फैलाई। उन्होंने बताया कि आज के समय में बेटियां किसी भी क्षेत्र में बेटों से पीछे नहीं है। बल्कि उनसे कहीं कंधे से कंधा मिलाकर साथ खड़ी है। इस मौके पर विद्यालय के उप प्राचार्य बाबूलाल, राजकुमार आटला प्रवक्ता राजनीति विज्ञान, अशोक कुमार प्रवक्ता भूगोल, अशोक कुमार प्रवक्ता फाइन आर्ट, अनिल कुमार प्रवक्ता कंप्यूटर साइंस धर्मवीर सिक्योरिटी वोकेशनल टीचर व पुष्पलता प्रवक्ता गणित व उर्मिला प्रवक्ता इतिहास, विक्रम सिंह कंप्यूटर अध्यापक व अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद थे।

## हिन्दी पखवाड़ा कार्यक्रमों के तहत प्रतियोगिता आयोजित

**प्रतियोगिता में जवाहर नवोदय विद्यालय करीरा ने किया प्रथम स्थान प्राप्त**



इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

**नारनौल।** जवाहर नवोदय विद्यालय करीरा में हिन्दी पखवाड़ा कार्यक्रमों के तहत अंतर विद्यालय वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 9 विद्यालयों ने भाग लिया।

प्राचार्य राजीव कुमार सक्सेना ने कहा कि किसी भी प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करना महत्वपूर्ण नहीं है प्रतिभागिता महत्वपूर्ण है।प्रतियोगिता में जवाहर नवोदय विद्यालय करीरा ने प्रथम, राजकीय कन्या उच्च विद्यालय कनीना ने द्वितीय व यूरो इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल कनीना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कनीना के पूर्व प्राचार्य कृष्ण कुमार यादव, जवाहर नवोदय विद्यालय फतेहाबाद के पूर्व उप प्राचार्य प्रताप सिंह व राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कनीना से प्रवक्ता नरेश कुमार ने निर्णायक की भूमिका निभाई। कार्यक्रम में प्रवक्ता विक्रम सिंह ने मंच संचालन किया। इस अवसर विजय मोहन, लोकेश कुमार, सतेन्द्र कुमार, सरला यादव, संगीता मिश्रा, पूजा सिंह, शालू, सुमन, सरोज व कार्यक्रम की समन्वयक सुदेश कुमारी मौजूद थे।

कार्यक्रम | नांगल चौधरी में नैतिक मूल्यों की शिक्षा पर जागरूकता शिविर आयोजित

# नैतिक मूल्यों की शिक्षा संस्कार सिखाती है : विपिन

**नैतिक मूल्यों का समावेश जीवन के सभी क्षेत्रों में होता है**



इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

**नारनौल।** हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद के दिशा निर्देशानुसार आज राजकीय वरिष्ठ कन्या माध्यमिक विद्यालय नांगल चौधरी में बच्चों को नैतिक मूल्यों की शिक्षा पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

इस मौके पर योजना के नोडल अधिकारी एवं पूर्व जिला बाल कल्याण अधिकारी विपिन कुमार शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि नैतिक मूल्यों की शिक्षा बच्चों को अच्छी शिक्षा के साथ देशभक्ति, संस्कृति एवं संस्कार आदि का पाठ सिखाती है। वर्तमान शिक्षा बच्चों का आत्मबल कमजोर बनाती है, जिसकी वजह से वर्तमान पीढ़ी मानसिक तनाव व दबाव में रहती है। इससे बाहर निकलने का एक मात्र तरीका नैतिक मूल्यों की शिक्षा एवं अपनी वैदिक शिक्षा का ज्ञान होना बच्चों को बहुत ही आवश्यक है। इससे उनका मानसिक, शारीरिक व सैद्धांतिक रूप से विकास हो सके तथा उनमें भारतीय संस्कृति, संस्कार, आचार, व्यवहार एवं देशभक्ति की भावना जागृत हो सके। उन्होंने कहा कि आज व्यक्ति एवं समाज में साम्प्रदायिक्ता, जातीयता भाषावाद, हिंसा, अलगाववाद, भ्रष्टाचार, यौनशोषण, भ्रुण हत्या की संकीर्ण भावनाओं व समस्याओं के मूल में नैतिक मूल्यों का पतन ही उत्तरदायी कारण है। वास्तव में नैतिक गुणों की कोई सूची नहीं बनाई जा सकती परन्तु हम इतना अवश्य कह सकते हैं कि मनुष्य में अच्छे गुणों को हम नैतिक कह सकते हैं जो व्यक्ति के स्वयं के विकास और कल्याण के साथ दूसरों के कल्याण में भी सहायक हो। नैतिक मूल्यों का समावेश जीवन के सभी क्षेत्रों में होता है। व्यक्ति परिवार, समुदाय, समाज, राष्ट्र से मानवता तक नैतिक मूल्यों की यात्रा होती है। नैतिकता समाज में सामाजिक जीवन को सुगम बनाती है। मानव को सामाजिक प्राणी होने के नाते कुछ सामाजिक नीतियों का पालन करना पड़ता है जिनमें संस्कार, सत्य, परोपकार, अहिंसा, ईमानदारी, कर्तव्य निष्ठा व एक-दुसरे की मदद करना आदि शामिल है। वास्तव में ये सभी नैतिक गुणों में आते है और बच्चों को इन्हें बचपन से ही धारण कर लेना चाहिए ताकि अच्छे परिवार, समाज, राष्ट्र का निर्माण हो सकें। उन्होंने बच्चों को उच्च श्रेणी की शिक्षा प्राप्त करने के साथ-साथ नैतिक मूल्यों की शिक्षा को भी अवधारण करने के लिए प्रेरित किया तथा अपने बुजुर्गों, अध्यापकों व अपने सभी सगे-संबंधियों का आदर करने की अपील की। इस अवसर पर बाल भवन से आर्चरी कोच सुरेन्द्र शर्मा, प्राचार्य महाबीर सिंह चंदेला, पीजीटी शीशराम, प्रवक्ता सुदेश कुमार, प्रवक्ता वन्दना, टीजीटी अध्यापक राकेश कुमार शर्मा, रामस्वरूप यादव सहित विद्यालय के सभी प्रवक्ता व अध्यापकगण एवं स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

## मेरी माटी मेरा देश के तहत निकाली कलश यात्रा

**ग्राम मंढाणा में कलश यात्रा निकालकर कलश में मिट्टी व चावल एकत्रित किए**

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

**नारनौल।** मेरी माटी मेरा देश-माटी को नमन-वीरों का वंदन कार्यक्रम के तहत आज ग्राम मंढाणा में कलश यात्रा निकालकर कलश में मिट्टी व चावल एकत्रित किए। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर भिवानी-महेंद्रगढ़ सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह ने शिरकत की। इस मौके पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओमप्रकाश यादव भी मौजूद थे। सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह ने कहा कि मेरी मिट्टी मेरा देश कार्यक्रम माननीय प्रधानमंत्री के द्वारा शहीदों के सम्मान में की गई एक अनूठी पहल है। इस अभियान के तहत पूरे देश भर से मिट्टी इकठ्ठी की जा रही है। इसी मिट्टी से दिल्ली में राष्ट्रीय युद्ध स्मारक के पास 7500 अमृत कलश से एक अमृत वाटिका का निर्माण किया जाएगा। इस मौके पर उन्होंने उपस्थित लोगों को पंच प्रण की शपथ दिलाई और युवाओं को इस कार्यक्रम से जुडने के लिए प्रेरित किया।

इस मौके पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओम प्रकाश यादव ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश अभियान का उद्देश्य उन बहादुर स्वतंत्रता सेनानियों और वीरों का सम्मान करना है, जिन्होंने देश के लिए अपना जीवन बलिदान किया। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत सभी गांवों में आजादी के सेना नायकों, सीमाओं पर देश की रक्षा करने वाले देशभक्त बलिदानियों के सम्मान में शिलाफलकम लगाकर पुष्प अर्पित किए जा रहे हैं। इस प्रकार स्वतंत्रता सेनानियों, सेना के वीर जवानों की शहादत को प्रणाम करते हुए देशभक्ति का भाव जन-जन में जागृत किया जा रहा है।

इस मौके पर मौजूद बीजेपी जिलाध्यक्ष दयाराम यादव, एसडीएम मनोज कुमार, बीडीपीओ रेनूलता यादव, नेहरू युवा केंद्र से जिला युवा अधिकारी नित्यानंद यादव के अलावा अन्य अधिकारी व ग्रामीण मौजूद थे।

## खबर फटाफट

### पीएम-किसान सम्मान निधि का लाभ प्राप्त करने के लिए ई-केवाईसी करवाएं

**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 15वीं किस्त किसानों के खाते में अभी अक्टूबर में आएगी। जिला में अभी तक 25228 प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थी है। डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना लेने के लिए लाभार्थी को अपने ई-केवाईसी अपडेट करना जरुरी है। जिन भी किसान भाईयों की ई-केवाईसी अपडेट नहीं है उनकी 15वीं किस्त का लाभ रुक जाएगा। जिला में अभी भी 4969 किसानों की ई-केवाईसी अभी तक लंबित है। डीसी विक्रम सिंह ने कृषि एवं किसान कल्याण विभाग व पंचायत विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि 30 सितंबर से पहले ई-केवाईसी का कार्य गांव में सरपंचो की मदद से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक ने बताया कि हमारे जिले में ई-केवाईसी के साथ-साथ लगभग 1338 किसानों के जमीन का सत्यापन अभी लंबित है। जिसकी वजह से इन किसानों को 14 वीं किस्त का भुगतान नहीं हो पाया है। जिन किसानों की जमीन का सत्यापन योजना के अंतर्गत नहीं हो पाया है। उनसे अनुरोध है कि उपमंडल कृषि अधिकारी कार्यालय में संपर्क कर अपनी जमीन का सत्यापन 15वीं किस्त डालने से पूर्व करा ले।

### मूक बधिर बच्चों की जांच की



**फरीदाबाद।** डबुआ कालोनी में स्थित सोनी पब्लिक स्कूल में एसोसिएशन फॉर दा वेलफेयर ऑफ हैंडिकैप्ड, डबुआ कॉलोनी संस्था द्वारा मूक बधिर सप्ताह के अंतर्गत कार्यक्रम किया गया। इस स्कूल के प्रिंसिपल राजेंद्र कुमार ने बताया कि संस्था के अध्यक्ष कामेश कुमार है। इस स्कूल में इस तरह के लगभग 155 बच्चे पढ़ते हैं तथा 17 बच्चे अलग-अलग जगहों के यहां रहकर पढ़ते हैं। स्पीच थेरेपिस्ट मोहित कुमार ने हियरिंग मशीन द्वारा कुछ बच्चों का कानों के सुनने की शक्ति का टेस्ट लिया तथा कुछ हकलाने वाले बच्चों का भी टेस्ट किया। उन्होंने ये भी कहा कि अगर आसपास इस तरह के बच्चों का पता चले तो उन्हें इस संस्था के बारे में जागरूक किया जाए। इस संस्था से आए अफजल और सुजल बच्चों ने राष्ट्रगान, अंग्रेजी वर्णमाला को अपने इशारे की भाषा में समझ कर दिखाया। कार्यक्रम के अंत में स्कूल के चेयरमैन अमित जैन एडवोकेट ने संस्था से आए सभी लोगों को बुक्के और स्मृति चिन्ह देकर धन्यवाद किया।

### संस्कृत अध्यापकों के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



**फरीदाबाद।** राजकीय कन्या व.मा विद्यालय नं. 5 में जिले के संस्कृत अध्यापकों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारम्भ किया गया। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पाली से डॉ. सीमा शर्मा वरिष्ठ प्रवक्ता, अनिल यादव समन्वयक, राहुल और विद्यालय की प्राचार्या डा. सीमा भृगु के द्वारा शिविर का शुभारम्भ किया गया। शिविर में शिक्षकों को नई शिक्षा नीति-2020 के विषय में अवगत कराया गया। किस प्रकार से नई शिक्षा नीति के द्वारा छात्रों को संस्कृत विषय पढ़ाया जाना है, संस्कृत भाषा का इतिहास, भारतीय संस्कृति, प्रशिक्षण की गुणवत्ता, भोजन, पेयजल व प्रशिक्षण स्थल आदि विषयों को लेकर अध्यापकों को तीन दिनों तक प्रशिक्षित किया जाएगा। शिविर में डा. गीता आर्या, बलबीर शास्त्री, राकेश शास्त्री, पुरूषोत्तम भारद्वाज और रघु वत्स कुंजी व्यक्ति (मास्टर ट्रेनर) के रूप में तीन दिनों तक शिक्षकों को प्रशिक्षित करेंगे।

### स्वास्थ्य जांच नियमित रूप से कराई जाए



**फरीदाबाद।** जय सेवा फाउंडेशन एवं सहयोगी संस्था जागृति महिला समाजसेवी संगठन, लायंस क्लब फरीदाबाद डिवाइन, रेड क्रॉस सोसायटी फरीदाबाद के माध्यम से नगर निगम कार्यालय कॉन्फ्रेंस रूम में स्वास्थ्य एवम् रक्तदान शिविर का आयोजन कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ए मोना श्रीनिवासन निगम आयुक्त, विशिष्ट अतिथि डॉ गौरव अतिल अतिरिक्त निगम आयुक्त, गंगा शंकर मिश्र हरियाणा संपर्क प्रमुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ,विशिष्ट अतिथि डॉ प्रभजोत कौर एमओएच , रेड क्रॉस सचिव विजेंद्र सौरोत के द्वारा किया गया। जय सेवा फाउंडेशन के संस्थापक विमल खंडेलवाल ने आए हुए अतिथियों का दुपट्टा व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। निगम आयुक्त ने बताया कि जिस तरह से पर्यावरण और वातावरण प्रदूषित होते जा रहे हैं, लोगों में बीमारियों का खतरा भी बढ़ता जा रहा है। इनसे बचने के लिए सभी लोगों को हर छह महीने में अपने शरीर की सभी जांचें करानी चाहिए। इस ध्यान में रखते हुए। सभी निगम कर्मियों की स्वास्थ्य की जांच नियमित रूप से करवाई जानी चाहिए। आज सामाजिक संगठन जय सेवा फाउंडेशन एवं स्वास्थ्य विभाग व अमृता हॉस्पिटल की तरफ से निशुल्क विभिन्न प्रकार की शिविर में करवाई जा रही है। सभी नगर निगम कर्मियों को मिलकर अपने शहर को स्वच्छ रखना है।

स्वच्छता अभियान पखवाड़े में ज्यादा से ज्यादा आम जनमानस की भागीदारी के साथ में लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरुक करते हुए हम सभी को जगह-जगह पर यह अभियान चलाना है। आज निगम कर्मचारी के द्वारा रक्तदान शिविर में भी रक्तदान अजीत रावत ,सुशील चंडालिया ,सुरेंद्र कुमार ,रवि,राहुल व अन्य सभी को बहुत-बहुत बधाई प्रेषित करती हूं। जय सेवा फाउंडेशन के संस्थापक विमल खंडेलवाल ने बताया कि चिकित्सकों ने लोगों का ब्लड प्रेशर, शुगर व अन्य जांच की और साथ ही इस मौसम में स्वस्थ रहने के लिए क्या क्या सावधानियां बरतनी चाहिए इस बात की जानकारी भी दी। चिकित्सकों ने सुबह के समय व्यायाम करने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि इस मौसम में अक्सर लोगों को जोड़ों के दर्द की शिकायत रहती है, साथ ही तापमान कम या जायद होने के कारण शारीरिक कार्यशीलता भी धीमी पड़ जाती है। ऐसे में यदि सुबह व्यायाम से दिन की शुरुआत करेंगे तो पूरे दिन ठीक रहेंगे।

वीसी के जरिये फरीदाबाद जिला में कोपटा और ड्रग्स कन्ट्रोल के लिए किए गए प्रबंधों की समीक्षा

# शहर में प्रशासन द्वारा किये गये प्रबन्धो की प्रंशसा

**सीईओ ने की प्रशासनिक, पुलिस और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को कोटपा के नियमों की बेहतर पालना के क्रियान्वयन के लिए मंत्रणा**

सात्विक देव, भरोसा मित्र

**फरीदाबाद।** राष्ट्रीय बाल संरक्षण कमीशन ने वीसी के जरिये फरीदाबाद जिला में कोपटा और ड्रग्स कन्ट्रोल के लिए किए गए प्रबंधों की समीक्षा की। उन्होंने वीसी में फरीदाबाद में प्रशासन द्वारा किये गये प्रबन्धो की भूरी भूरी प्रशंसा की।समीक्षा वीसी के बाद सीइओ जिला परिषद आशिमा सांगवान ने बैठक में अधिकारियों को दिशा निर्देश भी दिए।सीईओ ने प्रशासनिक, पुलिस और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को कोटपा के नियमों की बेहतर पालना के क्रियान्वयन के लिए मंत्रणा भी की। बता दें कि डीसी विक्रम सिंह के कुशल मार्गदर्शन में कोपटा की कानूनी हिदायतों के अनुसार 5000 रुपये का जुर्माना तथा पांच साल तक जेल का प्रावधान किया गया है। सीइओ जिला परिषद आशिमा सांगवान ने अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि अब जिला में अवैध नशा बेचने वालों के खिलाफ तुरंत कार्यवाही गंभीरता से करें। उन्होंने प्रशासनिक, पुलिस और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों संग कोटपा के नियमों की बेहतर पालना के क्रियान्वयन के लिए मंत्रणा के साथ साथ समीक्षा भी की।

सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार शैक्षणिक संस्थान के बाहर अधिनियम अनुसार चेतावनी बोर्ड न होना, उस तम्बाकू उत्पाद को बनाना या बेचना जिस पर अधिनियम निर्माता के लिए दण्ड अनुसार चित्र सहित स्वास्थ्य चेतावनी न छपी हो तो अप्रैल 2016 प्रथम बार 2 वर्ष तक की कैद सजा भी सुनाई गई है। इसके बाद सभी तम्बाकू उत्पादों के पैकेट पर दोनों तरफ अधिनियम तथा /या 5000 रुपए तक जुर्माना अनुसार मुख्य भाग पर 85 प्रतिशत चित्र सहित स्वास्थ्य चेतावनी या दो से 5 वर्ष तक की कैद हो सकती है या 10 हजार रुपये तक जुर्माना शामिल है। वहीं खुली सिगरेट, बीड़ी अथवा अन्य तंबाकू उत्पाद बेचने पर विक्रेता को दण्ड प्रथम बार 1 वर्ष तक की कैद तथा/या 1000 रुपये तक जुर्माना शामिल है।इसी प्रकार 2 वर्ष तक की कैद हो सकती है। वहीं द्वितीय बार तथा तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम को नियमित रूप से न चलाने पर प्रावधान है। जुनाईल जस्टिस एक्ट (2015) (बाल न्याय अधिनियम- 2015 के अंतर्गत अव्याक को तंबाकू उत्पाद बेचने/पेश करने पर कार्यवाही करना। प्वाइजन एक्ट (विध अधिनियम) के अंतर्गत ई-सियेट व हुक्का बार पर कार्यवाही करना शामिल हैं। इसके अलावा मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत गाड़ी/वाहन चलाने पर में सिगरेट पीने पर कार्यवाही करना शामिल है। नशे की काला- बाजारी के अंतर्गत तंबाकू विक्रेताओं पर नकेल कसने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम- 2006 में शामिल है। कोटपा के तहत पुलिस विभाग लोगों चालान कर रही है। कोटपा के तहत सार्वजनिक केंद्र जो लोग इस नशे की आदत को छोड़ना चाहते हैं, उनके लिए यह बहुत मदद करेगा। मदद मांगने वालों के लिए नागरिक अस्पताल के कमरा नंबर 23 में एक काउंसलर उपलब्ध रहता है। ऐसे लोगों के लिए जल्द ही वर्निसिलिन जैसी दवाएं उपलब्ध कराई जा रही है । जरूरतमंदों विशेषकर जो युवा हैं और धूम्रपान छोड़ने के इच्छुक हैं। उन्हें टीसीसी को भेज सकते हैं। जहां एक ही छत के नीचे मानसिक और चिकित्सा सहायता उपलब्ध करवाई जा रही है। यह जिला को तंबाकू मुक्त बनाने की दिशा में एक छलांग है और स्वस्थ जीवन की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह बताना भी एक अमूल्य क्षण है। समीक्षा वीसी में एसीपी राजीव कुमार, जिला बाल संरक्षण अधिकारी गरिमा,डी सीओ सन्दीप गुलिया, डी सीओ पूजा चौधरी सहित अन्य प्रशासनिक तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी गण उपस्थित रहे।



### कोटपा के ये नियम हैं

जिला में धूम्रपान निषेध ऑफ का अधिनियम के तहत सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने हुए और सिगरेट की खुली बिक्री पर पूर्णतया प्रतिबंध है। यदि कोई ऐसा करता पाया जाता है तो उसके खिलाफ अनुसार आता अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। वहीं सिगरेट एवं अन्य तंबाकू प्रोडक्ट्स एक्ट (कोटपा) 2003 के तहत कैद /जुर्माना लगाने का प्रावधान है। सार्वजनिक स्थानों पर सिगरेट पीने पर और कोटपा के नियमों का उल्लंघन करने पर प्रति उल्लंघन 200 रुपये तक जुर्माने का प्रावधान है। वहीं नियमानुसार होटल, रेलवे स्टेशन, राजकीय, निजी कार्यालय, बस अड्डे, सिनेमा हॉल, विद्यालय, महाविद्यालय और विश्वविद्यालय सहित सभी सार्वजनिक स्थानों की सीमा के भीतर सार्वजनिक स्थान के स्वामी, प्रबंधक अथवा प्रभारी द्वारा धूम्रपान नही होने देना चाहिए। सार्वजनिक स्थान पर सही आकार व संख्या में अधिनियम अनुसार %धूम्रपान मुक्त क्षेत्र% के चेतावनी बोर्ड न लगाना, मुख्य द्वार पर लगे चेतावनी बोर्ड पर नोडल अफसर का नाम, फोन नंबर लिखा होना जरूरी है। सार्वजनिक स्थानों पर ऐश-ट्रे, लाइटर, माचिस इत्यादि धूम्रपान के प्रमाण पाए जाने पर तथा कू उत्पादों का प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष ढंग से बोर्ड लगाना और टीवी चैनल पर प्रचार प्रसार के लिए, प्रथम उल्लंघन करने पर 2 वर्ष के कारावास का प्रावधान किया गया है। किसी भी सार्वजनिक स्थान पर पैफलिट, स्टीकर होर्डिंग इत्यादि द्वारा विज्ञापन करने पर 1000 रुपए तक जुर्माना तम्बाकू उत्पादों का प्रचार अधिनियम में शामिल है।

# आत्म निर्भर भारत मिशन के लक्ष्य को पूरा करें अधिकारी : एडीसी

सात्विक देव, भरोसा मित्र



**फरीदाबाद।** एडीसी आनंद शर्मा की अध्यक्षता में बैंकिंग और अन्य व्यवस्थाओं बारे विस्तार पूर्वक मंत्रणा की। उन्होंने कहा कि जिला के सभी बैंक विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को समय पर ऋण उपलब्ध करवाएं। एडीसी आनंद शर्मा मंगलवार को दोपहर बाद लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार विभिन्न बैंकों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। एडीसी आनंद शर्मा ने निर्देश दिए हैं कि जो इस साल अंत तक ज्यादा से ज्यादा प्रार्थियों को सरकार की योजनाओं के अंतर्गत ऋण उपलब्ध करवा कर योजनाओं को लागू करे। ताकि आत्म निर्भर भारत मिशन के लक्ष्य को पूरा किया जा सके। जो बैंक अपने सभी लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर पाए हैं, वे सभी लक्ष्य पूरा कर लें और वे बैंकर्स अगली डीएलआरसी की बैठक से पहले सरकारी योजना को लागू नहीं करेंगे तो संबंधित बैंकों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। एडीसी आनंद शर्मा ने कहा कि जिला फरीदाबाद के लक्ष्यों के साथ-साथ सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं, एमएसएमई, लघु व्यवसाय, मुद्रा ऋण, स्टैंड अप इंडिया, एसएचजी के लिए महिलाओं के उत्थान और सशक्तिकरण के लक्ष्यों के बारे में ऋण अदायगी और रिकवरी बारे विस्तृत जानकारी जिला उपायुक्त कार्यालय या एलडीएम कार्यालय में जरूर करें। उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियो को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि सरकारी योजनाओं और परियोजनाओं के बैंकिंग प्रणाली प्लेट फार्म में बेहतर क्रियान्वयन के लिए आपसी तालमेल टारगेट निर्धारित समय पर पूरा करें।

# नारकीय जीवन जी रहे फरीदाबाद के बाशिंदे : कौशिक

**कांग्रेसी नेता ने सीवरेज के गंदे पानी से पीड़ित क्षेत्रों में जाकर सुना लोगों का दुखड़ा**

सात्विक देव, भरोसा मित्र



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के बाशिंदे इन दिनों ओवरफ्लो सीवरेज के गंदे पानी की निकासी न होने से खासे परेशान है। हालात यह है कि सड़कों के साथ-साथ लोगों के घरों में भी कई-कई फुट सीवरेज का गंदा पानी जमा होने से उनका जीवन नारकीय हो गया है, इसके बावजूद सत्ता में बैठे मंत्री, विधायक व पार्षद सहित अधिकारी पूरी तरह से मौन है। लोगों की समस्याओं को देखते हुए फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं पूर्व प्रदेश महासचिव बलजीत कौशिक ने अपने साथियों के साथ ओल्ड फरीदाबाद के पुरानी चुंगी सैय्यवाड़ा-गढी मोहल्ला सेक्टर-18 भीम बस्ती का दौरा किया, जहां के हालात बद से बदत्तर नजर आए। श्री कौशिक ने यहां लोगों के घरों में जाकर उनका दुखड़ा सुना तो लोगों ने उन्हें बताया कि वह काफी समय से इस समस्या से ग्रस्त है और आज तक किसी ने भी उनको राहत प्रदान नहीं की। हालात इतने बदत्तर है कि स्कूल जाने के लिए भी बच्चों को इस गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है, जिससे उन्हें त्वचा संबंधी रोग होने का भी डर बना रहता है। श्री कौशिक ने कहा कि भाजपा सरकार केवल पूंजीपतियों के हाथों की कठपुतली बनी हुई है, उसे गरीब व आम जनता की समस्याओं से कोई लेना देना नहीं है, इस बदबूदार माहौल में लोगों को भयंकर बीमारियां फैलने का अंदेशा बना हुआ है, लेकिन प्रशासन पूरी तरह से मौन है। श्री कौशिक ने कहा कि एक तरफ भाजपाई दो अक्तूबर को स्वच्छता अभियान चलाते है, लेकिन यह अभियान केवल दिखावा होता है क्योंकि एक दिन के बाद यह अभियान कूड़े के ढेर के नीचे दब जाता है।

उन्होंने कहा कि उपरोक्त मामला तो उदहरण मात्र है, फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के दौलताबाद, सीही, बुढैना, स्लम बस्तियों के साथ-साथ सेक्टरों में भी सीवरेज का पानी सड़कों पर बहता है, लेकिन सिवाए आश्वासन के नेता अधिकारी कुछ नहीं करवा पा रहे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में शहर में झाडू तक नहीं लग रही तो गंदगी कैसे साफ होगी। उन्होंने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर दस दिन के अंदर उक्त सीवरेज के गंदे पानी की निकासी नहीं करवाई गई तो भारी संख्या में लोग निगम मुख्यालय के समक्ष विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। इस मौके पर विनोद कौशिक, चेयरमैन विचार विभाग हरियाणा कांग्रेस, चमन, सचिन सैनी, बाबूराम नाई, रतन प्रधान, ऐदल आढ़ती, मुकेश सैनी पूर्व प्रधान सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

भाजपा के कार्यकारी सदस्य सूरजमान ने समर्थकों सहित थामा कांग्रेस का दामन

# भाजपा सरकार की नीतियों से हर वर्ग परेशान : भूपेन्द्र हुड्डा

सात्विक देव, भरोसा मित्र



**फरीदाबाद।** भाजपा के कार्यकारी सदस्य एवं पूर्व भाजयुमो जिलाध्यक्ष सूरजमान ने अपने सैकड़ों समर्थकों सहित कांग्रेस पार्टी का दामन थाम लिया। फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता लखन कुमार सिंगला के संयोजन में नई दिल्ली में पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष चौ. भूपेंद्र हुड्डा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान व राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने उन्हें कांग्रेस का पटका पहनाकर विधिवत रूप से पार्टी ज्वाइंन करवाई। इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा ने कहा कि आज पूरे देश में बदलाव की लहर चल रही है, हर वर्ग भाजपा की नीतियों से त्राहि-त्राहि कर रहा है और बदलाव का मन बना चुका है। उन्होंने कहा कि भाजपा को जिस विश्वास से जनता ने वोट देकर सत्ता सौंपी, वहीं जनता आज अपने आपको उपेक्षित महसूस कर रही है। इस मौके पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष चौ. उदयभान ने कहा कि भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार ने इस प्रदेश का बेडागर्क कर दिया है, आज गरीब और गरीब और अमीर और अमीर हो रहा है, बढ़ती महंगाई और भ्रष्टाचार से हर वर्ग परेशान है। उन्होंने कहा कि पिछले नौ सालों में जनता का विकास नहीं हुआ, लेकिन भाजपाईयों ने अपना विकास जरूर कर लिया है। विकास के नाम पर एक ईंट भी नहीं लगी। उन्होंने कहा कि जनता फिर से कांग्रेस शासनकाल को याद करने लगी है और आगामी चुनावों में देश सहित हरियाणा में फिर से कांग्रेस की सरकार बनाने का संकल्प ले चुकी है। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता लखन कुमार सिंगला ने कहा कि आज पूरे हरियाणा में कांग्रेस की आंधी चल रही है, हर व्यक्ति कांग्रेस की नीतियों में आस्था जता रहा है और फरीदाबाद में कांग्रेस संगठन निरंतर मजबूती की ओर अग्रसर है। इस अवसर पर ओमप्रकाश भूरा, प्रेमानंद शर्मा, आनंद, सतीश कुमार, गोविंद मल्होत्रा, बबलू बुखारपुर, भूपेश मलिक, दीपक दलाल, चांद सिंह, राजू भाटी, जगदीश गहलोत, हेमंत वर्मा, मोनू यादव, विजय, बिल्लू पहलवान, सुरेंद्र अग्रवाल, ओपी भाटी, विजय कुमार, बल्लू, संतलाल, सूरज ढेडा सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

### चोरी की बाइक सहित आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद ।** क्राइम ब्रांच ऊंचा गांव प्रभारी राकेश कुमार की टीम ने चोरी की मोटरसाइकिल सहित आरोपी को काबू किया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम गौरव उर्फ शाका है। आरोपी मूल रूप से राजस्थान के भरतपुर जिले के गांव रसिये का हाल में फरीदाबाद के तिगांव की कारीराम कॉलोनी का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी को गस्त के दौरान नीलम बाटा रोड पर स्थित आकाश होटल के सामने देखा तो आरोपी क्राइम ब्रांच टीम को देखकर भागने लगा था। जिसको क्राइम ब्रांच टीम ने तुरंत काबू कर लिया और आरोपी से मोटरसाइकिल के संबंध में दस्तावेज पेश करने की बात कही तो आरोपी ने बताया कि मोटरसाइकिल चोरी की है।

**कार्यक्रम** सेवा पखवाड़े के तहत भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा फरीदाबाद द्वारा चलाया गया स्वच्छता अभियान : रंजीत

# मोदी के नेतृत्व में देश मजबूती से आगे बढ़ रहा

सात्विक देव, भरोसा मित्र



**फरीदाबाद।** भारतीय जनता पार्टी पूरे देश में मोदी जी के जन्म दिवस (17 सितम्बर से 2 अक्टूबर) को सेवा पखवाड़े के रूप में मना रही है । इसी क्रम में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा फरीदाबाद ने देश के प्रधान सेवक नरेन्द्र मोदी से प्रेरणा लेते हुए और केन्द्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर व भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा के मार्गदर्शन में जिले की सभी 6 विधानसभाओं में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है और इसी क्रम में आज तिगांव विधानसभा की वीरों की भूमि तिगांव के रा.मा.सं. स्कूल के प्रांगण में स्थित प्रथम विश्वयुद्ध के शहीदों की याद में बने स्मारक जीतगढ़ पर स्वच्छता कर स्वच्छता अभियान चलाया गया और शहीदों को याद कर नमन किया । इस अवसर पर जिला अध्यक्ष लाजर रंजीत सेन ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश मजबूती से आगे बढ़ रहा है उसका कारण यही है कि नरेन्द्र मोदी देश हित में हर छोटे से छोटे बिंदु का ध्यान रखते हैं उसी अनुसार उन्होंने देश में स्वच्छता की पहल करते हुए स्वच्छ भारत मिशन की नई दिल्ली, राजपथ पर शुरूआत करते हुए 02 अक्टूबर 2014 को सभी देशवासियों से स्वच्छता रखने के लिए आहवान किया था और देश के लोगों ने उनका भरपूर समर्थन किया जिससे आज देश में स्वच्छता का स्तर बढ़ा है और जागरूकता आई है । भारतीय जनता पार्टी मोदी के जन्मदिवस को अब सेवा पखवाड़े के रूप में मनाती है और कई प्रकार के सेवा कार्य कार्यकर्ताओं के द्वारा किये जाते हैं । आज इस कर्मयज्ञ (स्वच्छता अभियान) में भाजपा तिगांव मंडल के अध्यक्ष गिर्राज त्यागी, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा फरीदाबाद जिला महामंत्री रेशम सिंह, जिला मीडिया प्रभारी देव जॉर्ज, अल्पसंख्यक मोर्चा तिगांव मंडल अध्यक्ष राम सिंह, शक्ति केन्द्र प्रमुख राजेन्द्र तहलान, विक्रम सरपंच, वेदप्रकाश सरपंच, दयानन्द नागर, करमवीर बौहरा, वीरपाल नागर, समाज सेवी चंद्रजीत कुमार, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला व मंडल के पदाधिकारियों ने श्रमदान किया ।

# लापता हुई महिला व 2 नाबालिग बच्चों को किया परिजनों के हवाले

सात्विक देव, भरोसा मित्र




**फरीदाबाद।** थाना सदर बल्लभगढ़ प्रभारी महेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में पुलिस चौकी आईएमटी की टीम ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत गुजरात के सूरत से महिला को दो नाबालिक बच्चों सहित बरामद करने का सराहनीय कार्य किया है। महिला अपने दो नाबालिग बच्चों के साथ बिना बताए घर से निकल गई थी। परिजनों द्वारा महिला की काफी तलाश की गई महिला के नहीं मिलने पर, महिला के परिजनों ने स्थानीय पुलिस चौकी में महिला और दो बच्चों के लापता होने के संबंध में सूचना दी थी। महिला 21 सितंबर को घर से निकल गई थी। पुलिस टीम के द्वारा अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से महिला का गुजरात के सूरत का पता चला। सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस चौकी इंचार्ज ने महिला बरामद के लिए एक टीम गठित कर गुजरात के लिए भेजा। वहां से महिला को बरामद कर फरीदाबाद लाया गया। महिला से परिजनों के सामने पूछताछ की गई जिसमें महिला ने बताया कि उसकी उसके पति के साथ अनबन हो गई थी जिसको लेकर वह अपने बच्चों के साथ अपनी रिश्तेदारी में गुजरात चली गई थी। महिला के परिजनों को सख्त हिदायत देते हुए महिला को परिजनों के हवाले किया।

## खबर फटाफट

### एनएसजी कमांडो पहुंचे शिवनगरी सोहना

**सोहना:** केन्द्र सरकार द्वारा आयोजित कार्यक्रम हमारी माटी-हमारा देश के तहत सोहना क्षेत्र के पांच चिन्हित जगह से माटी कलश में एकत्रित की गई। इसके अंतर्गत सोहना ब्लाक के आदर्श गांव लाखुवास के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, राजकीय माध्यमिक विद्यालय सांचोली, राजकीय माध्यमिक विद्यालय सोहनाढाणी, मॉडल संस्कृति स्कूल शहर सोहना और शहर सोहना में दमदमा रोड़ पर स्थित अमर शहीद कुंवरपाल सिंह तोमर की स्मारक स्थल पर जाकर कलश रूपी भण्डार में मिट्टी जमा की जोकि राष्ट्रीय शहीद स्मारक स्थल में निर्माण के दौरान उपयोग में लाई जाने वाली है। जिस दौरान सभी विद्यालय परिसर में अध्यापकों की गरिमामयी मौजूदगी में विद्यार्थियों ने भारत माता की जय के जयकारे लगाए और शहीद स्मारक पर कमांडिंग ऑफिसर इंद्रपाल सिंह, प्रोग्राम इंचार्ज नरेंद्र यादव, पीयूष दास ,अमित दास, दशरथ नजरिया, वेंकटेश , मनोज कुमार और मानेसर एनएसजी कैंप से आए कमांडो के साथ इस मौके पर पूरा वातावरण शहीदों के प्रति सदभाव और भारत माता की जयकार से ओतप्रोत रहा।

### नगर निगम की टीम पर हमला, तीन अधिकारी घायल

**पंचकूला :** खंड बरवाला के अंतर्गत पड़ने वाले गांव नग्गल मोगीनंद में अवैध निर्माण तोड़ने गई नगर निगम की टीम पर स्थानीय लोगों ने हमला कर दिया। हमले में नगर निगम की चार गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गईं। बिल्डिंग इंसपेक्टर संजीव कुमार, एपीओ मदन और जेई सुशील को चोट आई है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।बिल्डिंग इंसपेक्टर संजीव कुमार ने बताया कि सीएम विंडो पर एक शिकायत थी कि गांव नग्गल मोगीनंद में कुछ लोगों ने सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण कर रखा है। इसके बाद अब यह शिकायत लोकायुक्त में चल रही है। गांव नग्गल मोगीनंद की सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करने की शिकायत के बाद बुधवार को मौके पर निरीक्षण करने के लिए टीम पहुंची, तो वहां पर दो अवैध निर्माण हो रहे थे अवैध निर्माण को जब नगर निगम तोड़ने लगा, तो वहां लोग मौके पर पहुंच गए और समय देने की बात करने लगे। उन्होंने कहा कि यह जमीन हमारी है और उसी पर निर्माण किया है। वह जमीन के कागजात भी दिखाने की बात कह रहे थे। इसी बीच वहां पर लोगों की जमा हो गई। इसके बाद लोगों ने नगर निगम की टीम पर डंडे, पत्थर ईंट से हमला कर दिया।

### कांग्रेस हमेशा महिला आरक्षण की रही पक्षधर: बेदी

**सोहना :** सोहना विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी रहे तथा यूथ इंटक के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रोहताश बेदी ने केन्द्र सरकार से मांग की है कि लोकसभा में पारित किए गए महिला आरक्षण विधेयक को तत्काल प्रभाव से लागू कर वर्ष-2024 में होने वाले चुनाव पारित विधेयक के तहत कराए जाए। इसमें कोई किसी तरह की कानूनी अड़चन नही है लेकिन सरकार महिला आरक्षण विधेयक को जनगणना और परिसीमन प्रक्रिया की आड़ में लटकाने की चाल चल रही है। यदि ऐसा हुआ तो नारी समाज फिर से उपेक्षित रहेगा। उन्होने आरोप लगाया कि विधेयक के कुछ प्रावधानों को इस तरीके से तैयार किया गया है कि आरक्षण का लाभ अगले 15-16 वर्षों तक या बाद के कई चुनावों तक महिलाओं तक नहीं पहुंच पाएगा।

### गुमराह कर रही मोदी सरकार : अमित गुर्जर

**सोहना :** कांग्रेस पार्टी में ओबीसी सेल के प्रदेश उपाध्यक्ष अमित गुर्जर कोटा-बिस्सर ने भाजपा सरकार पर महिला आरक्षण बिल के नाम पर देश को गुमराह करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस समेत विपक्षी दलों के सहयोग से लोकसभा व राज्यसभा में महिला आरक्षण बिल पारित होने के बावजूद भाजपा सरकार अब इस बिल को तत्काल प्रभाव से लागू करने की बजाय तरह-तरह के बहाने लगाकर आगामी वर्ष-2024 में होने वाले चुनावों में इस बिल को लागू करने से बच रही है। उन्होंने केन्द्र सरकार से मांग की है कि लोकसभा में पारित किए गए महिला आरक्षण विधेयक को तत्काल प्रभाव से लागू कर वर्ष-2024 में होने वाले चुनाव पारित विधेयक के तहत कराए जाए। इसमें कोई किसी तरह की कानूनी अड़चन नहीं है महिला आरक्षण विधेयक को जनगणना और परिसीमन प्रक्रिया की आड़ में लटका रही है।

### पेंशन वितरण का कार्य हुआ प्रारंभ

**सोहना :** शहर में डाकघर के माध्यम से पात्र बुजुर्ग पेंशनधारकों में पेंशन वितरित करने का कार्य बुधवार से पूरे जोर-शोर से आरंभ हो गया है। डाकघर प्रभारी रूकमुदीन ने बताया कि नगरपरिषद के अंतर्गत 21 वार्डों के जिन पेंशनरों की वृद्धावस्था, विधवा, अपंग योजना के तहत पेंशन बनी हुई है और उनके पेंशन खाते आधारकार्ड तथा पैनकार्ड व मोबाइल नंबर से लिंक है, जिन के परिवार पहचानपत्रों की वेरिफिकेशन पूरी हो गई है।

## केबीसी में हिसार की पिंकी ने जीते छह लाख 40 हजार रुपये




**भरोसा मित्र**

**हिसार।** शो कौन बनेगा करोड़पति में चयन होने के बाद हॉट सीट पर पहुंची जिले के आदमपुर की बेटी व पिंकी गोयल ने छह लाख 40 हजार रुपये जीते हैं। बता दें कि केबीसी के इस 15वें सीजन में पहुंची इस बेटी ने आदमपुर के आदर्श हाई स्कूल से 10वीं तथा एफजीएम राजकीय महाविद्यालय से बीएससी की है। परिजनों के अनुसार पिंकी बचपन से ही कौन बनेगा करोड़पति शो देखती रही है। आदमपुर में माता-पिता के साथ शो देखा करती थी। शादी के बाद भी शो देखना नहीं छोड़ा। गांव छानी बड़ी निवासी किरोड़ीमल से शादी के बाद पिंकी गोयल कुछ सालों से हिसार के सेक्टर-14 में रह रही हैं। पिंकी की एक बेटी है और पति किरोड़ीमल प्राइवेट लाइफ इंश्योरेंस में काम करते हैं। अमिताभ बच्चन के द्वारा पूछे गए 12.50 लाख रुपए के 12वें सवाल का सही जवाब पता न होने के चलते पिंकी ने गेम को वहीं क्विट कर दिया। पिंकी को 11 सवालों के सही जवाब देने पर बॉलीवुड के महानायक ने अपने हाथ से छह लाख 40 हजार का चेक दिया। इस पर खुशी जताते हुए शो के बाद पिंकी ने कहा कि केबीसी की हॉट सीट पर बैठकर सदी के महानायक अमिताभ बच्चन से बात करना उनके जीवन का सबसे शानदार पल था।

# टोल फ्री कराने पहुंचे मुरथल के ग्रामीण, पुलिस ने खदेड़ा

**टोल प्रबंधन से आस-पास के 7 गांवों का टोल फ्री कराने की मांग कर रहे थे**



**भरोसा मित्र**

**सोनीपत।** सोनीपत में नेशनल हाईवे-44 स्थित भिगान टोल प्लाजा पर गांव मुरथल के ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया। ग्रामीणों ने उनसे टोल टैक्स वसूले जाने के विरोध में टोल प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने टोल फ्री कराने की मांग की।

इसके बाद वे नेशनल हाईवे पर टोल प्लाजा की लेन में बैठ गए। मौके पर पहुंचे एसीपी गोरखपाल राणा व थाना प्रभारी जसपाल सिंह ने उन्हें हाईवे से हटने को कहा लेकिन वह नहीं माने। पुलिस ने उन्हें जबरन उठा लिया। इस दौरान लाठियां भी भांजी गई। पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में भी लिया है।

बता दें कि इससे पहले मुरथल के ग्रामीणों ने 24 सितंबर को टोल प्रबंधन से आस-पास के 7 गांवों का टोल फ्री कराने की मांग की थी। जिस पर ग्रामीणों को 27 सितंबर को बुलाया गया था। ग्रामीण बुधवार को टोल पर पहुंच गए लेकिन वहां पर टोल प्रबंधन के अधिकारी नहीं होने पर ग्रामीणों ने नारेबाजी शुरू कर दी। पता लगते ही थाना प्रभारी जसपाल सिंह मौके पर पहुंच गए। उन्होंने लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह मांगों पर अड़े रहे। इसी बीच एसीपी गोरखपाल राणा भी मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने टोल के बीच में बैठकर जाम लगाने का प्रयास किया।

पुलिस की चेतावनी पर जब ग्रामीण नहीं माने तो पुलिस ने उन्हें जबरन उठाना शुरू कर दिया। इस दौरान पुलिस ने हल्का बल प्रयोग भी किया और लाठियां भांजकर ग्रामीणों को वहां से खदेड़ दिया गया। साथ ही कई लोगों को हिरासत में लिया गया है।

क्या कहती है पुलिस

इस संबंध में गन्नौर के एसीपी गोरखपाल राणा ने बताया कि ग्रामीणों ने जाम लगाने की कोशिश की तो उन्हें चेतावनी दी गई। जब वह नहीं माने तो उन्हें जबरन उठा दिया गया। कुछ लोग हिरासत में लिए गए है। नेशनल हाईवे को जाम कर लोगों को परेशान करने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा। अगर कोई दिक्कत है तो अधिकारियों को शिकायत देकर कार्रवाई कराएं।

## बेटे की मौत से दुखी दंपति ने निगल लिया जहर, मौत



**सोनीपत, भरोसा मित्र :** गांव बुटाना में बेटे की मौत होने के बाद से मानसिक रूप से परेशान चल रहे दंपती ने जहर निगल लिया। हालत बिगड़ने पर रोहतक पीजीआई में उन्हें भर्ती कराया गया। जहां उनकी मौत हो गई। बरोदा थाना पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंप दिया।

जानकारी के अनुसार गांव बुटाना जयभगवान और उनकी पत्नी सविता ने जहर निगल लिया था। जिससे उनकी हालत बिगड़ गई थी। दोनों घर पर अकेले रहते थे। उनके इकलौते बेटे का साढ़े तीन साल हादसे में निधन हो गया था। उन्होंने अपनी दो बेटियों की शादी कर दी है। बेटे की मौत के बाद से दंपती मानसिक रूप से परेशान रहने लगा था।

परिजनों का कहना है कि उनसे यह दुख सहा नहीं जा रहा था।इसी के चलते ही उन्होंने जहर निगल लिया था। उनकी हालत बिगड़ी देखी तो तुरंत रोहतक पीजीआई में भर्ती कराया, जहां उनकी मौत हो गई।

## अब विधानसभा चुनाव तक इनेलो की निकलेगी परिवर्तन रथयात्रा



**प्रमुख पदाधिकारियों को कार्यकर्ताओं से बातचीत कर रथयात्रा का रूट प्लान तैयार करने के निर्देश दिए**

**भरोसा मित्र**


**चंडीगढ़।** इंडियन नेशनल लोकदल के प्रधान महासचिव अभय चौटाला ने घोषणा की है कि अब पूरे प्रदेश में वह परिवर्तन रथयात्रा निकालेंगे।

बता दें कि ताऊ देवीलाल के 110वें जयंती समारोह तक राज्य में वह परिवर्तन पदयात्रा निकाल चुके हैं अब परिवर्तन रथयात्रा विधानसभा चुनाव तक चलेगी। इस रथयात्रा के माध्यम से इनेलो राज्य के सभी 90 शहरी व ग्रामीण विधानसभा क्षेत्रों में पहुंचेगा। एक दिन में उनकी 15 से 20 गांव कवर करने की योजना है। रथयात्रा के रूट प्लान में यदि कोई शहर और कस्बा भी आएगा तो उसे भी कवर किया जाएगा। समय-समय पर इनेलो प्रमुख ओमप्रकाश चौटाला भी इस रथयात्रा का हिस्सा बनेंगे।इनेलो के प्रधान महासचिव अभय चौटाला ने पार्टी के प्रमुख पदाधिकारियों को कार्यकर्ताओं से बातचीत कर रथयात्रा का रूट प्लान तैयार करने के निर्देश दे दिए हैं। यह रथयात्रा 15 अक्टूबर से आरंभ होगी।

चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत करते हुए अभय चौटाला ने कहा कि परिवर्तन पदयात्रा के दौरान लोगों ने अपनी समस्याएं व शिकायतें बताई, जिन्हें विधानसभा में पूरी मजबूती के साथ उठाया गया।

## दो दिनों में होगी मानसून की विदाई

**आने वाले दिनों में मौसम साफ रहेगा, जिससे किसानों को राहत मिलेगी**



**भरोसा मित्र**

**चंडीगढ़।** प्रदेश के कई जिलों में बीते दिन बारिश होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली।

मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि अब प्रदेश में पूरी तरह से मानसून की विदाई हो जाएगी। यह समय दूर नहीं अगले दो दिनों में प्रदेश से मानसून विदाई ले लेगा। कई जिलों में दो दिन पहले बारिश हुई, लेकिन अब इसका दौर निकल गया है। अब यही कारण माना जा रहा है कि पिछले दिनों बरसात का दौर बना था।

विशेषज्ञों के अनुसार कुछ जिलों में हल्की से मध्यम बरसात भी हुई। इसका असर फसलों पर पड़ा। टोहाना क्षेत्र में किसानों ने कुछ समय पहले ही सिंचाई की थी ऐसे में फसल जमीन पर भी बिछ गई। इसके अलावा नरमा की चुगाई न होने के कारण फसल जमीन पर गिर गई थी। राहत की बात है कि आने वाले दिनों में मौसम साफ रहेगा। जिससे किसानों को राहत मिली है।

फतेहाबाद जिले में इस साल मानसून की बरसात का जिक्र करे तो जिला सूखा ही रहा है। इस बार 44 प्रतिशत मानसून की कम बरसात हुई है। इसका सीधा असर फसलों पर देखने को मिला है। मौसम विभाग ने जो आंकड़े जारी किए है उसमें साफ नजर आ रहा है कि कई साल बाद ऐसा मौका आया है कि बरसात कम हुई है।पिछले साल जिले में अच्छी बरसात हुई थी। यही कारण था कि इस बार 20 हजार हेक्टेयर धान का रकबा बढ़ गया था।

## पुलिस के चतुर्थ श्रेणी कर्मियों के बच्चों को मिलेगा रोजगार

**ऐसे बच्चो को शैक्षणिक योग्यता के आधार पर प्रशिक्षित किया जाएगा, ताकि उनमें कौशल विकास करते हुए उन्हें रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाए जा सकें**



**भरोसा मित्र**

**चंडीगढ़।** हरियाणा पुलिस में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी तथा 50 वर्ष से अधिक आयु के कर्मचारियों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए वेलफेयर विंग ने कार्ययोजना तैयार की गई है।

इसके तहत जरूरतमंद पुलिसकर्मियों को सूचीबद्ध करते हुए उनके परिवार के सदस्यों को रोजगार दिलाने में मदद की जाएगी। प्रथम चरण में ऐसे 149 कर्मचारियों को सूचीबद्ध किया गया है जिनके बच्चों को पुलिस विभाग द्वारा कौशल विकास संबंधी प्रशिक्षण देते हुए उन्हें रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाए जाएंगे।

बता दें इस बारे में पिछले दिनों के पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने निर्देश दिए थे। शत्रुजीत कपूर ने बताया कि पुलिसकर्मियों को अलग-अलग श्रेणियों में विभाजित करते हुए उनकी सूची तैयार की गई है। इनमें चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी, अनुबंध आधारित तथा 50 वर्ष से अधिक आयु के पुलिसकर्मी शामिल हैं।

बताया गया कि इनमें से जिन कर्मचारियों के बच्चे बेरोजगार हैं, उन्हें शैक्षणिक योग्यता के आधार पर प्रशिक्षित किया जाएगा, ताकि उनमें कौशल विकास करते हुए उन्हें रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाए जा सकें।

शत्रुजीत कपूर ने इस संबंध में बताया कि इन सभी बच्चों को दिए जाने वाले प्रशिक्षण का पूरा खर्च पुलिस विभाग द्वारा वहन किया जाएगा। बच्चों की शैक्षणिक योग्यता के आधार पर कोर्स को डिजाइन किया गया है ताकि वे अपनी रूचि के अनुरूप इनका चयन कर सके।

पुलिस महानिदेशक के अनुसार प्रशिक्षण कार्यक्रम का माड्यूल लगभग तैयार किया जा चुका है और जल्दी ही प्रशिक्षण कार्यक्रमों को शुरू किया जाएगा।

शत्रुजीत कपूर ने बताया कि इन बच्चों को प्रशिक्षित करने के लिए विभिन्न संस्थाओं से तालमेल स्थापित किया गया है। सूचीबद्ध किए गए बच्चों के लिए ड्राइविंग स्कूल में प्रशिक्षण दिलवाने, कंप्यूटर की शिक्षा दिलवाने तथा सिक्योरिटी गार्ड सहित अन्य कोर्स करवाने को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार हुए हैं।उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग के जो कर्मचारी 50 वर्ष से अधिक आयु के हैं और उनके बच्चे किसी कारणवश बेरोजगार रह गए हैं, ऐसे बच्चों को उनकी योग्यता के अनुरूप रोजगार दिलवाने के लिए प्रयास आगे भी तेज किए जाएंगे।

## धान का भाव 225 रुपये प्रति क्विंटल ज्यादा मिला

**कंबाइन की कटाई वाले धान के भाव 3450 रुपये तो हाथ की कटाई वाले धान के 3675 रुपये प्रति क्विंटल भाव**



**भरोसा मित्र**

**कैथल।** मंडी पहुंचने किसानों के लिए खुशी का ठिकाना नहीं रहा जब उन्होंने देखा कि सरकारी भाव पर पीआर धान को सरकार की खरीद एजेंसियां खरीद रही हैं। सरकारी भाव 2203 रुपये प्रति क्विंटल है, जबकि इससे 200 रुपये ज्यादा भाव पर प्राइवेट खरीदार पीआर धान को खरीद रहे हैं। बुधवार को नई अनाज मंडी में चार हजार 150 क्विंटल धान हैफेड खरीद एजेंसी ने खरीद चुका है।

बुधवार को मंडियों में हैफेड एजेंसी की खरीद का दिन था। प्राइवेट खरीदारों ने 2400 रुपये प्रति क्विंटल भाव पर यह धान खरीदा है। साथ ही,1509 धान के भी भाव बढ़ गए हैं। कंबाइन की कटाई वाले धान के भाव 3450 रुपये तो हाथ की कटाई वाले धान के 3675 रुपये प्रति क्विंटल भाव किसानों को मिले हैं।

भाव में आई तेजी से किसानों ने खुशी जाहिर की है। किसानों का कहना है कि पिछले साल की अपेक्षा इस बार धान के भाव में तेजी है। पिछले साल 2800 से 3000 रुपये प्रति क्विंटल ही भाव मिले थे।

पीआर धान भी सरकारी भाव से कम दाम मिले थे। इस बार अच्छे दाम मिलने से किसानों को फायदा हो रहा है।

नई अनाज मंडी एसोसिएशन के पूर्व चेयरमैन धर्मपाल कठवाड़, नई अनाज मंडी एसोसिएशन के प्रधान रामकुमार गर्ग ने संतोष जाहिर करते हुए कि पिछले साल की अपेक्षा इस बार धान के भाव में तेजी है। शुरूआत से ही अच्छे भाव मिल रहे हैं। उन्होंने बताया कि अब मौसम साफ होने पर आवक बढ़ी है। 1509 धान के इससे भी ज्यादा भाव मिलने की उम्मीद है। नई अनाज मंडी के साथ-साथ अतिरिक्त अनाज मंडी में भी अब धान की आवक होने लगी है।

## बीरेंद्र सिंह के नेतृत्व में साइकिल यात्रा निकाली

**जींद में 2 अक्टूबर को होने वाली रैली का किया प्रचार,कैथल से होते हुई हिसार के बिठमड़ गांव में पहुंची**



**भरोसा मित्र**

**हिसार।** चौः बीरेंद्र सिंह के नेतृत्व में 2 अक्तूबर को जीन्द में होने वाली मेरी आवाज सुनो रैली की सफलता व प्रचार प्रसार के लिए सांसद बृजेन्द्र सिंह की अगुवाई में मोटरसाइकिल यात्रा निकाली गई।

बता दें कि इस मोटर साईकिल यात्रा का शुभ आरम्भ कलायत विधानसभा से किया गया। नरवाना विधानसभा से होती हुई यह यात्रा हिसार जिले के बिठमड़ गांव में पहुंची।

सैंकड़ों की तादाद में मोटर साइकिलों पर सवार नवयुवक लोगों को 2 अक्टूबर को जीन्द पहुंचने का आह्वान कर रहे हैं। यह मोटरसाइकिल यात्रा बिठमड़ से बरवाला, बधावड,खरक पूनिया ,मतलोडा, बनभोरी, छान सन्दलाना होती हुई उचाना पहूंचेगी।

रैली आयोजक उदयवीर सिंह पुनिया व संयोजक विजय कौशिक ने बताया कि रेली के प्रति लोगों मे भारी उत्साह है।

उन्होंने बताया कि इस रैली मे एक लाख लोगों के पहुंचने की सम्भावना है।

युवा शक्ति बदलाव की ओर संगठन के अध्यक्ष अशोक सिवाच ने बताया कि रैली के प्रति युवाओं मे भारी जोश है। आज की यात्रा का आयोजन युवा शक्ति के युवाओं ने किया है।उन्होंने बताया कि कल भी यह यात्रा जारी रहेगी। जींद में 2 अक्टूबर को होने वाली रैली में वीरेंद्र सिंह द्वारा बड़ी घोषणा किए जाने के कयास लगाए जा रहे हैं।

**कमर कसी** | चुनाव 2024 को लेकर भाजपा का रोहतक में होगा मंथन

# धनखड़ ने 5 अक्टूबर को बुलाई सभी मोर्चों, प्रकोष्ठों व विभागों के प्रमुखों की बैठक

**2 अक्टूबर को स्वच्छता अभियान के लिए भी बनाया मेगा प्लान**

**एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र**

गुरुग्राम। भारतीय जनता पार्टी चुनाव-2024 को लेकर रोहतक में मंथन करेगी। हरियाणा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखे ने सभी मोर्चों, प्रकोष्ठों और विभागों के प्रमुखों की बैठक 5 अक्टूबर को रोहतक में बुलाई है। यह निर्णय बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ की अध्यक्षता में मंगलवार को गुरुग्राम स्थित पार्टी के प्रदेश कार्यालय में देर सायं तक चली छोटी टोली की बैठक में लिया गया। रोहतक में होने वाली बैठक मिशन 2024 को लेकर काफी अहम रहने वाली है जिसमें आगामी एक साल का रोडमैप तैयार किया जाएगा।

बैठक की शुरूआत में ही सभी नेताओं ने ''नारी शक्ति वंदन'' अधिनियम पास किए जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार भी व्यक्त किया।

छोटी टोली की इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष धनखड़ और प्रदेश प्रभारी बिप्लब देब ने अब तक हुए संगनात्मक तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे सेवा पखवाड़े के निमित किए गए कार्यों की समीक्षा की। बैठक में संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा और प्रदेश महामंत्री वेदपाल एडवोकेट, पवन सैनी, मोहन लाल बड़ौली भी उपस्थित रहे। तीन घंटों तक चली बैठक में तीनों महामंत्रियों ने सेवा पखवाड़ा के आगामी कार्यक्रमों को कैसे आयोजित किया जाए विषय पर प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश प्रभारी को जानकारी दी। प्रदेश अध्यक्ष और



प्रदेश प्रभारी ने भी सेवा पखवाड़ा के दौरान अब तक हुए सेवा कार्यों पर संतुष्टि जताई और विश्वास जताया कि आगामी कार्यक्रम भी सफलतापूर्वक सम्पूर्ण किए जाएंगे। बैठक में आगामी योजनाओं का प्रारूप भी तैयार किया गया।

बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखे ने बताया कि आज की बैठक में आगामी संगठनात्मक योजनाओं और कई मुद्दों पर चर्चा हुई है। सेवा पखवाड़ा के कुछ कार्यक्रम हो गए हैं और अभी बस्ती संपर्क अभियान का कार्यक्रम बचा हुआ है। सभी कार्यकर्ता दो अक्टूबर तक अनुसूचित जातिवर्ग की बस्तियों में जाएंगे और एक-एक घंटा का समय देंगे। दो अक्टूबर गांधी जयंती पर पूरे प्रदेश में स्वच्छता अभियान चलेगा। इस दिन ग्रामीण देव स्थानों व शहीदों की प्रतिमाओं पर विशेष तौर पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा।

इंडी अलाइंस गठबंधन पर पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल पर प्रदेश अध्यक्ष धनखड़ ने कहा कि यह गठबंधन बिखराव पर है।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान के माफी मांगने के सवाल पर धनखड़ ने कहा कि उनको सद्बुद्धि आई अच्छी बात है। अब तक उदयभान सीना जोरी दिखा रहे थे, इससे उनकी ही छवि खराब हो रही थी। पत्रकार द्वारा

**उदयभान के माफी मांगने पर कहा: उन्हें सदबुद्धि आई, यह अच्छी बात है, अन्यथा छवि हो रही थी खराब**

अभय चौटाला के बयान का हवाला देते हुए पूछे गए एक सवाल का जवाब देते हुए ओम प्रकाश धनखड़ ने कहा कि राजनीति में किसी का घमंड नहीं चलता और अभय चौटाला से ज्यादा इस बात को कौन जान सकता है।

उल्लेखनीय है कि 25 सितम्बर की रैली में इनेलो नेता अभय चौटाला ने कहा था कि ''हरियाणा का आदमी खुद्दार होता है और जो घमंड करता है उसे चूर-चूर कर देता है''। ओम प्रकाश धनखड़ इसी का जवाब दे रहे थे।

प्रकाशक एवं मुद्रक सुमित सैनी द्वारा भरोसा फाउंडेशन के लिए 401, नारकंडा अपार्टमेंट, सेक्टर 31 गुरुग्राम (हरियाणा) से प्रकाशित एवं दैनिक भास्कर प्रैस खिजूरी 82.5 किलोमीटर माइलस्टोन, दिल्ली-जयपुर नेशनल हाईवे नंबर 48, नियर श्री तिरूपति जी फिलिंग स्टेशन रेवाड़ी हरियाणा से मुद्रित। फोन नंबर- 0124 4257131, ई-मेल dainikbharosa@gmail.com अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी एक्ट केअंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद गुरुग्राम न्यायालय के अधीन ही होंगे।